





# जन एक्सप्रेस

लखनऊ

वर्ष: 15 | अंक: 200

मूल्य: ₹3.00/-

पेज : 12+1 (वेब संस्करण)

@janexpressnews  janexpresslive  janexpresslive  www.janexpresslive.com/epaper

शनिवार | 04 मई, 2024


राहुल गांधी ने रायबरेली से नामांकन किया, सोनिया-प्रियंका मौजूद रहीं, प्रियंका बोलीं, हम सेवा की राजनीति वापस चाहते हैं

# रायबरेली से चुनाव लड़ेंगे राहुल गांधी

- नामांकन से पहले राहुल ने परिवार के साथ कांग्रेस कार्यालय में पूजा की
- मेरी मां ने बड़े भरोसे के साथ परिवार की कर्मभूमि सौंपी: राहुल गांधी
- गांधी परिवार जहां से हारता है, वहां दोबारा नहीं जाता है: गिरिराज सिंह

जन एक्सप्रेस। रायबरेली/अमेठी

राहुल गांधी ने रायबरेली से नामांकन कर दिया है। उनके साथ सोनिया गांधी, बहन प्रियंका गांधी, जीजा रॉबर्ट वाड्रा मौजूद रहे। किशोरी लाल शर्मा ने भी अमेठी से नॉमिनेशन कर दिया है। कांग्रेस ने नॉमिनेशन के आखिरी दिन रायबरेली से राहुल और अमेठी से किशोरी लाल के नाम का ऐलान किया। किशोरी सोनिया गांधी के भरोसेमंद माने जाते हैं। शुक्रवार सुबह 9 बजे राहुल परिवार के साथ दिल्ली से रायबरेली के लिए रवाना हुए। साढ़े 10 बजे अमेठी-रायबरेली बॉर्डर पर स्थित फुरसतगंज एयरपोर्ट पर उतरे। एयरपोर्ट से सोनिया, राहुल और रॉबर्ट वाड्रा रायबरेली कांग्रेस कार्यालय पहुंचे, जबकि प्रियंका और राजस्थान के पूर्व सीएम अशोक गहलोत अमेठी गए। यहां किशोरी लाल के साथ रोड शो किया। प्रियंका ने कहा- हम अमेठी में एक बार फिर सच्चाई और सेवा की राजनीति वापस लाना चाहते हैं। अब मौका आ गया है। ये आपका चुनाव है, आप लड़ेंगे, आप जिताएंगे।



### राहुल गांधी के पास 20 करोड़ से ज्यादा की संपत्ति

कांग्रेस प्रत्याशी राहुल गांधी के आगे भाजपा के प्रत्याशी और प्रदेश के मंत्री दिनेश प्रताप सिंह की हैसियत बहुत कम है। राहुल गांधी के पास 20.29 करोड़ की चल-अचल संपत्ति है तो दिनेश की हैसियत 4.51 करोड़ है। यह दीगर बात है कि दिनेश की हैसियत पांच साल में 1.55 करोड़ बढ़ी है। 2019 में उनकी हैसियत 2.96 करोड़ थी। उनके नाम पिस्टल, रायफल हैं। 2019 में दिनेश के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन, सड़क जाम समेत तीन मुकदमे विचाराधीन थे, लेकिन वर्तमान में एक भी मामला नहीं है। दो लग्जरी गाड़ियों में अब एक ही बची है।

### रायबरेली सीट का अस्तित्व

सबसे पहले बात पहले लोकसभा चुनाव की कर लेते हैं। साल 1951-52 में हुए पहले लोकसभा चुनाव में रायबरेली और प्रतापगढ़ जिलों को मिलाकर एक लोकसभा सीट थी। उस चुनाव में यहां से इंदिरा गांधी के पति फिरोज गांधी कांग्रेस के टिकट पर लड़े और जीते थे। 1957 में रायबरेली सीट अस्तित्व में आई तो यहां से एक बार फिर फिरोज गांधी सांसद बने। इंदिरा और फिरोज गांधी का विवाह 26 मार्च 1942 को हुआ था। पत्रकार से नेता बने फिरोज गांधी अक्सर संसद में अपने ससुर और तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू सराकर की आलोचना के लिए जाने जाते थे।

### 2014 और 2019 में भी इस सीट पर जीती कांग्रेस

इसके बाद 2014 में भी इस सीट से सोनिया गांधी को प्रचंड जीत मिली। इस बार उन्होंने भाजपा के अजय अग्रवाल को 3,52,713 वोटों से करारी शिकस्त दी। वहीं, पिछले चुनाव यानी 2019 में कांग्रेस ने जीत दर्ज की लेकिन इस बार जीत का अंतर कम हो गया। इस चुनाव में सोनिया गांधी को 5,33,687 वोट जबकि भाजपा की तरफ से उतरे दिनेश प्रताप सिंह को 3,65,839 वोट मिले। इस तरह से 2019 में सोनिया 1,67,848 वोटों से अपनी सीट बरकरार रखने में कामयाब हुईं।

### कांग्रेस प्रत्याशी राहुल गांधी की वर्तमान में हैसियत

| | |
|---|---|
| 55,000 नगद धनराशि | 26,25,157 बैंक में जमा |
| 4,33,60,519 शेयर व एनसीडी | 3,81,33,572 म्युचुअल फंड |
| 15,21,740 गोल्ड बांड | 61,52,426 पीपीएफ खाते में |
| 4,20,850 सोने चांदी के जेवर | 11,15,02,598 कुल प्रापर्टी |
| 49,79,184 देनदारी | 20,29,00,000 कुल हैसियत (लगभग) |

वाहन नहीं है

### कार्यालय में की पूजा



नामांकन से पहले राहुल गांधी ने कांग्रेस कार्यालय में पूजा की। इसके बाद काफिले के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे और नामांकन दाखिल किया। भाजपा ने रायबरेली से योगी सरकार में मंत्री दिनेश प्रताप सिंह को टिकट दिया है, जबकि अमेठी से स्मृति ईरानी लड़ रही हैं। अमेठी से दावेदारी छोड़ने पर यूपी के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने राहुल पर तंज कसा। उन्होंने कहा-राहुल अमेठी से पलायन करके वायनाड गए। रायबरेली की जनता समझ चुकी है, ये रणछोड़ दास लोग हैं। वहीं, पूर्व केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा-गांधी परिवार जहां से हारता है, वहां दोबारा नहीं जाता है।

### 'चुनाव तो औपचारिकता, जनता पहले ही मन बना लेती है'

किशोरी लाल शर्मा ने कहा- अमेठी का रण जनता के हाथ में है। वो किसे जिताएगी और किसे हराएगी। हमारा संगठन यहां पहले से काम कर रहा है। हम उसी के बल पर चुनाव लड़ेंगे और जीतेंगे। चुनाव तो औपचारिकता है। जनता बहुत पहले ही मन बना लेती है कि पहले जिसे मतदान दिया गया था वो सही था या गलत।

### कांग्रेस अमेठी से हार स्वीकार कर चुकी: स्मृति ईरानी

केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा- मेहमानों का स्वागत है। हम लोग अतिथियों के स्वागत में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। अमेठी से गांधी परिवार का न लड़ना, इस बात का संकेत है कि कांग्रेस पार्टी चुनाव में वोट पड़ने से पहले ही अमेठी से अपनी हार स्वीकार कर चुकी है। अगर उन्हें लगता कि यहां जीत की कोई भी गुंजाइश हो, तो वे यहां से लड़ते।

### राहुल डर गए, उन्हें अमेठी से लड़ना चाहिए था: प्रमोद कृष्णम

पूर्व कांग्रेस नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा- राहुल को अमेठी लड़ना चाहिए था। अमेठी से भागने से कांग्रेस के कार्यकर्ताओं और पूरे देश में ये संदेश जाएगा कि जो आदमी रोज पीएम नरेंद्र मोदी को चुनौती देता था, रोज अपने कांग्रेस कार्यकर्ताओं और देश की जनता से कहता था कि डरो मत, वो खुद डर गया। मुझे लगता है कि ये कांग्रेस का दुर्भाग्य है।

### रायबरेली विरासत नहीं, जिम्मेदारी है: जयराम रमेश

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने ङ्ग पर लिखा कहा- राहुल गांधी राजनीति और शतरंज के मंजे खिलाड़ी हैं। सोच समझ कर दांव चलते हैं। ऐसा निर्णय पार्टी के नेतृत्व ने बहुत विचार विमर्श करके बड़ी रणनीति के तहत लिया है। इस निर्णय से ख्क्क उनके समर्थक और चापलूस धराशाई हो गए हैं। उनको समझ नहीं आ रहा अब क्या करें? रायबरेली सिर्फ सोनिया गांधी की नहीं, खुद इंदिरा गांधी की सीट रही है। यह विरासत नहीं जिम्मेदारी है, कर्तव्य है।

### ये आपका चुनाव है, आप लड़ेंगे, आप जिताएंगे: प्रियंका

प्रियंका ने कहा- हम अमेठी में एक बार फिर सच्चाई और सेवा की राजनीति वापस लाना चाहते हैं। हम जनता के बल पर चुनाव लड़ेंगे। अब मौका आ गया है कि हम सब इस पूरे देश में एक संदेश दें कि हम सेवा की राजनीति वापस चाहते हैं। ये आपका चुनाव है, आप लड़ेंगे, आप जिताएंगे। प्रियंका गांधी और अशोक गहलोत किशोरी लाल के नामांकन में शामिल होने के लिए अमेठी पहुंचे हैं। प्रियंका ने कहा- मुझे रायबरेली में भैया (राहुल) के नामांकन में शामिल होना है, इसलिए मैं थोड़ी जल्दी में हूं। किशोरी लाल अमेठी से चुनाव लड़ रहे हैं। आप इन्हें पिछले 40 साल से जानते हैं। वह अमेठी के मुद्दों से अच्छी तरह से जानते हैं। किशोरी लाल शर्मा को आप जीत दिलाएंगे।

### राहुल वायनाड से हार रहे, इसलिए रायबरेली आ गए: मोहन

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा- पिछली बार राहुल गांधी अमेठी से हार कर केरल की तरफ भागे थे। अब वायनाड से हार की आशंका देखते हुए रायबरेली आ गए। उत्तर प्रदेश का माहौल मोदीमय हो चुका है। हम पुराना रिकॉर्ड भी तोड़ने जा रहे हैं। रायबरेली की जनता भी राहुल गांधी इंतजार कर रही है कि कांग्रेस ने पीएम मोदी के बारे में जो भी हल्की बातें कही हैं, उसका हिसाब उन्हें देना पड़ेगा

# पाकिस्तान के पूर्व मंत्री राहुल गांधी की तारीफ कर रहे, यही इनका असली चेहरा: सीएम योगी

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संभल लोकसभा में आयोजित जनसभा को किया संबोधित
- बोले, राहुल चुनाव शुरू होते ही करते हैं गठबंधन और खत्म होते ही भाग जाते हैं इटली
- सीएम बोले, संकट के समय राहुल को याद नहीं आता भारत और यहां की जनता

जन एक्सप्रेस । संभल

इंडी गठबंधन देश के हित का नहीं बल्कि स्वार्थ का गठबंधन है। देश में राहुल गांधी की कोई तारीफ नहीं करता है, लेकिन पाकिस्तान के पूर्व मंत्री फवाद चौधरी कर रहे हैं। यह इनका असली चेहरा है। यही नहीं देश में जब भी संकट आएगा तो सबसे पहले राहुल इटली भाग जाएंगे। इस दौरान उन्हे भारत और यहां की जनता को याद नहीं आएगी है। वहीं जब चुनाव आते हैं तो इन्हे रामलला याद आते हैं और उत्तर प्रदेश आ धमकते हैं। राहुल चुनाव शुरू होते ही चुनावी गठबंधन करते हैं और चुनाव खत्म होते ही भाग जाते हैं। यह इनकी फितरत है। यह 5 वर्ष दिखायी नहीं देंगे।



### जातीय जनगणना कराकर जातीय समूह में बांटना चाहता है इंडी गठबंधन

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस और सपा का इंडी गठबंधन पिछड़ी जाति के आरक्षण को काट करके अल्पसंख्यकों को देनी की बात कहता है जबकि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर धर्म के आधार पर आरक्षण के खिलाफ थे क्योंकि धर्म के आधार पर आरक्षण भारत के विभाजन का आधार बनेगा। यह स्वतंत्र भारत धर्म के आधार पर आरक्षण स्वीकार नहीं कर सकता। वहीं कांग्रेस और सपा देश का फिर से विभाजन चाहती है। वह यह जातीय जनगणना कराकर जातीय समूह में बांटकर और लड़ाकर करना चाहती है। हम आरक्षण में सेंध लगाकर किसी भी दल को ऐसा होने नहीं देंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में हर नागरिक, परिवार के लोगों को जाति-मजहब और भाषा से ऊपर योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। यही वजह है कि पूरा देश एक स्वर में एक बार फिर से मोदी सरकार का नारा लगा रही है। वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहती है। आज वाराणसी में काशी विश्वनाथ धाम और अयोध्या में भगवान राम का भव्य मंदिर बनाकर तैयार है। ऐसे ही संभल में मां केला देवी के मंदिर और धाम के विकास के लिए सरकार काम कर रही है।

### संभल की इकोनॉमी की बैकबोन बनेगा गंगा एक्सप्रेस-वे

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वर्ष 2014 से पहले देश की सीमाएं सुरक्षित नहीं थी। देश में आतंकवाद और नक्सलवाद सर चढ़कर बोल रहा था। इतना ही नहीं देश में विकास कार्य ठप थे और भ्रष्टाचार चरम पर था। देश की गरीब जनता को सुविधाएं नहीं मिल रही थी। वहीं 2014 के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले दस वर्षों में दुनिया में देश का सम्मान बढ़ा है। ऐसे में भारत के विकास को नया स्वरुप देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बननी चाहिये। सीएम योगी ने कहा कि संभल से निकलने वाला गंगा एक्सप्रेस-वे यहां की अर्थव्यवस्था को कई गुना बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# लखनऊ, गाजियाबाद और नोएडा को वित्तीय शहरों के रूप में विकसित करेगी योगी सरकार

## दक्षिण एशिया में पसंदीदा निवेश स्थल के रूप में स्थापित करने के लिए प्रदेश सरकार की पहल

- ऐसा करने के लिए, यूपी विशिष्ट शहरों/टाउनशिप, वित्तीय शहर, मेडी-सिटी, शिक्षा-सिटी, फिल्म सिटी आदि विकसित करने के लिए निजी क्षेत्र की कंपनियों के साथ साझेदारी करेगा
- गोरखपुर, आगरा, लखनऊ, कानपुर, बरेली और चित्रकूट जिलों में मेडी-सिटी की योजना बनाई गई है
- इसी तरह, गोरखपुर, गाजियाबाद और लखनऊ में फिल्म सिटी प्रस्तावित की गई है



जन एक्सप्रेस । डॉ. वैभव शर्मा

**लखनऊ।** दक्षिण एशिया में पसंदीदा निवेश स्थल के रूप में स्थापित करने के लिए योगी सरकार लखनऊ, गाजियाबाद और नोएडा को वित्तीय शहरों के रूप में विकसित करने की योजना बना रही है। ऐसा करने के लिए, यूपी विशिष्ट शहरों/टाउनशिप, वित्तीय शहर, मेडी-सिटी, शिक्षा-सिटी, फिल्म सिटी आदि विकसित करने के लिए निजी क्षेत्र की कंपनियों के साथ साझेदारी करेगा। योगी आदित्यनाथ सरकार के अनुसार लखनऊ, गाजियाबाद और नोएडा को वित्तीय शहरों के रूप में विकसित किया जाएगा, गोरखपुर, आगरा, लखनऊ, कानपुर, बरेली और चित्रकूट जिलों में मेडी-सिटी की योजना बनाई गई है। इसी तरह, गोरखपुर, गाजियाबाद और लखनऊ में फिल्म सिटी प्रस्तावित की गई है।

### पांच वर्षों में 100 से अधिक नई टाउनशिप विकसित करने का लक्ष्य

सरकार बड़े शहरों में भीड़भाड़ कम करने, प्रवासन पर अंकुश लगाने और नियोजित शहरीकरण को सुविधाजनक बनाने के लिए अगले पांच वर्षों में 100 से अधिक नई टाउनशिप विकसित करने का लक्ष्य बना रही है। उदाहरण के लिए, लखनऊ, अयोध्या, आगरा, नोएडा, बरेली, गोरखपुर, झाँसी मथुरा, मेरठ, मोरादाबाद, प्रयागराज और कानपुर सहित प्रमुख शहरों के पास उपग्रह और जुड़वां शहरों की योजना बनाई गई है।

### एससीआर का क्षेत्रफल 28,000 वर्ग किलोमीटर होगा

राज्य ने दिल्ली-एनसीआर की तर्ज पर राज्य राजधानी क्षेत्र (एससीआर) का खाका तैयार किया है। एससीआर का क्षेत्रफल 28,000 वर्ग किमी होगा और इसमें आठ जिले शामिल होंगे - लखनऊ, कानपुर, कानपुर देहात, उन्नाव, सीतापुर, रायबरेली और बाराबंकी।

### नोएडा में प्रस्तावित है 100 एकड़ का फिनटेक पार्क

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने नोएडा में प्रस्तावित 100 एकड़ के फिनटेक पार्क के लिए डीपीआर तैयार करने के लिए बोलियां आमंत्रित की थीं। यह पार्क नोएडा सेक्टर 13 में विकसित किया जाएगा और वित्तीय डोमेन कंपनियों के विकास के लिए एक अत्याधुनिक तंत्र प्रदान करेगा। यह स्टॉक एक्सचेंज, स्टॉक ब्रोकर, क्राउडफंडिंग, एंजेल फंडिंग, बैंकिंग, बीमा, डिजिटल मनी, डिजिटल अर्थव्यवस्था, वित्तीय अनुसंधान एवं विकास, पूंजी बाजार आदि की सुविधा प्रदान करेगा और आतिथ्य, वाणिज्यिक स्थान और डेटा सेंटर जैसी परिधीय सुविधाएं प्रदान करेगा। वर्तमान में, नोएडा-ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में डिजिटल ऋण, भुगतान, ब्लॉकचेन और डिजिटल धन प्रबंधन क्षेत्रों में लगभग 240 फिनटेक स्टार्टअप हैं।

### यूपी रियल एस्टेट और हाउसिंग सेक्टर में कुल निवेश क्षमता 25-30 बिलियन डॉलर

राज्य सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, ़यूपी रियल एस्टेट और हाउसिंग सेक्टर में कुल निवेश क्षमता 25-30 बिलियन डॉलर आंकी गई है। नई टाउनशिप नीति, एकीकृत टाउनशिप नीति और किफायती आवास नीति को इन लक्ष्यों के प्रमुख प्रवर्तक के रूप में पेश किया गया है।

### यहां औद्योगिक टाउनशिप प्रस्तावित

गौतमबुद्धनगर, गाजियाबाद, आगरा, हापुड, लखनऊ, कानपुर, उन्नाव, हरदोई, गोरखपुर और चित्रकूट जिलों में औद्योगिक टाउनशिप प्रस्तावित की गई हैं।


कानपुर एक्सप्रेस



कानपुर और कन्नौज की खबरों को पढ़ने के लिए देखें पेज 3और11

जन एक्सप्रेस फाइटर जी कहिन को इस Qr-code के माध्यम से सर्च करें


# पीएम मोदी 14 मई को नामांकन दाखिल करेंगे

जन एक्सप्रेस । वाराणसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी लोकसभा सीट से 14 मई को नामांकन पर्चा दाखिल करेंगे। इससे पहले 13 मई को वाराणसी में रोड शो भी करेंगे। बता दें कि वाराणसी लोकसभा सीट पर एक जून को वोटिंग होगी।

### 10 मई से वाराणसी में डेरा डालेंगे शीर्ष नेता

पार्टी प्रधानमंत्री मोदी की जीत को ऐतिहासिक बनाने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगी। भाजपा के राष्ट्रीय और प्रदेशों के नेता मई के दूसरे सप्ताह से वाराणसी पहुंचना शुरु हो जाएंगे। यहां छोटी-छोटी जनसभाएं करेंगे, पन्ना प्रमुखों के साथ बैठकें करेंगे और मतदाताओं से संपर्क भी करेंगे। इसके अलावा समाज के अलग-अलग लोगों के साथ बैठकें की जाएगी।

### नेता-कार्यकर्ता की सूची हो रही तैयार

बनारस पहुंचने वाले नेताओं की सूची भी तैयार की जा रही है और कार्यकर्ताओं से भी सूची मांगी जा रही है। प्रधानमंत्री के रोड शो को भव्य बनाने के लिए भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल और गुजरात से आए जगदीश पटेल ने बैठकें शुरू कर दी हैं। इसमें महिला मोर्चा की भी प्रमुख भूमिका रहने वाली है।

### महिला नेताओं को विशेष जिम्मेदारी

वहीं कुछ महिला नेताओं की एक सूची भी तैयार की जा रही है, अंतिम सप्ताह में कुछ छोटी-छोटी जनसभाएं अपना दल की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल से भी कराई जाएंगी और ग्रामीण क्षेत्र में सुभासपा के ओमप्रकाश राजभर जनसभाएं करेंगे। इसी बीच रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव भी जनसभाओं को संबोधित करेंगे।

### एक दिन पहले सभी शीर्ष नेता पहुंचेंगे वाराणसी

महिलाओं के ग्रुप के अलावा, युवा बाइकों से भी रहेंगे और नामाकंन के एक दिन पहले सभी शीर्ष नेता भी वाराणसी पहुंच जाएंगे। इसके बाद कुछ नेता मतदान तक बनारस में ही प्रवास करेंगे और यहां चुनाव प्रचार की जिम्मेदारी संभालेंगे। इंडिया गठबंधन की ओर से पीएम मोदी को इस बार कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय से टक्कर मिलेगी।

# रेलवे की भूमि पर लगे यूकेलिप्टस के बाग में लगी भीषण आग

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

रेलवे स्टेशन के ठीक बगल में रेलवे की भूमि पर लगे यूकेलिप्टस की बाग में अचानक आग लग गई। तेज हवा के कारण आग विकराल हो गई। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की पांच गाडियों से रेलवे की पच्चीस हजार वोल्टेज की हाईटेंशन लाईन व रेलवे स्टेशन को बचाने की कवायद जारी




है। अभी तक आग पर काबू नहीं पाया जा सका है। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। तहसीलदार समेत पुलिस भी मौके पर पहुंच गई है लेकिन रेलवे का कोई अधिकारी मौके पर मौजूद नहीं है। शुक्रवार की दोपहर रेलवे स्टेशन के बगल में रेलवे के यूकेलिप्टस की बाग में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग तेजी से फैलने लगी जिससे रेलवे के हरे पेड़ों के साथ ही रेलवे के द्वारा काटे गये यूकेलिप्टस की लकड़ी के ढेर भी जलने लगे। इसी बीच रेलवे स्टेशन की दूसरी ओर भी अचानक आग लग गई जिससे स्टेशन पर मालगाड़ी से सामान उतार रहे मजदूरों में हड़कंप मच गया। आग इतनी विकराल थी कि लपटें ट्रेनों के संचालन के लिए बिछाई गई पच्चीस हजार वोल्टेज की लाईन तक पहुंच रही थीं। स्टेशन के पास आग लगने की सूचना पर फायर ब्रिगेड की चार गाडियां व फायरकर्मी आग बुझाने में लगे रहे।

# मन्दाकिनी को स्वच्छ बनाने की कोई ठोस पहल नहीं, आखिर कैसे बचेंगे प्राण?

**डबल इंजन की सरकार में भी स्वच्छ नहीं हो पाई पुण्य सलिला मंदाकिनी, आखिर किसकी गलती की सजा भुगत रही मोक्षदायनी**

जन एक्सप्रेस SPECIAL

जन एक्सप्रेस। सचिन वन्दन



चित्रकूट। भगवान श्री राम की कर्मस्थली धर्मनगरी चित्रकूट मे प्रवाहित हो रही मंदाकिनी नदी सनातन धर्म की आस्था का प्रमुख केन्द्र है।
चित्रकूट की जीवन रेखा कही जाने वाली मंदाकिनी का जीवन खुद खतरे में है। मौत की ओर बढ रही मंदाकिनी का अगर समय रहते संरक्षण नहीं किया गया तो इसकी सांसे टूटने से कोई रोक नहीं पाएगा। इसको लेकर राजनीति तो खूब हुई लेकिन पुनरोत्थान को लेकर जरा भी प्रयास नहीं हुए। मन्दाकिनी को स्वच्छ बनाने शासन-प्रशासन की ओर से कोई ठोस पहल नहीं की गई। आखिर ऐसे में पुण्य सलीला के प्राण कैसे बचेंगे ? होटल, आश्रम और धर्मशालाओं से गंदगी गिरने से नदी के जल की गुणवत्ता प्रदूषित हो रही है। दोनों राज्य यूपी और एमपी समेत केन्द्र मे कई वर्षों से भाजपा की सरकार है। जिसे भारतीय जनता पार्टी ने डबल इंजन का नाम दिया है। डबल इंजन की सरकार में भी अगर मन्दाकिनी के प्राण नहीं बचाए जा सकेंगे तो अब बचाये जाएंगे? सोचनीय विषय है कि इससे सुनहरा अवसर कब मिलेगा ? राष्ट्रीय नदी संरक्षण के तहत धर्मनगरी चित्रकूट की पुण्य सलिला मंदाकिनी को प्रदूषण से मुक्त 8.82 करोड़ की परियोजना केन्द्र सरकार की स्वीकृति के 6 वर्ष बाद भी अधूरी पड़ी है।

**एनजीटी ने नगर परिषद पर लगा चुकी जुर्माना**

प्रदूषण को रोकने के मामले मे गंभीरता से नहीं लेने पर एनजीटी ने नगर परिषद चित्रकूट(मप्र) पर 1.02 का अर्थदंड भी अधिरोपित कर चुका है। मार्च 2024 में क्षेत्रीय प्रदूषण विभाग सतना नगर परिषद चित्रकूट के खिलाफ सीजेएम कोर्ट में परिवाद भी दायर कर चुका है। अभी भी अवैधानिक रूप से जानबूझकर चित्रकूट का जल-मल नालों के माध्यम से मंदाकिनी नदी मे छोड़ा जा रहा है। जिससे नदी के जल की गुणवत्ता प्रदूषित हो रही है।



● मन्दाकिनी चित्रकूट की सांसे हैं। माता अनुसूईया ने अपने सतीत्त्व के तपोबल से इसको अवतरित किया था। आज लालची विकास ने मन्दाकिनी के शरीर को हर जगह से भेद दिया है। मन्दाकिनी को मैला ढोने वाली बैलगाडी बना दिया गया है। इसके संरक्षण की दिशा में कोई भी प्रयास नहीं किए जा रहे हैं।

**अभिमन्यु भाई, समाजसेवी**



● चित्रकूट हिंदू महाकाव्य रामायण से अपने संबंध के लिए प्रसिद्ध है। पूर्णिमा, अमावस्या और दिवाली की रात को लाखों श्रध्दालु चित्रकूट आते हैं और मन्दाकिनी में स्नान करते हैं। लेकिन माँ मंदाकिनी को बचाने कोई जिम्मेदार सामने नहीं आ रहा है।

**चन्द्रिका पाण्डेय, संगठन मंत्री, राष्ट्रीय हिंदू संगठन**



● माँ मंदाकिनी मृत्युशैया मे है। अगर समय रहते मां मंदाकानी की रक्षा नहीं करेंगे तो हम लोगों का जीवन संकट मे आ जाएगा। मंदाकिनी को स्वच्छ बनाने हम सबको इमानदारी से प्रयास करने की जरुरत है।

**गणेश मिश्रा, सामाजिक चिंतक**



● अतिक्रमण,कंक्रीट और प्रदूषण मंदाकिनी को जिंदा मार रहे हैं। आश्रम, धर्मशाला और होटल से गिरने वाली गंदगी को गिरने से रोकना चाहिए। लेकिन मन्दाकिनी को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधि भारी उदासीनता बरत रहे हैं।

**सत्यानंद पाण्डेय, पर्यावरण प्रेमी**

# परिवार परामर्श केन्द्र पुलिस टीम ने परिवारिक मतभेदों को समाप्त कराते हुए एक परिवार को टूटने से बचाया

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर सामाजिक रिश्तों को बचाने के लिए किये जा रहे प्रयासों के क्रम में पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केन्द्र पुलिस टीम द्वारा आपसी परिवारिक झगडे को समाप्त कराकर एक परिवार में सुलह कराते हुए परिवार को टूटने से बचाया। आवेदिका कलावती राजपूत पत्नी रामखिलाडी निवासी देवंधा पहाडी थाना रैपुरा ने अपने पति रामखिलाडी पुत्र हल्कू उर्फ मुखिया निवासी राजनगर थाना जतारा जिला टीकमगढ मध्य प्रदेश के विरुद्ध लडाई-झगडा, मारपीट व दहेज के लिये प्रताडित करने के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक के समक्ष प्रार्थना पत्र दिया। पुलिस अधीक्षक ने प्रार्थना-पत्र के निस्तारण के लिए परिवार परामर्श केन्द्र प्रभारी को निर्देशित किया। परिवार परामर्श केन्द्र प्रभारी उप निरीक्षक गुड्डी देवी, महिला आरक्षी शिवांगनी श्रीवास्तव, महिला आरक्षी अनामिका सिंह द्वारा शिकायतकर्ता की शिकायतों को विस्तारपूर्वक सुनकर द्वितीय पक्ष से सम्पर्क करके उन्हें पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श कन्द्र बुलाया। साथ ही दोनों पक्षों को समझाया गया। दोनों पक्षों द्वारा भविष्य में आपस में लडाई झगडा न करने तथा परिवारिक कर्तव्यों का पालन करने की बात कही गयी। आपसी सुलह होने पर दम्पत्ति जोडे को एक दूसरे के साथ आपस में सामन्जस्य बिठाकर एवं परिवारिक दायित्वों को सही प्रकार से निर्वहन करने की सलाह दी गयी।

## पत्नी से विवाद करने पर पति गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस/कालपी। पत्नी से विवाद करना पति को महंगा साबित हुआ। शिकायत मिलने पर कोतवाली पुलिस के ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम छौंक में रहने वाली पत्नी ने पुलिस में अपने पति के खिलाफ शिकायत की थी। ज्ञान भारती चौकी इंचार्ज जितेंद्र सिंह ने आरोपी पति सीताराम पुत्र जुगल किशोर को पकड़कर शांतिभंग में चालान कर दिया।

# साइबर टीम ने अंजान नम्बरों के प्रति सतर्कता बरतने की दी सलाह

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

साइबर ठगों द्वारा की जा रही ठगी से बचने के लिए साइबर टीम ने अंजान नम्बरों से आ रहे टेलीफोन के प्रति सतर्कता बरतने की सलाह दी है।
साइबर टीम ने बताया कि साइबर ठगों द्वारा अंजान नम्बर से कॉल आती है। साथ ही कहा जाता है कि आपके मोबाइल कम्पनी से बोल रहे हैं। जल्दी से अपना मोबाइल बंद कर लीजिये नहीं तो आपके मोबाइल वायरस से कारण फट जायेगा। ऐसी स्थिति में आप मोबाइल बंद कर लेते हैं एवं फ्रॉड करने वाला व्यक्ति आपके परिजनों, रिश्तेदारों या मित्रों के नम्बर पर कॉल करके आपके साथ सडक दुर्घटना या अन्य किसी घटना की बात कर आपसे उनकी मदद के लिए तत्काल रुपये मांगता है। इसी प्रकार ट्र्यू कॉलर पर आपके परिजनों, रिश्तेदारों, व्यवसायिक मालिकों, उच्चाधिकारियो के नाम सेव करके कॉल करते हैं, तो बिना नम्बर देखें जो नाम ट्र्यू कॉलर पर दिखायी देता है, उसे सही मानकर कॉल उठा कर बात करने लगते हैं और उस नम्बर पर आप सभी जानकारी दे देते हैं। ऐसे में कई प्रकार के फ्रॉड के शिकार हो सकते हैं। साइबर टीम ने बताया कि आपको व्हाट्सएप, फेसबुक या अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर किसी अन्जान महिला की वीडियो कॉल आती हो और वीडियो कॉल पर महिला निर्वस्त्र होकर बात करने लगती है और फिर आप भी उसके बात करने लगते हैं, ऐसी स्थिति में फ्रॉड करने वाले व्यक्ति आपकी कॉलिंग का वीडियो बना लेतें हैं जिसमें आपकी चेहरा दिखायी देता है या फिर आप भी आपत्तिजनक स्थिति में आ जाते हैं। फिर उस वीडियो को आपके पास भेजकर आपकी समाज में छवि खराब करने की कहकर आपको ब्लैक मेल करके आपसे रुपयों की मांग करने लगते हैं। साथ ही सेल्फी लेते समय आप अपनी अंगुलियो को विक्टरी के रुप में दिखाते हैं ऐसे में हाई रेज्यूलेशन टेक्नोलोजी का प्रयोग कर फ्रॉड करने वाले व्यक्ति आपके अंगुलियों के चिन्ह ले लेते हैं फिर बायोमैट्रिक्स के माध्यम से आपके साथ फ्रॉड कर लेते हैं।
उन्होंने बताया कि एक कम्प्यूटर जनरेटेड वायस काल आती है या फिर नार्मल काल आती है और बताया जाता है जो आपका पार्सल जा रहा था कैंसिल हो गया है अधिक जानकारी के लिये के लिये हमार कस्टमर केयर आधिकारी से बात किजिए। यहा पर जैसे ही काल कनेक्ट की जाती है उनके द्वारा बताया है जाता है कि आपके सामान में गैरकानूनी सामान था या फिर कोई सामान ले के जा रहा था जिसमें आपके नाम का आधार और सिम कार्ड लगा है अगर आपको लगता है कि आपके आधार या सिम कार्ड का दुरूपयोग हुआ है तो आपकी तुरन्त एफआईआर कराइये नहीं तो आपको जेल भेज दिया जायेगा फिर वहां से अपना एविडेंस देते रहियेगा तो पीडित को लगता है कि यही पर हम अपनी एफआईआर दर्ज करा दे, तो सामने वाला कस्टमर केयर अधिकारी बताता है कि ये हाई स्क्योरिटी का मामला है सारी बाते गोपनीय रखियेगा किसी से अभी शेयर नही किजिएगा और आपको विडियो कालिंग एप स्काईपी डाउनलोड करा दिया जाता है सामने फर्जी पुलिस वाले बैठे होते है और वो आपका एफआईआर लिखना चालू करते है जैसे अपनी घटना बताते है कि मेरा आधार या सिम कार्ड गलत यूज हुआ है और अपना नाम पता बताते है तभी फर्जी पुलिस के तरफ से बैकग्राउंड से आवाज आने लगती है कि इसका नाम मनी लांड्रिंग में स्मलिंग भी नाम आया है और फर्जी पुलिस वाला कहता है कि आपको लाइन पर बने रहना होगा क्योकि आपका नाम और भी हमारे केस आया है जब तक जांच पुरी नही होती आप कैमरे के सामने बने रहेंगे। मनी लॉन्ड्रिंग वेरिफाई करने के लिये आप को अपने खाते की डिटेल और बैंक बैलेंस दिखाना होगा अब जैसे ही पीडित दिखाता है कि खाते में इतना बैंलेंस है तो कहते है यह पैसे आपको हमारे सुरक्षित आरबीआई के खाते में ट्रांसफर करना होगा पैसे वेरिफाई कर यह पैसे आपको रिटर्न कर दिये जायेगें। पीडित डर कर पैसे भेज देता है जो आरबीआई का न होकर साइबर अपराधी का खाता होता है फिर कहा जाता है कि हमारे आरबीआई के डिटेल में शो हो रहा है कि आपका और भी खाता है, ट्रेडिंग अंकाउंट भी है जल्दी यह पैसे आप आरबीआई के वैलेट में भेजिये और फिर ऐसे ही बातों से डराकर लाखों करोडो रूपये ले लेते है और पूरे पैसे जाने के बाद एहसास होता है कि आपके साथ साइबर ठगी हुयी है।
बताया कि अचानक एक दिन आपके पास आपकी मां, पत्नी, पिता, भाई या बहन का फोन आता है और वो आपसे घबराई हुई आवाज में आपकी कुशल छेम पूंछते हैं। आप किस हॉस्पिटल में एडमिट हो या फिर किस पुलिस स्टेशन में हो, यह जानने की कोशिश करते हैं। आप चैंक कर कहते हैं अरे भाई मैं तो एकदम ठीक हूं. असल झटका तो तब लगता है जब घर वाले आपको बताते हैं कि अभी तो तुम्हारा फोन आया था. तुमने कहा कि तुम्हारा एक्सीडेंट हो गया था. पैसे की जरूरत है, घबराए घरवालों से बताए गए अकाउंट या मोबाइल नंबर पर पैसे ट्रांसफर भी कर दिए। इसके अलावा आपके अन्जान नम्बर से कॉल आती है कि आपके बच्चे ने स्कूल में कुछ शर्मिंदगी वाली हरकत कर दी है या कोई आपराधिक घटना कारित कर दी है जिसके लिये पुलिस इसे थाने में पकड कर ले आयी है। फिर आपकी बात थाने की एसएचओ (फ्रॉड) से करायी जाती है और मामला रफा-दफा करने के लिये आपसे रुपयों की मांग की जाती है, और आप बच्चे के भविष्य को देखते हुये रुपये भेज देतें हैं। आपके कॉल आती है कि आपने अगर कोरोना वैक्सीन लगवा ली हो तो 1 दबायें न लगवाई हो तो 2 दबायें और जैसे ही आप 1 या 2 कोई भी बटन दबाते हैं तो आपके मोबाइल से बैंक सम्बन्धित सभी डिटेल आपके मोबाइल से ले ली जाती है तथा आपके पास अन्जान नम्बर से कॉल आती है जिसमें आपसे आरटीओ, थाना प्रभारी या यातायात प्रभारी बनकर बात की जाती है। कहा जाता है कि आपका ड्राइवर ने आपकी गाडी से एक्सीडेंट कर दिया है। मामला रफा-दफा करने के नाम पर रुपयों की मांग की जाती है।

## विभिन्न स्थानों में आग लगने की घटनाओं से दमकलकर्मी बने चकर गिन्नी

जन एक्सप्रेस/कालपी। तहसील क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों के खेतों में अग्निकांड की घटनाएं हो गई। आग बुझाने के लिए दमकलकर्मी दिनभर चकर गिन्नी बने रहे। गुरुवार की सुबह ग्राम सौंधी के खेत में खड़ी ठंडलो में भीषण आग लग गई। अग्निशमन प्रभारी महेंद्र बाजपेई दमकल कर्मियों के साथ मौके पर पहुँचे। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। वहीं उरकरा कला प्रधान शिवदास श्रीवास की सूचना पर दमकल कर्मियों गांव पहुंचे तथा भूसे के भंडार में लगी आग को बुझाया। इसी प्रकार अकबरपुर इटौरा व इटौरा बुजुर्ग में भी आग लगने की घटनाएं हुई। जबकि निकटवर्ती ग्राम जोल्हूपुर के जंगल में भी आग लगने की वजह से दमकल कर्मी आग बुझाने में जुटे रहे। दिलचस्प बात यह रही कि दमकल कर्मियों को अलग-अलग स्थानों में लगी आग को बुझाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी।

## टायर फटने से खंदक में पलटी कार, चालक समेत नौ घायल

जन एक्सप्रेस/उरई। रामपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम फतेहपुरा व सोनपुरा के बीच इनोवा कार का पीछे का टायर फट गया। जिससे वह अनियंत्रित होकर खंदक में पलट गई। जिसमें सवार नौ लोग घायल हो गए। जिन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जिला इटावा के ग्राम भोया हनमंतपुरा चौराहा निवासी अफरोज खान अपने परिवार के लोगों को गोहन में रिश्तेदार के यहां गमी होने पर इनोवा कार से ले जा रहे थे। तभी ग्राम फतेहपुरा व सोनपुरा के बीच अचानक इनोवा कार का पीछे बाला टायर फट गया। जिससे कार अनियंत्रित होकर सड़क पर गुलाटी खाते हुए खंदक में जा गिरी। जिसमे कार पर सवार भूरे खान, नौशाद खान, साबिर खान, सफी खान, राजेश, अलाउद्दीन, सिराज खान, पप्पू व कार चालक अफरोज खान घायल हो गए।

# 2 आरोपी के विरुद्ध गुण्डा तथा 5 आरोपी के विरुद्ध मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में जनता में भय आतंक फैलाकर गुण्डा गर्दी करने वाले 2 आरोपियों के विरुद्ध गुण्डा तथा 5 आरोपियों के विरुद्ध मिनी गुण्डा की कार्यवाही की गयी।
बरगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार मौर्य द्वारा अरुण कुमार निवासी बरगढ मोड मजरा कोनिया, अंकेश शुक्ल उर्फ छोटू निवासी बरगढ के विरुद्ध यूपी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की गयी।
इसी प्रकार मानिकपुर थाना प्रभारी निरीक्षक रीता सिंह द्वारा रमेश, रणधीर सिंह, फूलचन्द्र निवासीगण गढचपा, धनपत निवासी पोखला मजरा गढचपा, लालमन निवासी रम्पुरिया मजरा सरैंया के विरुद्ध मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की गयी।

## गाड़ियों में सवारियों के बैठने को लेकर हुआ झगड़ा, गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस/कालपी। कोतवाली क्षेत्र के व्यस्ततम चौराहा जोल्हूपुर मोड़ में गाड़ियों में सवारियों के बैठने को लेकर विवाद करने के मामले में ज्ञान भारती चौकी इंचार्ज जितेंद्र सिंह ने एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जोल्हूपुर मोड़ से विभिन्न रूटों के लिए गाड़ियां चलती हैं। दोपहर को जोल्हूपुर मोड़ में गाड़ी में सवारियों को बैठाने को लेकर विवाद हो गया। ज्ञान भारती चौकी इंचार्ज ने विवाद कर रहे युवक मनोज कुमार पुत्र लालाराम निवासी ग्राम बबीना थाना कदौरा को गिरफ्तार कर जेल दिया।

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

जन एक्सप्रेस/कालपी। आटा थाना क्षेत्र के ग्राम जोराखेरा ननिहाल में रह रहे युवक ने पेड़ से रस्सी का फंदा गले डालकर फांसी लगा ली। जिसमें उसकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जिला हमीरपुर के मुस्तरा गांव निवासी राहुल राजपूत अपने भाई योगेश के साथ ग्राम जोराखेरा अपनी ननिहाल रहता था। जबकि पिता काशीराम अपने गांव में रहते है। शुक्रवार की सुबह राहुल ने अज्ञात कारणों से गांव के बाहर खेत पर लगे बबूल के पेड़ में रस्सी का फंदा गले मे डालकर फांसी लगा ली। जिसमें दम घुटने से उसकी मौत हो गई। युवक का शव फांसी के फंदे पर पेड़ से लटका देख उनके होश उड़ गए। ग्रामीणों ने सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और मामले को लेकर बारीकी से जाच पड़ताल करने में लग गई है।

## रोडवेज बस से महिला का बैग चोरी कर चोर हुए रफूचक्कर

जन एक्सप्रेस/उरई। मध्य प्रदेश बस पर सवार होकर भाई के साथ मायके से ससुराल आ रही महिला का बैग बंगरा तिराहे पर अचानक चोरी हो गया। काफी ढूंढने के बाद भी बैग न मिलने पर महिला ने सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी। रेडर थाना क्षेत्र के गांव खकसीस निवासी महिला निशा मिश्रा पत्नी कृष्ण कुमार दस दिन पहले अपने मायके मध्य प्रदेश के भिंड के गांव बडोखरी गई हुई थी। जो शुक्रवार को बस द्वारा अपने भाई श्यामजी व्यास के साथ अपनी ससुराल आ रही थी। जैसे ही बस बंगरा तिराहे पर रुकी तो महिला बस से उतरकर पानी पीने चली गई। पानी पीने के बाद बाद जब वह सीट पर पहुंची तो वहां रखा उसका बैग गायब था। बैग गायब देख महिला ने यात्रियों से पूछताछ करते हुए बस को खंगालना शुरू कर दिया। काफी खोजबीन के बाद भी बैग न मिलने पर महिला द्वारा मामले की सूचना पुलिस को दी गई।

# एसपी ने साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर किया परेड का निरीक्षण



जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह द्वारा पुलिस लाइन्स में शुक्रवार की साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया। परेड निरीक्षण के दौरान अधिकारियों, कर्मचारियों का टर्न आउट जांच किया। साथ ही परेड ग्राउण्ड में उपस्थित सभी टोलियों की ड्रिल देखी गयी एवं आवश्यक सुधार के लिए प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन को निर्देशित किया। इसके बाद पुलिस अधीक्षक ने मेस का निरीक्षण कर भोजन की गुणवत्ता देखकर सुधार के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। साथ ही बैरिक, आवासीय परिसर, परिवहन शाखा का निरीक्षण कर प्रतिसार निरीक्षक को साफ-सफाई के लिए निदेर्षि्त किया। उन्होंने क्वार्टर गार्द में जाकर सलामी ली गयी। साथ ही स्टैण्ड-टू की कार्यवाही की गयी। आदेश-कक्ष में जाकर पुलिस कर्मियो का अर्दली रुम किया गया। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी नगर लाइन्स राज कमल, प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण, पीआरओ प्रदीप पाल आदि मौजूद रहे।

# पड़ोसी की गला काटकर हत्या करने के मामले में दोष सिद्ध होने पर पति-पत्नी और बेटे को आजीवन कारावास की सजा

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

पडोसी को घर से घसीट कर लाने और उसकी गला काट कर हत्या करने के मामले में दोष सिद्ध होने पर सत्र न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने हत्यारोपी पति-पत्नी और उनके बेटे को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही अर्थदण्ड से भी दण्डित किया है।
अभियोजन पक्ष की ओर प्रभावी पैरवी के चलते एक साल पहले हुए इस हत्याकांड के मुकदमें निर्णय आने के बाद जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्याम सुंदर मिश्रा ने बताया कि लगभग एक साल पहले हुए इस हत्याकांड में कडैहा पुरवा सर्दी खुर्द निवासी हेतलाल आदिवासी ने बरगढ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस को दी गई तहरीर में वादी ने कहा था कि उसका भतीजा राम कैलाश (46) बीती 1 मई को रात 9 बजे अपने घर में था। इस दौरान पडोस में रहने वाला धर्मराज आदिवासी अपने पिता समरजीत और मां सरोज देवी के साथ राम कैलाश के दरवाजे पहुंचकर गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर तीनों लोग राम कैलाश को घसीट कर अपने दरवाजे तक ले गए। इसके बाद समरजीत व उसकी पत्नी सरोज ने राम कैलाश को पकड लिया और उनके बेटे धर्मराज ने हसुवा से उसकी गर्दन में जानलेवा हमला कर दिया। जिससे राम कैलाश वहीं गिर गया और गर्दन में घाव होने के कारण मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना के?? प्रत्यक्षदर्शी मृतक के चाचा हेतलाल की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस ने तीनों हत्यारोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। साथ ही न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। एक साल पहले हुए इस हत्याकांड में अभियोजन पक्ष की प्रभावी पैरवी के चलते अब तक तीनों हत्यारोपियों की जमानत नहीं हो सकी। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद शुक्रवार को सत्र न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने निर्णय सुनाया। जिसमें दोष सिद्ध होने पर हत्यारोपी धर्मराज, उसके पिता समरजीत व मां सरोज देवी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। साथ ही प्रत्येक आरोपी को 11-11 हजार रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

# अवैध शराब के साथ 4 आरोपी गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस ने 4 आरोपियों के कब्जे से 39 लीटर कच्ची व 36 क्वार्टर देशी शराब बरामद की।
मऊ थाना प्रभारी निरीक्षक अजीत कुमार पाण्डेय तथा उनकी टीम द्वारा राहुल निवासी मवई कलां को 20 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। इसी प्रकार कोतवाली कर्वी के उप निरीक्षक राहुल कुमार पाण्डेय तथा उनके हमराही द्वारा सत्यकिशोर नाई निवासी रानीपुर थाना कमासिन जनपद बांदा को 19 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। सरैंया चैकी प्रभारी यदुवीर सिंह तथा उनकी टीम द्वारा बबलू निवासी हनुवा को 19 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

## एसपी ने पीएम और सीएम के कार्यक्रम के दृष्टिगत ट्रान्सपोर्टरों के साथ की गोष्ठी

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने कानपुर कमिश्नरेट में आगामी 4 मई को कानपुर में प्रधामंत्री भारत सरकार एवं मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार के कार्यक्रम के दृष्टिगत ट्रान्सपोर्टरों के साथ गोष्ठी की। गोष्ठी में समस्त ट्रान्सपोर्टर्स को निर्देशित किया कि कार्यक्रम के दृष्टिगत कानपुर जाने वाले तथा कानपुर होकर आगे जाने वाले मालवाहक वाहनों को रोका जाये। साथ ही आगरा, दिल्ली जाने वाले वाहन एक्सप्रेस-वे होकर जा सकते हैं। इस मौके पर पीआरओ प्रवीण कुमार सिंह एवं प्रभारी यातायात शैलेन्द्र कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

# साइकिल रैली निकालकर मतदाताओं को किया गया जागरूक

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट




लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024 में 20 मई में निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए 70 प्रतिशत से अधिक मतदान के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी, जिलाधिकारी अभिषेक आनंद एवं नोडल अधिकारी स्वीप मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर के निर्देश पर स्वीप योजना के अंतर्गत कराए जाने वाले मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के लिए बनाई गई स्वीप कार्ययोजना के अनुसार शुक्रवार को स्काउट -गाइड, रोवर -रेंजर्स एवं एनसीसी द्वारा संयुक्त रूप से एक भव्य साइकिल रैली का आयोजन किया गया। उप जिलाधिकारी आलोक कुमार सिंह एवं नायब तहसीलदार कर्वी ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।
साइकिल रैली पटेल तिराहा से प्रारंभ होकर एलआईसी तिराहा होते हुए धनुष चैराहे से नगर पालिका परिषद कार्यालय पर समाप्त हुई। इस रैली में लगभग 150 स्काउट गाइड, रोवर रेंजर्स, एनसीसी के कैडेट अपने हाथ में स्लोगन तख्तियां लेकर पहले मतदान फिर जलपान आदि का नारा लगाते हुए जन सामान्य व युवा मतदाताओं को जागरूक करने का कार्य किया। जिससे शहरी क्षेत्र में विगत चुनाव की तुलना में अधिक मतदान हो सके।
प्रशासन लगातार प्रयास कर रहा है कि आने वाले 20 मई को जनपद में मतदान के दिन सभी लोग अपने घरों से निकलकर बूथों में जाएं और उम्मीदवार को सांसद बनाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में मतदान करें। रैली में चित्रकूट इण्टर कॉलिज के एनसीसी कैडेट, गोस्वामी तुलसीदास राजकीय महाविद्यालय कर्वी के रोवर रेंजर एवं श्रीगंगा प्रसाद जन सेवा इण्टर कॉलिज कर्वी, राजकीय बालिका इण्टर कॉलिज कर्वी, सेठ राधा कृष्ण पोद्दार इण्टर कॉलिज सीतापुर, कृषक इण्टर कॉलिज भौरी के स्काउट गाइडों ने हिस्सा लिया।
इस मौके पर प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ सनत कुमार द्विवेदी, मैयादीन पटेल, सुरेश प्रसाद, प्रेमचंद, ऋषि कुमार शुक्ला, सुनील कुमार शुक्ला, लालमन, शंकर प्रसाद यादव, दिनेश सिंह, सुशील कुमार सिंह, रमेश सिंह, चंद्रभागा सिंह, शालिनी देवी, रामदयाल, ललित कुमार, आशीष साहू आदि मौजूद रहे।

**सूचना**

इंडियन बैंक शाखा उरई में मेरा खाता है। जिसका अकाउंट नंबर 50347120877 है। मेरे बैंक अकाउंट में मेरा नाम पूजा है, जबकि मेरे अन्य डॉक्यूमेंट में मेरा नाम मोनिका कुमारी है। इसलिए भविष्य में कोई समस्या ना हो। तो मए अपने बैंक खाते में अपने नाम को डॉक्यूमेंट के अनुसार रखना चाहती हूं। मेरे आधार में मेरा नाम पूजा था। जिसके चलते यह अकाउंट खुला था। अब मैनें मेरे आधार कार्ड में नाम अपडेट कराकर सारे दस्तावेजों के हिसाब से मोनिका कुमारी कर लिया है। इसके लिए मैंने एक एफिडेविट भी बनवाया है।

**मोनिका कुमारी**
**पुत्री संतोष कुमार जालौन**
**उरई**

janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive

# कानपुर नगर एक्सप्रेस

www.janexpresslive.com/epaper | हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | लखनऊ | शनिवार | 04 मई 2024



**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, अगले पांच दिनों में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने के आसार हैं मध्य तेज हवाओं एवं मेघ गर्जना के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम बारिश की कोई संभावना है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 39.2 (-0.6)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 23.0 (-0.5)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 41 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 18 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 4.5 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# विवाहिता को गोली मारने पहुंचे युवक को खुद के तमंचे से लगी गोली








जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

शहर के थाना अनवरगंज क्षेत्र में उसे समय हड़कंप मच गया जब एक युवक को उसके ही तमंचे से गोली लग गई, युवक लहूलुहान हालत में खुद भागा और लगभग सौ मीटर की दूरी पर जाकर लड़खड़ाकर गिर पड़ा, किसी तरह एक युवक ने उसे अस्पताल पहुंचाया जहां उसका इलाज चल रहा है, वहीं युवक को गोली लगने की सूचना पाकर तत्काल मौके पर थाना अनवरगंज की फोर्स पहुंची और जांच पड़ताल में जुट गई, घटनास्थल पर खुद एसीपी अनवरगंज ने पहुंचकर जॉच पड़ताल की है।



मिली जानकारी के अनुसार थाना अनवरगंज क्षेत्र स्थित दलेल पुरवा की काली मठिया के पास ही बिब्बो पत्नी स्वर्गीय लियाकत अली नाम की बुजुर्ग महिला निवास करती हैं। उन्होंने लगभग 8 साल पहले अपनी बेटी रोशन जहां का विवाह डिप्टी पड़ाव निवासी करीम के साथ किया था। वर्तमान समय में उनकी बेटी रोशन जहां के दो बच्चे भी हैं। दामाद करीम काम के सिलसिले से बाहर गया हुआ है। बुजुर्ग महिला ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि छोटू उर्फ जानू पुत्र बद्दू जो थाना बजरिया क्षेत्र में निवास करता है, रिश्ते में छोटू उनका भतीजा लगता है। छोटू उनकी बेटी को अक्सर फोन करके परेशान करता था जिस कारण उनकी बेटी ने फोन पर बात करने से इंकार कर दिया था।

गुरुवार की रात्रि छोटू ने उनकी बेटी के घर पर जाकर उसे धमकाया भी जिस कारण छोटू के डर से उनकी बेटी रोशन जहां उनके घर पर आ गई थी।

### तमंचा लेकर पहुंचा था धमकाने घर

पीड़ित बुर्जुग महिला का आरोप है कि छोटू उर्फ जानू शुक्रवार को लगभग रात्रि 6:30 से 7:00 के बीच उनके घर पर पहुंचा और बेटी समेत सभी को धमकाने लगा। उनका आरोप है कि छोटू ने अपनी कमर में एक तमंचा खोंस रखा था और बार-बार तमंचा निकाल कर उन्हें धमका रहा था, इसी दौरान जब उसने उनकी बेटी पर गोली चलाने का प्रयास किया तो बेटी ने बचाव किया तो इसी दौरान गोली खुद आरोपी छोटू के बाईं ओर छाती में लग गई, गोली लगते ही छोटू लहूलुहान हालत में खुद वहां से भागा और सौ मीटर की दूरी पर जाकर जहां पर मठिया है उसी के सामने बेहोश होकर गिर पड़ा, पीड़िता और प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो उसे उसका कोई अज्ञात साथी जो उसके साथ ही था उठाकर अस्पताल ले गया। खबर लिखे जाने तक हैलट अस्पताल में छोटू का इलाज चल रहा था और वहीं दूसरी ओर मौके पर आए एसीप अनवरगंज इंद्रपाल सिंह ने जांच करने की बात कहते हुए कोई भी जानकारी देने से मना कर दिया था।


### महिला की कहानी संदिग्ध

जिस प्रकार से पीड़ित बुजुर्ग महिला ने कहानी बयां की है कि छोटू तमंचा लेकर आया था और बार-बार निकाल कर धमका रहा था और बीच बचाव में उसके तमंचे की गोली खुद उसे लग गई कहानी कहानी ना कहीं संदिग्ध जरूर प्रतीत हो रही थी। एसीपी अनवरगंज के नेतृत्व में पुलिस टीम बहुत ही गहराई से जांच कर रही है। पूरी कहानी पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।

# जमीनी जुझारू कार्यकर्ता व जनता के अपमान से घटता मतदान

**मदांद राजशाही व निरंकुश अफसरशाही की करतूतों से घटी लोकतांत्रिक जिम्मेदारी**

जन एक्सप्रेस | डॉ.हरनारायण मिश्र




वर्तमान लोक सभा के चुनावों में मतदान का लगातार घटना राजनेताओ द्वारा जनमानस के साथ अपने ही कार्यकताओं के साथ लगातार किये जा रहे उपेक्षापूर्ण व्यवहार के कारण संभव हो सका है। इसी सामूहिक उदासीनता के कारण ही जनमानस अपने लोकतांतिक दायित्व का निर्वहन करने से कतरा रहा है।

लोकसभा के प्रथम दो चरणों की वोटिंग से सियासी दलों के सारे समी-करण फेल होने लगे हैं। वातानुकूलित कमरों में बैठ कर जिंदगी के सारे सुखों का भरपूर उपभोग करने वाली अफसरशाही के माथे पर भी पसीने की बूंदे झलकती दीख रही है। मतदान को पर्व बताने तथा देश का गर्व कहते हुए राजसत्रा को लुभाने वाली अफसरशाही मतद?ताओं की मतदान के प्रति लगातार बढ़ती उपेक्षा को लेकर इतना व्यथित हैं कि पूरी सरकारी व्यवस्था कारण खोजने में नाकाम साबित हो रही है। समाज का एकवर्ग अगर तेज धूप को इसका कारण मान रहा है तो दूसरा जिम्मेदारों को इसका दोषी मान रहा है।

इसके ठीक विपरीत राजसत्ता के सरकारी तंत्त के जन?विरोधी तरीकों व सरकारी दफ्तरों में बैठे अफसरों के दुलारे कर्मचारियों द्वारा हर काम के लिए लगातार दौड़ाने से आहत लोग जब पग-पग पर शोषण का शिकार हो रहे हों ऐसी दशा में मतदाता देने के लिए धूप का आतप सहन करने की जगह मतदान वाले दिन के अवकाश घरेलू काम निपटाने में तत्पर हो जाता है। मतदाता जागरुकता अभियान की अनेक आकर्षक योजनाए अनुपयोगी सिद्ध हो चुकी है। देश के नामी गिरामी अभिनेता चर्चित ब्राण्ड अम्बेसडर्स के लुभावने अंदाज को भी जनता नजरबाज करती जा रही है।

कई जिलास्तरीय आला. अफसरों ने तो अधिक मतदान करने वाले बूथों पर काम करने बालो को प्रोत्साहित करने हेतु सम्मानित करने की घोषणातक कर दी है। ग्रामीण इलाकों के स्कूलों व आंगनबाड़ी केन्द्रों पर नवचेतना का संचार करने हेतु लगायी गयी मेहदी भी रंग नही लाई। कुछ जिलों के कलक्टर अपने इलाके के बूढ़े मतदाताओं को पत्र भी भेज रहे हैं। डिग्री कालेजों में युवा संसद लगा कर तथा बालकों को द्वार द्वार भेजकर चाचा-चाची से भारी तादाद में मतदान करने की प्रार्थना भी उदासीनता पूर्ण मानसिकता को परिवर्तित करने में असमर्थ है। मतदान में कमी का पहिला कारण वह घर बैठा कार्यकर्ता है जिससे विगत दो लोकसभा चुनावों में मोदी है तो मुमकिन है जैसे नारो पर पूरी तरह विसास करते हुए जान लड़ा दी थी। किन्तु जिन नेताओं को अपना रहबर माना गया में उनकी बातें पूरी तरह मिथ्या निकली सत्ताधीशो ने संस्कृति को गले से, लगाने के साथ उन जमीनी/खाटी/पुराने कार्यकताओं को बर्फ पर लिटा दिया जिनके बहते पसीने के कारण उनके अच्छे दिन आये थे। आज वही मायूस कार्यकता समुदाय प्रचार अभियान को गतिशील बनाने के बजाय जानछुड़ाता घरो में बंद है। बीते दस वर्षों - से सत्ता सुख भोगने वाले नेता - गण पन्ना प्रमुख बने पन्ना लिए निरर्थक टहल रहे हैं। देश के सभी प्रमुख दलों के पुराने कार्यकर्ता लम्बे अरसे से अपनी उपेक्षा व नये - अफसरों के तुगलकी अंदाज से पीड़ित होकर थोड़े से लाभ के चक्कर में अपना और अधिक शोषण नहीं कराना चाहते हैं।

## अधेड़ ने 8 साल की किशोरी को बना डाला हवस का शिकार, गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

कल्याणपुर थाना क्षेत्र में एक अधेड़ ने आठ साल की किशोरी को अपनी हवस का शिकार बना डाला। किशोरी किसी तरह अपने घर पहुंची और आप बीती मां को बताई तो मां स्तब्ध रह गई। वहीं पुलिस से पीड़ित मां ने शिकायत की तो कल्याणपुर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने जांच पड़ताल कर आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।

थाना कल्याणपुर नानकारी निवासी किशोरी की मां ने बताया कि वह घरों में साफ सफाई का काम करती है उसकी 8 वर्षीय बेटी पास के ही स्कूल में कक्षा एक की छात्रा है।कल बेटी के स्कूल जाते समय रास्ते में ही पड़ने वाले बुक स्टॉल संचालक संजय त्रिपाठी ने अपने बुक स्टॉल के अंदर बुलाया जहां आरोपी संजय त्रिपाठी ने बेटी के साथ अश्लील हरकत करते हुए बेटी को मुख मैथुन कराया। वापस घर आई बेटी ने सारी घटना उसे बताई तो उसके रोंगटे खड़े हो गए इस हरकत की जब शिकायत संजय त्रिपाठी के घर में की गई तो वह मानने को तैयार नहीं हुए इसके बाद उसने पुलिस से शिकायत करते हुए आरोपी के खिलाफ मुकदमा लिखवाया। वही पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 376क्ष् 342, 5द्व, 6 की गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया है वही नाबालिग छात्रा का मेडिकल कराया है। वहीं आरोपी के परिजनों का कहना है की संजय की पत्नी की सात वर्ष पूर्व मौत हो चुकी है। संजय की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। उसका इलाज चल रहा है।

### मासूम को नहीं मालूम की उसके साथ क्या हुआ

बेटी जब गुमसुम अवस्था में घर पहुंची तो घटना से अनजान मां ने उससे इसका कारण पूछा तो अपने साथ हुई घटना की जानकारी देते हुए बताया कि बुक स्टॉल वाले अंकल ने उसे अंदर बुलाया और पेशाब करने वाला भाग उसके मुंह में डाल दिया। यह सुन मां बेटी को सीने से चिपकाकर रोने लगी। गिरफ्तार करने में मुख्य भूमिका एस एस आई कल्याणपुर विनोद कुमार मिश्रा ,आईआईटी चौकी प्रभारी सत्येंद्र कुमार रावत की रही।

## स्वतंत्रता सेनानी स्व. मेवालाल यादव की श्रद्धांजलि सभा

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

अखिल भारतीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं उत्तराधिकारी संगठन के तत्वाधान में सेनानी सदन कचहरी रोड में पूर्व अध्यक्ष सेनानी संगठन बाबू मेवालाल यादव की श्रद्धाजंलि सभा की अध्यक्षता पदमकान्त गुप्ता ने की एवं संचालन दिलीप सिंह बागी अध्यक्ष ने किया, आभार पौत्र दिवाकर लाल ने व्यक्त किया। श्री यादव के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुये राजेश बाजपेई ने बताया कि वह एक निडर एवं साहसी सेनानी थे। एक बार अंग्रेज सिपाही ने तिलक हाल पर छापा डालकर कुछ आवश्यक कागजात एवं सामग्री ले जाने के लिये आये तो बाबू जी कागज अपने अंदर छिपाते हुये गोलियो की तडतड़ाहत के बीच वो सारे कागजात वहां से निकाल ले गये। आजादी की लड़ाई में उन्हें कई बार जेल यात्रा एवं काला पानी की सजा भी हुयी। लेकिन वह ऐसी यातनाओ से झुके नहीं और आजादी की लड़ाई बराबर लड़ते रहे। इस सभा में सर्वप्रथम गांधी जी की मूर्ति एवं सेनानी की फोटो पर माल्यार्पण करके कार्यक्रम की शुरूआत की गयी इस अवसर पर उमेश यादव, अनिल शुक्ला, पवन मिश्रा, सुशीला निगम, प्रज्जवल यादव आदि उपस्थित रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### विधायक अमिताभ ने प्लास्टिक के टब में बैठकर किया अनोखा प्रदर्शन



जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर। समाजवादी पार्टी के विधायक अमिताभ बाजपाई हमेशा अपने अजीबो गरीब प्रदर्शन के कारण चर्चा में बने रहते हैं। बीते दिन शुक्रवार को एक बार फिर जनहित के मुद्दों को लेकर विधायक अमिताभ बाजपेई ने एक अनोखा प्रदर्शन किया। फूलबाग स्थित नाना राव पार्क में करीब 14 करोड़ की लागत से बने तरण ताल को नगर निगम द्वारा चालू न किए जाने के विरोध में विधायक अमिताभ बाजपेई ठीक उसी के बाहर प्लास्टिक के टब में पानी भरकर नहाने के लिए बैठ गए। उनका कहना था कि मुख्यमंत्री के द्वारा तरणताल के उद्घाटन के बाद भी नगर निगम की लापरवाही के चलते आम जनता के लिए यह शुरू नहीं हो सका है इसलिए वह आज अनशन पर बैठे हैं।

### सेवानिवृत कर्मचारियों को ढोल नगाड़े के साथ दी विदाई



जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर। कानपुर नगर, उत्तर प्रदेश जलकर कर्मचारी महासंघ के तत्वाधान में सेवानिवृत हुए उदय राज नरेश चंद्र का ढोल नगाड़ा माला फूलों से भव्य विदाई का समारोह का कार्यक्रम संपन्न हुआ वहीं मजदूर दिवस की सभी ने शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महाप्रबंधक ने दोनों कर्मचारी उदय राज नरेश चंद्र को माला पहनकर सम्मानित किया वहीं पूरे संघ के सदस्यों ने बड़ी-बड़ी से दोनों कर्मचारियों को माला पहनकर उपहार देकर सम्मानित किया।

### खुशहाल बेटियां खुशहाल समाज की नई कार्यकारिणी का हुआ गठन



जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर। शहर में शुक्रवार को खुशहाल बेटियां खुशहाल समाज समिति के तत्वाधान में नई कार्यकारिणी का गठन पांडू नगर स्थिति रेस्टोरेंट में हुआ जिसमें संस्था के सक्रिय 30 सदस्य मौजूद रहे। राष्ट्रीय अध्यक्ष अध्यक्ष एकता मिश्रा एडवोकेट ने बताया कि यह संस्था पिछले 3 वर्षों से अपने लक्ष्य को पूरा करने में सफल रही है. जिसमे सदस्यों की आम सहमति व चुनाव अधिकारियों के द्वारा पदाधिकारी का चयन किया गया। हरविंदर कौर कामिनी दीक्षित ममता गुप्ता रश्मि मिश्रा को चुनाव अधिकारी बनाया गया जिसमे डॉ. प्रीति सिंह को अध्यक्ष, अर्चना मिश्रा को सचिव, सरिता गुप्ता को उपाध्यक्ष, सोनाली कौर को सह सचिव, डॉ.अपर्णा शुक्ला को कोषाध्यक्ष और लक्ष्मी शुक्ला को सह कोषाध्यक्ष चुना गया यह सभी सदस्य इन पदों पर मनोनीत किए गए हैं। आमसभा में दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष नमिता कुशवाह साधना दीक्षित नीता शर्मा राधा रानी प्रियंका त्रिवेदी रमिंद्र अरोरा चित्रा निगम सुलभा वशिस्ठ, शिखा त्रिपाठी आदि लोग उपस्थित रहे।

### जच्चा बच्चा अस्पताल में प्राचार्य ने किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग में प्रधानाचार्य डॉ.संजय काला ने विभागाध्यक्ष डॉ.नीना गुप्ता, सीएमएस डॉ.रीता,डॉ.रेनू गुप्ता, डॉ.सीमा द्विवेदी जेई सिविल एवं प्रोजेक्ट मैनेजर के साथ पूरे विभाग का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि प्रशासन द्वारा विभाग के जीर्णोद्धार का 1.75 करोड रुपए का प्रस्ताव स्वीकृत हो गया है जिसमें बाउंड्री वॉल का निर्माण संपूर्ण विभाग के बाहर ड्रेनेज की व्यवस्था, ओपीडी एवं अन्य कक्षाओं में फॉल्स सीलिंग का निर्माण, विभाग में टाइल्स व एसी लगने की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने कहा कि 1950 के दशक में बने अपर इंडिया मैटरनिटी अस्पताल में होना वाला यह जीर्णोद्धार उसका स्वरूप सुधारेगा एवं रोगी हित में उपलब्ध यह सभी सुविधाएं अस्पताल के ऊग्चीकरण में सहयोगी होगी

### छह मई को होगी चंद्रशेखर कृषक समिति की बैठक

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय मे प्रत्येक माह 5 तारीख को होने वाली चंद्रशेखर कृषक समिति की बैठक इस बार 6 मई सोमवार को विश्वविद्यालय के प्रधान निदेशालय के लाल बहादुर शास्त्री सभागार में होगी। यह जानकारी देते हुए कृषक समिति के कार्यकारी अध्यक्ष जगदीश सिंह ने बताया कि 5 मई को रविवार के कारण यह बैठक 6 मई को होगी। उन्होंने बताया कि इस समिति की बैठक में प्रदेश के कई जनपदों से प्रगतिशील किसान प्रतिभाग करते हैं। जिसमें विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा किसानों को नवीनतम खेती-बाड़ी एवं पशुपालन की जानकारियां दी जाती हैं।

## मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर परिचर्चा का आयोजन



जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

लोकसभा निर्वाचन में मतदान प्रतिशत बढ़ाने व जनमानस को मतदान के प्रति प्रेरित करने के उद्देश्य से शुक्रवार को मुस्कुराए कानपुर द्वारा परिचर्चा का आयोजन किया गया जिसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कानपुर विभाग के विभाग प्रचारक बैरिस्टर जी ने कहा कि आज राष्ट्र को मजबूत बनाने का दायित्व हम सबका है और लोकतंत्र में जो अधिकार एवं दायित्व प्रत्येक व्यक्ति को दिया गया है उसका निर्वहन करना आवश्यक है। इसलिए हमें लोकतंत्र के इस महापर्व में शत प्रतिशत मतदान? करना होगा।

स्वीप कोऑर्डिनेटर डॉ.सुधांशु राय ने कहा कि राष्ट्र के निर्माण में प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी आवश्यक है। हम सभी को मतदान कर इस लोकतंत्र का सम्मान करना है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कानपुर विभाग के विभाग सह -संघचालक डॉ.विवेक सचान ने कहा कि कानपुर हर कार्यों में उत्कृष्टता हमेशा से प्रदान करता आ रहा है और अब हमें मतदान में भी कानपुर को नंबर एक बनाना है।

वरिष्ठ होम्योपैथिक डॉ.. एवं समाजसेवी डॉ.बी.एन.आचार्य ने कहा कि सामाजिक संस्थाएं अपने स्तर से ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं को जागरूक करें और मतदान के दिन को उत्सव के रूप में मनाए। मुस्कुराए यूपी महासचिव डॉ.कामायनी शर्मा ने बताया कि मुस्कुराए कानपुर संस्था द्वारा अपने सदस्यों के माध्यम से पचास हजार व्यक्तियों तक जागरूक करने का लक्ष्य रखा गया है द्य डॉ.ओम प्रकाश आनंद ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति अपनी जिम्मेदारी निभाएं तो हम मतदान प्रतिशत बढ़ा सकते हैं कानपुर विद्या मंदिर पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर मृदुला शुक्ला ने कहा कि बुद्धिजीवी वर्ग जागरूकता के कार्यक्रमों को प्रभावी स्वरूप प्रदान कर सकता है।

इस अवसर पर डॉ.राव विक्रम सिंह, प्रो.प्रीति सिंह, डॉ.अनुराधा सिंह, डॉ.पूनम रानी, पंकज शर्मा, डॉ.विनोद शुक्ला सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## प्रेमिका ने प्रेमी को घर बुलाकर कोल्ड ड्रिंक में मिलाकर दिया जहर, हालत गंभीर

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर



शहर के थाना सेन पश्चिम पारा क्षेत्र में शादी शुदा प्रेमी को घर में बुलाकर प्रेमिका ने अपने साथी संग मिल कोल्ड ड्रिंक में जहरीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया। मकान मालिक ने कमरे के अंदर से शोर सुना तो दरवाजा खुलवाया जिस पर प्रेमी बेहोशी की हालत में जमीन पर पड़ा मिला। मकान मालिक ने फोन कर घटना की सूचना पुलिस और प्रेमी युवक के परिजनों को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस से युवक को बिधनू सीएचसी पहुंचाया जहां पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर हालत में हैलट केलिए रेफर कर दिया है पुलिस घटना की जांच पड़ताल कर रही है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रेमिका के घर बेहोशी की हालत में मिला प्रेमी विवेकत्रिवेदी कृष्ण विहार गल्ला मंडी में रहता है और उसकी शादी भी हो चुकी है। विवेककी पत्नी रोशनी ने बताया कि सृष्टि पाल 3 साल पहले उन्हीं के घर में किराए पर रहती थी इसी दौरान उसके पति विवेक को अपने प्रेम जाल में फंसा लिया और जब उसे इस बात पर शकहुआ तो उन्होंने ससुर शीतला शंकर से कहते हुए उसका कमरा खाली कर दिया और सृष्टि सेन पश्चिम पर थाना क्षेत्र अंतर्गत सरदार पटेल स्कूल केपास रहने लगी।

रोशनी ने सृष्टि व उसकेसाथी केऊपर कोल्ड ड्रिंक में जहरीला पदार्थ खिलाने का आरोप लगाया है।

### चित्रकला व निबंध प्रतियोगिता

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर। सर्व सहज सेवा समिति द्वारा स्वर्गीय कुमुद श्रीवास्तव जी की स्मृति में महिला विद्यालय जूनियर हाई स्कूल सिविल लाइंस में चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता दो स्तर पर आयोजित की गई। कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थियों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता एवं कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

## विकलांग एसोसिएशन ने लगाया विवाह पंजीकरण शिविर

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर



विकलांग एसोसिएशन ने दिव्यांग व्यक्तियों का विवाह पंजीकरण शिविर शास्त्री नगर सेन्ट्रल पार्क बगिया में आयोजित किया। जिसमें 19 दिव्यांग व्यक्तियों ने अपना आवेदन किया।

एसोसिएशन ने घर बसाओ-पुण्य कमाओ कन्यादान योजना में शामिल होने के लिये लोगों से अपील की है। सामूहिक विवाह में शामिल होने वाले व्यक्तियों को सरकार की विवाह प्रोत्साहन योजना का लाभ विकलांग एसोसिएशन दिलायेगी। जिसके तहत शारीरिक रूप से स्वस्थ लड़के विकलांग लड़की से विवाह करेंगें तो उन्हें पुरस्कार के रूप में 20 हजार, शारीरिक रूप से स्वस्थ लड़की विकलांग लड़के से विवाह करेंगी तो उन्हें 15 हजार व दोनों के विकलांग होने पर 35 हजार मिलेगा। एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने बताया की गरीब व अनाथ विकलांग लड़कियों के विवाह के लिये एसोसिएशन ने घर बसाओ-पुण्य कमाओ कन्यादान योजना शुरू की है। जिसके तहत विवाह का सारा खर्च विकलांग एसोसिएशन वहन करेगी। ऐसे व्यक्तियों को कन्यादान योजना में शामिल किया जायेगा जिनके पुत्री नहीं है और वो कन्यादान करने के इच्छुक हों। इसके लिए उन्हें लिखित सहमति देनी होगी।

वीरेन्द्र कुमार ने बताया की शास्त्री नगर सेन्ट्रल पार्क बगिया में प्रतिदिन प्रातः 9:00 बजे से 11:00 बजे तक सामूहिक विवाह के लिये आवेदन प्राप्त किये जा सकते हैं। विवाह पंजीकरण शिविर में अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार के अलावा अल्पना कुमारी, राहुल कुमार, गौरव कुमार, वैभव दीक्षित, अशोक कुमार, अरविन्द सिंह आदि शामिल थे।

## मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

ध्वनि फाउंडेशन के तत्वाधान में 13 मई को होने वाले लोक सभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए मतदाता जागरूकता हेतु कार्यक्रम का आयोजन संजय वन पार्क, किदवई नगर में किया गया।इस मौके पर संस्था के सदस्य ऋषि आर्य ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों में यह देखने में आया है कि कानपुर नगर में मतदान का प्रतिशत काफी कम रहा है। उन्होंने बताया कि इसका प्रमुख कारण मतदाताओं में उदासीनता एवं छुट्टी का दिन है। बहुत से मतदाता अपने मत की कीमत नहीं समझते और बहुत से मतदाता छुट्टी का दिन अथवा प्रचंड गर्मी का बहाना बनाकर मतदान केंद्रों में नहीं जाते हैं जिस कारण से मतदान का प्रतिशत कम हो जाता है।ध्वनि फाउंडेशन द्वारा आज संजय वन पार्क के विभिन्न जगहों पर स्टिकर, पर्चे एवं मौखिक अपील के द्वारा आम जनमानस को जागरूक किया गया है कि अधिक से अधिक संख्या में मतदान के दिन मतदाता अपने घर से निकले और राष्ट्र हित में मतदान अवश्य करें। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष एड0समीर शुक्ला, अतुल शुक्ला, वैभव अग्रवाल, एड0नीलेश तिवारी, पवन श्रीवास्तव, दीपक राजपूत, अंकुर शर्मा, निर्माण प्रजापति अजीत चंदेल आदि उपस्थित रहे।

# केएल शर्मा अमेठी सीट से लड़ेंगे चुनाव

**कांग्रेस प्रत्याशी शर्मा ने चार सेट में नामांकन पत्र दाखिल किया**

**जन एक्सप्रेस | अमेठी**



कांग्रेस ने अमेठी से केएल शर्मा को चुनाव मैदान में उतारा है।कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा ने शुक्रवार को चार सेट में नामांकन पत्र दाखिल किया।पिछले कुछ दिनों से राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के चुनाव लड़ने को लेकर चर्चा चल रही थी।लेकिन नामांकन के आखिरी दिन पार्टी ने सस्पेंस खत्म कर दिया है।दोनों ही सीटें गांधी परिवार की परंपराग सीट रही हैं।रायबरेली से सोनिया गांधी लगातार चार बार चुनाव जीतकर लोकसभा पहुंची थीं। वहीं अमेठी से राहुल गांधी 2004 में पहली बार सांसद बने थे।हालांकि 2019 में उन्हें बीजेपी की स्मृति इरानी ने शिकस्त दी।इस बार कांग्रेस ने अपने भरोसेमंद केएल शर्मा को इस सीट से चुनाव मैदान में उतारा है। किशोरी लाल शर्मा मूलतः पंजाब के लुधियाना के रहने वाले हैं।उन्होंने रायबरेली में सोनिया गांधी के प्रतिनिधि के रूप में लंबे समय तक काम किया है।अमेठी से कांग्रेस के किशोरी लाल शर्मा बीजेपी की स्मृति ईरानी को चुनौती देंगे।किशोरी लाल शर्मा गांधी परिवार के बेहद करीबी और विश्वासपात्र हैं।वे रायबरेली में सोनिया गांधी के प्रतिनिधि भी रह चुके हैं।जब गांधी परिवार से जुड़े मामलों की बात आती है,तो रायबरेली और अमेठी में किशोरी लाल शर्मा का नाम सामने आता है। किशोरी लाल शर्मा बीजेपी की स्मृति ईरानी के खिलाफ चुनाव लड़ेंगे, जिन्होंने 2019 के आम चुनाव में राहुल गांधी को हराया था। वे पहली बार 1983 में कांग्रेस कार्यकर्ता के रूप में अमेठी आए थे।कांग्रेस नेता और पूर्व प्रधान मंत्री दिवंगत राजीव गांधी के साथ निकटता से जुड़े और पार्टी के लिए काम करते रहे।1991 में राजीव गांधी की मृत्यु के बाद वह अमेठी में कांग्रेस को मजबूत करने के लिए काम करते रहे। 1999 में सोनिया गांधी की पहली चुनावी जीत में किशोरी लाल शर्मा ने अहम भूमिका निभाई।सोनिया गांधी पहली बार अमेठी से जीत के साथ संसद में पहुंचीं। अमेठी में प्रियंका गांधी के नाम को लेकर भी चर्चा चल रही थी। पार्टी की ओर से प्रियंका को अमेठी से चुनाव लड़ने का प्रस्ताव भी दिया गया। लेकिन प्रियंका इसके लिए तैयार नहीं हुईं।पिछले दिनों रॉबर्ट वाड्रा का नाम भी उस समय चर्चा में आया था जब अमेठी में कांग्रेस दफ्तर के बाहर उनके समर्थन में पोस्टर लगाए गए थे। रॉबर्ट वाड्रा ने खुद भी राजनीति में आने के संकेत दिए थे।हालांकि अब इन सभी अटकलों पर विराम लग चुका है।संसदीय क्षेत्र अमेठी में केएल शर्मा का सीधा मुकाबला बीजेपी उम्मीदवार और केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी से होगा।2004 से लेकर पंद्रह साल तक अमेठी लोकसभा सीट पर चुनाव जीतकर राहुल गांधी यहां से सांसद रहे।2019 के चुनाव में बीजेपी की उम्मीदवार और केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने उन्हें करारी शिकस्त दी थी।

# अवध की लोक संस्कृति, स्वास्तिवाचन व शंखनाद से होगा पीएम का स्वागत

**जन एक्सप्रेस | अयोध्या**



अवध की लोक संस्कृति, बटुकों के स्वास्तिवाचन व शंखनाद से प्रधानमंत्री का रोड शो में अभिवादन किया जाएगा। महिलाओं द्वारा आरती उतारा जाएगी। रोड-शो के मार्ग में पड़ने वाले मठ-मंदिरों तथा घरों की छतों से रोड-शो पर पुष्प वर्षा की जाएगी। मार्ग की रेलिंग को फूलों से सजाया जाएगा। रोड शो को लेकर भाजपा ने जोर-शोर तैयारियां शुरू कर दी है। जिसके लिए भाजपा पदाधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों ने जनसंपर्क प्रारम्भ कर दिया है। तैयारियों को लेकर अयोध्या धाम में वहां के पार्षदों तथा पदाधिकारियों तथा लोक सभा चुनाव कार्यालय में अयोध्या कैंट के पार्षदों व पदाधिकारियों की बैठक की गई।

पीएम के रोड शो को लेकर स्वागत कर्ताओं को 40 वर्गों में बांटा गया है। जिसमें धर्माचार्य, संत महंत, बटुक, संस्कृत महाविद्यालय के छात्र, शिक्षक, योग प्रशिक्षक, चिकित्सक, अधिवक्ता, किसान, महिला, पूर्व सैनिक, व्यापारी, शिक्षण संस्थानों के प्रबंधक प्रधानाचार्य, नवमतदाता छात्र, एनजीओ, स्वयं सहायता समूह, दुर्गा पूजा, रामलीला व गणेश पूजा की समितियों सहित अन्य वर्गो में बांटा गया है। कुल 40 ब्लाक बनेंगे जिसमें लाइटिंग, साउंड तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होता रहेगा । लोक सभा चुनाव कार्यालय में आयोजित बैठक के दौरान सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि अयोध्या से पूरे विश्व में आध्यत्मिक उर्जा का संचार होता है। डबल इंजन की सरकार ने अयोध्या का अभूतपूर्व विकास करते हुए इसे विश्व की आध्यात्मिक राजधानी के रूप में स्थापित किया है। इस कारण हम सभी की जिम्मेदारियां बढ़ जाती है। रोड शो ऐतिहासिक हो इसके लिए पूर्ण उर्जा के साथ कार्यकर्ता जुट जाएं। क्षेत्रीय महामंत्री व महानगर प्रभारी विजय प्रताप सिंह ने कहा कि रोड शो के दौरान पदाधिकारी तैयारियां में जुट जाएं। रोड शो में सभी बूथों की उपस्थिति रहे इसके लिए व्यापक स्तर पर जनसम्पर्क कर लोगों को कार्यक्रम के लिए आमंत्रित करें। महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का रोड शो लोकप्रियता के सभी रिकार्ड को रामनगरी में तोड़ देगा। सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की भावना जन-जन के भीतर समाहित हो चुकी है। रामराज्य की परिकल्पना का उद्भव स्थल अयोध्या में समाज का हर वर्ग प्रधानमंत्री का स्वागत करने के लिए आतुर है।

# कांग्रेस ने स्वीकार की अपनी हार, राहुल गांधी के अमेठी से चुनाव न लड़ने पर: स्मृति ईरानी

**जन एक्सप्रेस | अमेठी**



शुक्रवार को मीडिया से बात करते हुए अमेठी से गांधी परिवार के न लड़ने और राहुल गांधी के रायबरेली से नामांकन करने के मुद्दे पर भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी ने तीखा हमला बोला है।कई दिनों की चर्चा के बाद कांग्रेस ने शुक्रवार सुबह साफ कर दिया,कि राहुल गांधी अमेठी से नहीं रायबरेली से चुनाव लड़ेंगे।वहीं राहुल गांधी की सीट बदले जाने पर बीजेपी गांधी परिवार पर हमलावर है।अमेठी की सांसद स्मृति ईरानी ने गांधी परिवार पर निशाना साधा है।उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने वोट पड़ने से पहले ही अपनी हार स्वीकार कर ली है।उनका कहना है कि अमेठी से गांधी परिवार का न लड़ना,संकेत है कि चुनाव से पहले बिना वोट पड़े ही कांग्रेस पार्टी ने अमेठी में अपनी हार मान ली है। स्मृति ईरानी ने कहा कि इस समय जनता भी यह जानती है की जिन्हें अमेठी ने अस्वीकार कर दिया और जो अमेठी छोड़कर वायानाड चले गए।वे रायबरेली के पूर्णतया कभी नहीं हो पाएंगे।प्रश्न यह उठता है कि जब उन्होंने वायनाड में कहा कि वायनाड ही उनका परिवार है,तो अब रायबरेली में क्या कहेंगे।स्मृति ने कहा कि प्रधानमंत्री के दूरदर्शिता का परिणाम है कि आप आज अमेठी में कमल खिलता हुआ देख रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने पहले ही कह दिया था,कि जैसे ही वायनाड में वोट पड़ जाएंगे राहुल गांधी एक नई सुरक्षित सीट ढूंढने में लग जाएंगे।और प्रधानमंत्री की कही बात को आप अक्षरशः सही साबित होते हुए देख सकते हैं।प्रियंका गांधी के सवाल पर भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी ने कहा कि मेहमानों का स्वागत है। लेकिन गांधी परिवार का अमेठी से चुनाव न लड़ने से यह संकेत मिलता है,कि वोट पड़ने के पहले ही कांग्रेस ने अपनी हार स्वीकार कर लिया है।

# नरेन्द्र मोदी और योगी के कार्यकाल में हुआ संतों का मान सम्मान ःराजेश महाराज



**जन एक्सप्रेस | अयोध्या**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अयोध्या आगमन को लेकर सन्तों महंतों में काफी उत्साह है जिसको लेकर आज अयोध्या तीर्थ पुरोहित धर्मार्थ सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष राजेश महाराज के अगुवाई में महापौर गिरीशपति त्रिपाठी और अयोध्या तीर्थ पुरोहित धर्मार्थ सेवा ट्रस्ट की तमाम पदाधिकारी और पार्षद वर्तमान पार्षद और भूतपूर्व पार्षद सब लोग मिलकर सफाई अभियान चलाया गया इस अवसर पर अयोध्या तीर्थ पुरोहित धर्मार्थ सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष राजेश महाराज ने कहा कि भगवान राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद मोदी जी के आगमन का पहला मौका है जब मोदी जी आ रहे हैं । नरेन्द्र मोदी और योगी जी के निर्देशन में सन्तों महंतों को जो मान सम्मान मिला है ।वह किसी सरकार ने नही दिया । इसी उत्साह को लेकर आज अयोध्या पुरोहित धर्मार्थ सेवा ट्रस्ट के कार्य कर्ता स्वंय ही साफ सफाई करा रहे है।

# रायबरेली लोकसभा से बीजेपी से दिनेश प्रताप सिंह ने दाखिल किया नामांकन पत्र

**जन एक्सप्रेस | रायबरेली**

लोकसभा चुनाव 2024 में रायबरेली संसदीय क्षेत्र से दिनेश प्रताप सिंह ने गुरुवार 3 मई नामांकन के आखिरी दिन अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। कल ही बीजेपी ने रायबरेली लोकसभा क्षेत्र से दिनेश प्रताप सिंह को प्रत्याशी बनाया। उसके बाद कांग्रेस पार्टी ने आज अपना प्रत्याशी घोषित किया। बता दें कि दिनेश प्रताप सिंह मौजूदा एमएलसी और प्रदेश सरकार में मंत्री हैं। इससे पहले भी दिनेश प्रताप सिंह ने रायबरेली से सोनिया गांधी के खिलाफ चुनाव लडा था जिसमें उनको हार का सामना करना पड़ा था। इस सीट से मौजूदा सांसद सोनिया गांधी हैं जो अब राज्यसभा सांसद हैं। जिन्होंने लगातार पांच बार यहां से जीत दर्ज की थी। उनके राज्यसभा जाने और चुनाव न लड़ने के ऐलान के बाद काफी जद्दोजहद के बाद रायबरेली से राहुल गांधी को प्रत्याशी बनाया गया। दिनेश प्रताप सिंह के नाम की घोषणा के बाद प्रत्याशी को लेकर कई दिनों लगाए जा कयासों पर भी विराम लग गया। नामांकन ने उत्तर प्रदेश सरकार के डेप्युटी सीएम ब्रजेश पाठक भी मौजूद रहे। रायबरेली में 5वें चरण में 20 मई को मतदान होना है। प्रदेश की इस हॉट सीट पर किसकी होगी जीत किसकी होगी हार ये तो आने वाले 4 जून को मतगणना के दिन ही पता चलेगा।

## श्री प्रियातु मण्डल बनाए गए सामान्य प्रेक्षक

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** निर्वाचन आयोग के निर्देश पर प्रियातु मण्डल को रायबरेली संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए सामान्य प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि किसी भी राजनैतिक दल या मतदाता द्वारा चुनाव से संबंधित शिकायत या शंका के समाधान के लिए प्रेक्षक से मोबाइल नंबर 8887178780 पर संपर्क किया जा सकता है। शिकायतकर्ता उनसे समय लेकर ऊंचाहार स्थित एनटीपीसी गेस्ट हाउस में मुलाकात कर सकते हैं। उनसे मिलने का समय सोमवार से शुक्रवार के बीच किसी भी दिन सुबह 9-10 बजे होगा।

## भागवत कथा से श्रोता गण हुए भावविभोर

**जन एक्सप्रेस/बीकापुर- अयोध्या।** चौरे बाजार पुलिस चौकी क्षेत्राअंतर्गत परोमा गांव में चल रही साप्ताहिक भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के व्यास पीठाधीश्वर आचार्य पंडित अमर देव तिवारी अपनी अमृत मई वाणी की वर्षा करते हुए संगीत मई कथा के माध्यम से सुखदेव द्वारा कही कथा से जिस तरह राजा परीक्षित को मोक्ष दिलाई थी उसी तरह प्रमुख यजमान पंडित सुरेंद्र तिवारी एवं पत्नी श्रीमती यशोदा देवी को मोक्ष की प्राप्ति का प्रयास करना बताते हुए आचार्य श्री तिवारी हिरण्या कश्यप को भक्ति से मिली शक्ति के दुरुपयोग एवं बढ़ी असुरी शक्ति का विस्तार से वर्णन करने के साथ उनके पुत्र के रूप में जन्मे प्रहलाद की भक्ति और नारायण- नारायण के जाप से मिली शक्ति को बताते हुए। हिरण्या कश्यप द्वारा बार-बार प्रहलाद को करने का प्रयास असफल होते होलिका के वरदान मिले रहने के बाद भी अपने भक्त की रक्षा किस तरह से भगवान करते हैं। इसे बताते हुए आचार्य श्री तिवारी की बातों को सुनकर श्रोतागण भक्ति के रस से शराबोर होकर प्रभु के द्वारा भक्तों के कल्याण को सोच कर प्रभु की भक्ति में डुबकी लगाने लगे। आचार्य श्री तिवारी की स्वरचित गीत देना है तो दीजिए जनम-जनम का साथ पर श्रोतागण भाव विभोर होकर नाचने के लिए मजबूर होते कथा सुनने वाले देखे गये हैं।

# दो सगे भाइयों समेत तीन की सड़क दुघर्टना में मौत

## बारात में शामिल होकर एक ही बाइक से लौट रहे थे घर, एंबुलेंस ने मारी टक्कर

**जन एक्सप्रेस | अम्बेडकरनगर**



जनपद में अकबरपुर ओवरब्रिज पर गुरुवार देर रात एम्बुलेंस ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार तीन युवक घायल हो गए, जिन्हें पुलिस ने इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है।अकबरपुर थाना क्षेत्र के कयामुद्दीन निवासी संजय राजभर (40) अपने भाई राजेंद्र राजभर (36) और अकबरपुर थाना इलाके के मिर्जापुर निवासी सत्यम राजभर (22) पुत्र चंद्रभान के साथ एक ही बाइक पर सवार होकर अहिरौली थाना इलाके के भाऊपुर में बारात गए थे। तीनों लोग एक ही बाइक पर सवार होकर रात में लौट रहे थे।तेज रफ्तार में आ रही थी एंबुलेंस वह अकबरपुर ओवरब्रिज पर पहुंचे थे तभी तेज रफ्तार आ रही एम्बुलेंस की चपेट में आ गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान तीनों की मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक अकबरपुर वीरेंद्र सिंह ने बताया की तीनों मृतकों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। एम्बुलेंस को कब्जे में ले लिया गया है।

# यूको बैंक के नवनिर्मित शाखा का हुआ उद्घाटन

**जन एक्सप्रेस | अयोध्या**



मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की रामनगरी अयोध्या में यूको बैंक की नवनिर्मित ब्रांच विभिन्न योजनाओं के साथ हुआ भव्य उद्घाटन

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या में यूको बैंक के विभिन्न योजनायें हुई शुरू । अश्वनी कुमार ने बताया की रामनगरी अयोध्या में यूको बैंक द्वारा श्रद्धालुओं को बैठने के लिए कुर्सियों का प्रबंध, यात्री विश्राम गृह में किया गया है। इसके साथ ही अयोध्या में एटीएम बैंक का भी शुभारंभ किया गया विभिन्न योजनाओं का शुभारंभ यूको बैंक के प्रबंध निदेशक व सीईओ अश्विनी कुमार, अंचल प्रमुख सुश्री मिलन दुबे विशिष्ट अतिथि रहे श्री रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस दौरान यूको बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी अश्विनी कुमार के द्वारा निरीक्षण किया गया यूको बैंक के प्रबंध निदेशक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अश्विनी कुमार ने बताया यात्रियों की सुविधा के लिए यात्री विश्राम गृह में 350 चेयर की बैठने के लिए व्यवस्था की गई। वही पार्किंग होटल में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया वही अंचल से आये बैंकों के अधिकारी व कर्मचारियों श्री मुख्य अतिथि ने मुलाकात की और उन्होंने मंडलों से आए अधिकारियों से बैंक लेखा-जोखा की जानकारी ली उन्होंने बताया कि हमारे यहां हर प्रकार की लोन सुविधा उपलब्ध है।इस दौरान अंचल प्रमुख सुश्री मिलन दुबे, नीरज सचान ,विक्रांत त्यागी,मनोज सिंह, अशोक दुबे ,पल्लवी श्रीवास्तव, मल्लिका श्रीवास्तव, प्रियंका वैश्य ,स्वर्णा त्रिपाठी ,अर्चना अग्रवाल सहित तमाम बैंक के कर्मचारी मौजूद रहे।

# जनसपंर्क अभियान चला कर लोगों को पीएम के रोड शो के लिए किया गया आमंत्रित

**जन एक्सप्रेस | अयोध्या**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगमन को लेकर रामनगरी में भाजपा ने व्यापक स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाया। पीएम के आगमन से पूर्व स्वच्छता अभियान चलाया जाता है। महानगर के सभी 400 बूथों पर जनप्रतिनिधियों तथा पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकताओं द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान जनसपंर्क अभियान चला कर लोगों को पीएम के रोड शो के लिए आमंत्रित किया गया।

सांसद लल्लू सिंह लता चौक, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने टेढ़ी बाजार, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने छोटी देवकाली, प्रथम महापौर ऋषिकेश उपाध्याय व अभिषेक मिश्रा ने हनुमानगढ़ी तिराहा महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव बड़ी देवकाली में आयोजित स्वच्छता अभियान में शामिल हुए तथा लोगों से सम्पर्क करके रोड शो के लिए आमंत्रित किया। क्षेत्रीय महामंत्री व महानगर प्रभारी विजय प्रताप सिंह ने कचहरी में अधिवक्ताओं से सम्पर्क किया।सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छता अभियान ने देश के नागरिकों के भीतर समाज के प्रति उत्तदायित्व की अनुभूति जगा दी है। पूरे देश की जनता इस अभियान से जुड़ी हुई है। महानगर प्रभारी विजय प्रताप सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री के स्वच्छता अभियान से आज समाज का हर वर्ग जुड़ गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का रोड शो को देखने के लिए जनता आतुर है। रोड शो का अभूतपूर्व स्वागत करने के लिए जनसैलाब उमड़ेगा। महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा कि अपने चारों ओर स्वास्थ्यवर्धक व स्वच्छ परिवेश का निर्माण करने विचार को जनता का अपार समर्थन मिला है। प्रबुद्ध वर्ग, खिलाड़ी, उद्योगपतियों से लेकर आम जनता प्रधानमंत्री के स्वच्छता अभियान में अपना योगदान दे रही है। स्वच्छता व स्वास्थ्य के बीच गहरे सम्बंध को इस अभियान चलते आम जनता महसूस करने लगी है। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि स्वच्छ वातावरण बीमारियों के निजात दिलाने के साथ हमारे मन में उर्जा का संचार करता है। प्रधानमंत्री के आगमन से पहले चलने वाला स्वच्छता अभियान समाज में एक संदेश देने का कार्य करता है। पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय ने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान आज जनता के बीच लोकप्रिय हो गया है।

इसके चलते लोग गंदगी से होने वाली बीमारियों के बारें में जागरुक हुए है। स्वच्छता अभियान के दौरान प्रमुख रुप से लता चौक पर बालकृष्ण वैश्य, छोटी देवकाली पर अनुज दास, हनुमानगढ़ी तिराहा पर घनश्याम पहलवानल, रिशू पाण्डेय, बड़ी देवकाली पर चंदन सिंह, शशि प्रताप सिंह, मंजू गुप्ता, मनोज श्रीवास्तव मौजूद रहे।

## शराबी पति से तंग पत्नी ने की शिकायत

**बीकापुर -अयोध्या।** कोतवाली क्षेत्र की निवासिनी मीना पुत्री भगवान दीन ने अपने पति पर आरोप लगाते हुए लिखा है कि पति द्वारा प्रति दिन शराब के नशे में रहकर आए दिन मारता पीटता रहता है। जिसके चलते पिता द्वारा दी गयी सारी जेवर लेकर बेंच चुका है तंग आकर 3 महीने का बच्चा पेट में था तभी से मायके में आकर रह रही हूं। काफी प्रयास के बाद भी ना हमको हमारा सामान दे रहे हैं। अपने जेवर की वापसी के साथ प प्राथमिक दर्ज कर उचित कार्यवाही की मांग की है। इस तरह से अपने को पीड़ित बताती हुई मीना ने कहा है कि पहली शादी होने पर पति खत्म हो गया दूसरी शादी परिवार के मन माफिक कोर्ट मैरिज करवा कर मनोज कोरी पुत्र बद्री कोरी निवासी उत्तर सुख थाना धनपतगंज के साथ कोर्ट मैरिज करवा कर की गई उनकी मारपीट से तंग आ कर सास द्वारा भी पायल, मटर माला आदि ले लिया गया हैं। परिवार के लोगों द्वारा मारने पीटने के साथ तरह से उत्पीड़न किये जाने की शिकायत कोतवाली में करके मुकदमा पंजीकृत करवाने के लिए प्रभारी से निवेदन करना कहां है।

# अयोध्या पहुंचे मनोज सिन्हा बोले, राम लला सरकार और बजरंगबली का आशीर्वाद लेने आया हूं

**जन एक्सप्रेस | अयोध्या**



अयोध्या पहुंचे जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शुक्रवार को रामलला सरकार के दरबार में हाजिरी लगाई और उनका आशीर्वाद लिया, साथ ही उन्होंने सिद्धपीठ हनुमानगढ़ी में जाकर माथा टेका।इससे पहले महर्षि बाल्मीकि एयरपोर्ट पर संवाददाताओं से बातचीत भी की। मनोज सिन्हा ने कहा कि रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में मैं नहीं आ सका था, इसलिए आज यहां राम लला सरकार और बजरंगबली का आशीर्वाद लेने आया हूं।

# भाजपा प्रन्याशी रितेश पांडे के नामांकन जनसभा में पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी

**जन एक्सप्रेस | अम्बेडकर नगर**



अम्बेडकर नगर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी रितेश पांडे रोड शो करते हुए नामांकन रथ पर सवार होकर नगर का भ्रमण करते हुए मोदी योगी जिंदाबाद की नारे के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचकर अपने प्रस्तावक और समर्थक के साथ नामांकन कर सी डी ओ आवास के सामने चल रही नामांकन सभा में शामिल हुए। सभा स्थल पर पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी और निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय निषाद का 51 किलो की माला से सांसद प्रत्याशी रितेश पाण्डेय के साथ जिले के भाजपा नेताओं और जनप्रतिनिधियों से स्वागत कर स्मृति चिन्ह और अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत किया। सभा को सम्बोधित करते भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने जनता की मूल भूत सुविधाओं पर तेजी से काम किया है। कहा कि महाराष्ट्र के बाद उत्तर प्रदेश सबसे बड़ी अर्थ व्यवस्था वाला प्रदेश बान चुका है।प्रदेश में उद्योग लगाने के लिए योगी जी ने अनुकूल वातावरण तैयार किया है। विपक्षी दलों पर आरोप लगाते हुए कहा कि सपा बसपा की सरकार में हिंदू अपने त्यौहारों को ठीक से नहीं मना पाता था। भाजपा की सरकार में हिंदू अपने पर्वों को पूरी आजादी से मना पा रहा है। अयोध्या में भगवान श्री लला का मन्दिर भव्य बन गया है।पिछड़े और अनुसूचित वर्ग के सर्वाधिक विधायक भाजपा के हैं।उन्होंने लोगों से सुबह सुबह पहले मतदान फिर जलपान का आवाहन करते हुए कहा कि मतदान के लिए दूसरों को भी प्रेरित करें। कहा कि सपा बसपा की सरकारों में प्रदेश दंगाइयों का प्रदेश बन चुका था।भाजपा सरकार में गुंडा और दंगा मुक्त प्रदेश बन चुका है। निषाद पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष डाक्टर संजय निषाद ने कहा कि अंबेडकर नगर की? जनपद के विकास में पाण्डेय परिवार के राजनीतिक पद का बड़ा योगदान है।भगवान राम ने निषाद राज को गले लगाया।सपा बसपा वोट की गंदी राजनीति करते हैं। निषाद समाज से रितेश पाण्डेय को भारी समर्थन और वोट दिए जाने की अपील किया। प्रत्याशी रितेश पाण्डेय ने कहा कि भाजपा सरकार ने जनपद में 80 हजार प्रधानमंत्री आवास,7 लाख आयुष्मान कार्ड,भरपूर बिजली दिया जा रहा है। दो औद्योगिक क्षेत्र बनाया गया है।मेडिकल कालेज में ट्रामा सेंटर बनाए जाने का प्रयास कर रहे हैं।

**तापमान**

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 41°C | 26°C |
| कानपुर | 41°C | 26°C |
| देहरादून | 36°C | 22°C |
| नई दिल्ली | 41°C | 27°C |

# कांग्रेस को पाकिस्तानी समर्थन से साफ कांग्रेस का हाथ, देश के दुश्मनों के साथ : सीएम योगी

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पाकिस्तान से कांग्रेस के समर्थन में उठी आवाज पर कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर किया प्रहार**

- **भाजपा जीते तो देश में मनेगी दीपावली और कांग्रेस की जीत पर पाकिस्तान में मनाया जाएगा जश्न: सीएम योगी**
- **पुलवामा की घटना का समर्थन करने वाला पाकिस्तान का पूर्व मंत्री आज राहुल गांधी को कर रहा है सपोर्ट: योगी**
- **ऐसे बयानों से देश की जनता को होना चाहिए अवेयर, भारत विरोधी ताकतों की मंशा को समझने की जरूरत**



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को पाकिस्तान से कांग्रेस के समर्थन में उठी आवाज पर राहुल गांधी और इंडी गठबंधन पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि अब यह स्पष्ट हो गया है कि कांग्रेस का हाथ देश के दुश्मनों के साथ है। संभल, बदायूं और आंवला लोकसभा क्षेत्रों में चुनावी जनसभाओं को संबोधित करने के लिए रवाना होने से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सरकारी आवास पर मीडिया से इस विषय पर विस्तार से बात की। उन्होंने कहा कि यदि मोदी और भाजपा जीतते हैं तो देश में दीपावली मनाई जाती है तो वहीं कांग्रेस की जीत पर पाकिस्तान में जश्न मनाया जाता है। इस अंतर को देश की जनता को समझना चाहिए और देश विरोधी तत्वों को नकार देना चाहिए।

### कांग्रेस जीती तो प्रफुल्लित होगा पाकिस्तान

सीएम योगी ने कहा कि चुनाव आज चरम पर पहुंच चुका है। स्वाभाविक रूप से जो देश के दुश्मन हैं वह चुनाव के दौरान मोदी जी के पक्ष में जो माहौल है उसको खराब करने का भरसक प्रयास करेंगे। कुछ चीजें पूरे देश की जनता को देखनी चाहिएं कि कैसे पाकिस्तान राहुल गांधी को प्रोजेक्ट कर रहा है। पाकिस्तान सरकार का एक पूर्व मंत्री जो बेशर्मी के साथ पुलवामा की घटना का समर्थन करता है, वही व्यक्ति आज राहुल गांधी को सपोर्ट कर रहा है और राहुल गांधी को लेकर प्रफुल्लित हो रहा हो। यह दिखाता है कि कांग्रेस का हाथ, देश के दुश्मनों का साथ दोनों साथ हैं। ये दिखाता है कि मोदी जी जीतेंगे तो भारत में दीपावली होगी, लेकिन यदि कांग्रेस कहीं पर सफलता प्राप्त करे तो पाकिस्तान उससे प्रफुल्लित हो रहा है। देश की जनता को इन बयानों से अवेयर होना चाहिए और समझना चाहिए कि इसके पीछे भारत विरोधी ताकतों की मंशा क्या है।

### कांग्रेस की विभाजनकारी, तुष्टीकरण की नीतियों को जनता देगी करारा जवाब

उन्होंने कहा कि कांग्रेस आजादी के बाद अपने मार्ग से भटक गई है। उसने अपने स्वार्थ के लिए पहले देश का विभाजन किया और फिर अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए देश के अंदर तुष्टीकरण की नीतियों को आगे बढ़ाया। तुष्टीकरण की नीतियों का ही दुष्परिणाम था कि देश के अंदर अलगाववाद और उग्रवाद चरम पर पहुंचा। कांग्रेस सरकार की भ्रष्ट नीतियों के कारण देश के अंदर नक्सलवाद भी तेजी से फैला। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने पिछले 10 वर्ष के अंदर जो कार्य किया है उसके कारण आतंकवाद, नक्सलवाद और उग्रवाद को नियंत्रित किया जा सका है। आज देश के अंदर एक सकारात्मक माहौल बना है। विकास और गरीब कल्याणकारी योजनाओं को लेकर एक बेहतर माहौल बना है, जिससे अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति को भी शासन की योजनाओं का लाभ मिल रहा है। स्वाभाविक रूप से आम जनमानस का रुझान इन सभी बातों को लेकर मोदी जी के समर्थन में है। हमें पूर्ण विश्वास है कि कांग्रेस की विभाजनकारी, तुष्टीकरण की नीतियों का देश की जनता कांग्रेस और इंडी गठबंधन को जोरदार जवाब देकर उनकी मंशा पर पानी फेरने का काम करेगी और मोदी जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी और एनडीए गठबंधन फिर एक बार प्रचंड बहुमत से सरकार बनाएगा।

# रिकॉर्ड 1300 करोड़ के पार पहुंची यूपीसीडा की आय

- **2018-19 की तुलना में 2023-24 में प्राप्त किया दोगुना ऑपरेटिंग रेवेन्यू**
- **प्रशासनिक खर्चों में भी 2018-19 की तुलना में 9 प्रतिशत की हुई कटौती**
- **2017-18 में 104 करोड़ से 2023-24 में 415 करोड़ तक पहुंचा अवस्थापना विकास व्यय**




**जन एक्सप्रेस । लखनऊ/कानपुर**

उत्तर प्रदेश को औद्योगिक प्रदेश बनाने की सीएम योगी की मंशा को साकार करने में जुटे उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में रिकॉर्ड प्रदर्शन करते हुए 1359 करोड़ रुपए का ऑपरेटिंग राजस्व प्राप्त किया है। यह वित्तीय वर्ष 2018-19 की तुलना में दोगुना है। प्रदेश में औद्योगिकीकरण के लिए किए गए विभिन्न तरह के प्रयासों से जहां एक तरफ प्राधिकरण की आय बढ़ी है तो वहीं दूसरी तरफ प्रशासनिक खर्चों में भी वित्तीय वर्ष 2018-19 की तुलना में 9 प्रतिशत की कटौती दर्ज की गई है। इसके साथ ही, यूपीसीडा ने निवेशकों की सुविधा के लिए औद्योगिक क्षेत्रों में इंफ्रास्ट्रचर के विकास पर ध्यान केंद्रित किया है जिससे यूपीसीडा के अवस्थापना विकास व्यय में चौगुना वृद्धि हुई है। यह वित्तीय वर्ष 2017-18 में 104 करोड़ से बढ़कर वित्तीय वर्ष 2023-24 में 415 करोड़ हो गया है।

### 2023-24 में 693 प्लॉट्स का किया आवंटन

यूपीसीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) मयूर माहेश्वरी ने कहा कि प्राधिकरण, उत्तर प्रदेश के औद्योगिक परिदृश्य को विस्तारित करने के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। यूपीसीडा भूखंड आवंटन के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय कार्य कर रहा है। जिसके परिणामस्वरूप भूमि आवंटन में वृद्धि देखी गई और केवल 2023-24 में ही 693 प्लॉटों का आवंटन किया गया। इस महत्वपूर्ण पहल से जहां एक तरफ निवेशक लाभान्वित हुए हैं, वही दूसरी तरफ प्राधिकरण की आर्थिक स्थिति भी सुदृढ़ हुई है। यूपीसीडा ने भूमि बैंक का विस्तार करने के लिए लैंड ऑडिट और विभिन्न नीतिगत सुधारों जैसे परचेजेबल एफएआर, मर्जर और पार्टीशन का सिंपलीफिकेशन आदि के माध्यम से अनयूज्ड लैंड का बेहतर तरीके से उद्योग हित में उपयोग किया है और जमीन की वैल्यू अनलॉकिंग की है। इसके अतिरिक्त ई ऑक्शन एवं निवेश मित्र पर पारदर्शी तरीकों से लैंड अलॉटमेंट करके यूपीसीडा ने निवेशकों का विश्वास जीतने में सफलता प्राप्त की है। इसके परिणामस्वरूप पिछले तीन वर्षों में निवेशकों को रिकॉर्ड संख्या में 1600 से अधिक प्लॉटों का आवंटन हुआ है एवं उत्तर प्रदेश को देश के औद्योगिक विकास का इंजन बनाने में मदद मिली है।

### उद्यमियों और महिला केंद्रित सुविधाओं का किया विकास

उत्तर प्रदेश के आर्थिक विकास में डिजिटलीकरण ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यूपीसीडा निवेश मित्र के माध्यम से वर्तमान में 34 ऑनलाइन ई सेवाएं प्रदान कर रहा है जो कोविड-19 के पहले मात्र 2 थीं। परिणामस्वरूप 31,000 से अधिक आवेदनों का 96 प्रतिशत संतुष्टि दर के साथ निस्तारण किया गया है। इसके अलावा, कौशल विकास को बढ़ावा देने और कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए प्राधिकरण ने अटल औद्योगिक अवसंरचना मिशन (एआईआईएम) और सुरक्षित औद्योगिक क्षेत्र परियोजनाओं जैसी पहल के तहत पिंक शौचालय और पिंक डॉरमेट्री जैसी महिला केंद्रित सुविधाओं का विकास किया है। इन प्रयासों के परिणामस्वरूप औद्योगिक पार्कों में महिला भागीदारी और रोजगार में वृद्धि हुई है। इसके अतिरिक्त, प्राधिकरण ने निवेशकों और उद्यमियों की समस्या के समाधान हेतु नागरिक सुविधा केंद्र की स्थापना की है जिसके माध्यम से विभिन्न विभागों से संबंधित प्रश्नों का तुरंत और संतोषजनक समाधान किया जा रहा है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों ने जब्त की भारी मात्रा में अवैध शराब, नकदी

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों द्वारा अवैध शराब, नकदी आदि की जब्ती संबंधी आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 01 मार्च से 02 मई तक 33678.70 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नकदी आदि जब्त किये गये। इसमें 3346.59 लाख नकद, 4767.35 लाख की शराब, 22205.45 लाख की ड्रग, 2193.07 लाख की बहुमूल्य धातुएं एवं 1166.23 लाख की अन्य सामग्री जब्त की गयी।आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 02 मई को 97.78 लाख की शराब, ड्रग व नगदी जब्त की गई। इसमें 40.01 लाख रुपये नकद , 47.07 लाख की 17621.43 लीटर शराब, 10.70 लाख की 31386 ग्राम ड्रग जब्त की गयी।

### निर्वाचन आयोग के निर्देशों का हो रहा कड़ाई से अनुपालन

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। सघन जॉच के लिए 464 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1799 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 मार्च से 02 मई तक पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 536 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये। 4701 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये गये। शांति भंग की आशंका में सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 26,49,256 लोगों को पाबन्द किये जाने हेतु नोटिस प्रेषित किये गये है, जिनमें से 22,82,079 लोगों को पाबन्द किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त पुलिस विभाग द्वारा 8549 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 8650 कारतूस, 2900.32 किलोग्राम विस्फोटक व 474 बम बरामद कर सीज किये गये। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 3676 केन्द्रों पर रेड डाली गयी और 162 केन्द्रों को सीज किया गया।02 मई को पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों का 01 लाइसेंसी शस्त्र जब्त तथा 05 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये गये। सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 21786 लोगों को पाबन्द किया गया। साथ ही 87 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 115 कारतूस व 04 बम बरामद कर सीज किये गये। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 53 केन्द्रों पर रेड डाली गयी और 02 केन्द्रों को सीज किया गया।

### गोपाल राय ने भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज सिंह को 54 दलों का सौंपा समर्थन पत्र

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** शुक्रवार भवानीगंज में संतोष राय द्वारा आयोजित जनसभा में राष्ट्रीय क्रांतिकारी समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं 54 रजिस्टर्ड दलों द्वारा विकसित भारत संकल्प महासंघ के संयोजक गोपाल राय ने भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज सिंह को समर्थन पत्र सौंपा उक्त अवसर पर श्री राय ने कहा की तीसरी बार प्रचंड बहुमत से फिर बनेगी मोदी सरकार वहीं क्षेत्र के मतदाताओं से अपील किया कि नरेंद्र मोदी जी का नारा अबकी बार 400 पार भारी बहुमत से जीत सुनिश्चित करवा कर मोदी जी के सपनों का भारत बनाने में उनका हाथ मजबूत करें नरेंद्र मोदी जी आपके हर सुख दुख में साथ रहेंगे क्योंकि यह जमीन से जुड़े हुए नेता है वही श्री राय ने कहा कि अब तक गरीबों के लिए भाजपा ने बहुत सारी सुविधाएं उपलब्ध कराई है जैसे उज्जवल योजना से लेकर आवास योजना आयुष्मान योजना ऐसी बहुत सारी योजनाएं हैं जिससे अनेक लोग लाभान्वित हुए हैं वहीं ज्ञातव्य हो की श्री राजनाथ सिंह रक्षा मंत्री एवं पूर्व में गृह मंत्री भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के पद पर रहते हुए बहुत विकास किया है यह देश के लोकप्रिय नेता हैं सभी जाति धर्म के लोगों की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहते है ऐसे महान नेता को हम सब प्रचंड बहुमत से जीताने का संकल्प लेते हैं उक्त अवसर पर पार्षद रीता राय, पार्षद संतोष राय, पार्षद पंकज पटेल, एवं सैकड़ों लोग मौजूद रहें

### मिनिस्ट्रीरियल पदाधिकारियों को सतीश पाण्डेय ने दिलाई शपथ

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** पॉच साल पूर्व विद्युत सुरक्षा निदेशालय मिनिस्ट्रीरियल एसोसिएशन, उत्तर प्रदेश दो गुट में तब्दील हुए संगठन के पदाधिकारियों को राज्य कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष सतीश कुमार पाण्डेय ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि समय कर्मचारियों के बहुत अहम है। सभी संवर्ग के पदों पर भारी रिक्तियॉ है। पुरानी पेंशन बहाली के लिए संघर्ष जारी है। इस एकता ही हमारी ताकत है। संघ के संरक्षक सलाहकार और महासंघ के कार्यवाहक अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। इसी से शक्ति है। कर्मचारी संवर्ग की कोई अहित नही होगा इसकी मै गारन्टी लेता हूॅ। राज्य कर्मचारी महासंघ के महामंत्री रामराज दुबे ने कहा कि महासंघ आपकी एसोसिएशन के साथ सदैव खड़ा मिलेगा। विघुत सुरक्षा निदेषालय सभागार में राज्य कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष सतीष कुमार पाण्डेय ने नई कार्यकारिणी में सुरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव सलाहकार, संरक्षक और अमित कुमार श्रीवास्तव अध्यक्ष और धनन्जय सिंह महामंत्री, पवन कुमार गौड़, शैलेन्द्र अवस्थी उपाध्यक्ष, समीर त्रिपाठी संयुक्त मंत्री, विवेक गौड़ संगठन मंत्री, सिराज मोहम्मद सिद्धीकी आडीटर, सुशील कुमार श्रीवास्तव कोषाध्यक्ष को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में सुशीला परिहार, राकेश पाण्डेय, जया चौहान, संतोष कुमार, प्रिया, दुष्यंत कुमार, पवन कुमार द्वितीय और सुनील कनौजिया और उप निदेशक विद्युत सुरक्षा लखनऊ रीजन के लिए सुनील कुमार श्रीवास्तव अध्यक्ष और सत्यम वत्स मंत्री को भी पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।

# इंडस टावर से चोरी हुए सामान के साथ पांच गिरफ्तार

- **पकडे गए चोरों से 25 लाख मूल्य का सामान भी बरामद हुआ**



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

इंडस टावर में हुई चोरी की घटना का सफल अनावरण कर बाराबंकी की सर्विलांस व थाना सतरिख पुलिस टीम ने 5 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। साथ ही 25 लाख रुपये मूल्य का चोरी का सामान बरामद किया गया। बाराबंकी निवासी सिक्योरिटी फील्ड आफिसर राजेश कुमार ने थाना सतरिख पर सूचना दी गई कि 9 अप्रैल की रात सरायमिही स्थित इंडस टावर में अज्ञात चोरों द्वारा अजना माड्यूल, बीटीएस कार्ड, फ्रीक्वेंसी प्लेट व अन्य सामान चोरी कर लिया गया है। सूचना के आधार पर थाना सतरिख पर मामला दर्ज किया गया। इसी क्रम में 30 अप्रैल को सर्विलांस सेल व थाना सतरिख पुलिस टीम ने लखनऊ निवासी अभियुक्त राजेन्द्र प्रसाद, बाराबंकी निवासी संदीप कुमार, सैरपुर जनपद लखनऊ निवासी सुभाष कुमार, घुंघटेर जनपद बाराबंकी निवासी अमित और थाना रामनगर जनपद बाराबंकी निवासी नन्दलाल को बीजेमऊ नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से इंडस टावर से चोरी किया गया सामान (अनुमानित कीमत 25 लाख रुपये) बरामद किया गया।

# निर्वाचन आयोग के निर्देशों का हो रहा कड़ाई से अनुपालन

- **सघन जांच के लिए 464 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1799 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं**

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। सघन जॉच के लिए 464 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1799 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 मार्च से 02 मई तक पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 536 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये। 4701 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये गये। शांति भंग की आशंका में सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 26,49,256 लोगों को पाबन्द किये जाने हेतु नोटिस प्रेषित किये गये है, जिनमें से 22,82,079 लोगों को पाबन्द किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त पुलिस विभाग द्वारा 8549 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 8650 कारतूस, 2900.32 किलोग्राम विस्फोटक व 474 बम बरामद कर सीज किये गये। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 3676 केन्द्रों पर रेड डाली गयी और 162 केन्द्रों को सीज किया गया।02 मई को पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों का 01 लाइसेंसी शस्त्र जब्त तथा 05 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये गये। सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 21786 लोगों को पाबन्द किया गया। साथ ही 87 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 115 कारतूस व 04 बम बरामद कर सीज किये गये। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 53 केन्द्रों पर रेड डाली गयी और 02 केन्द्रों को सीज किया गया।

## लखनऊ से सपा बदल सकती है अपना उम्मीदवार

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

सपा प्रमुख अखिलेश यादव लखनऊ से उम्मीदवार बदल सकते हैं। पार्टी ने रविदास मेहरोत्रा को उतारा है। लेकिन, आज नामांकन के आखिरी दिन व्ठब् चेहरा डॉ. आशुतोष वर्मा का भी पार्टी ने नामांकन करा दिया है। डॉ. आशुतोष वर्मा का अतिरिक्त नामांकन लखनऊ लोकसभा सीट से करवाया गया है। अभी दो उम्मीदवारों ने पर्चा दाखिल किया है। सपा फैसला लेगी कि कौन चुनाव मैदान में होगा। पूर्व मंत्री और लखनऊ मध्य से विधायक रविदास मल्होत्रा की जगह डॉ. आशुतोष वर्मा उम्मीदवार बनाया है। नामांकन के आखिरी दिन दोपहर 2 बजे समाजवादी पार्टी प्रत्याशी के तौर पर डॉक्टर आशुतोष वर्मा ने अपना पर्चा दाखिल किया है। लखनऊ मध्य विधानसभा से सपा के विधायक रविदास मल्होत्रा ने लोकसभा लखनऊ को लेकर नामांकन दाखिल किया। सपा ने अपने दूसरे उम्मीदवार डॉक्टर आशुतोष वर्मा को चुनावी मैदान में उतारा है।

# किसानों और श्रमिकों की आवाज कामरेड अतुल कुमार अंजान का निधन

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

प्रख्यात कम्युनिस्ट नेता अतुल कुमार अंजान का निधन हो गया है।कामरेड अंजान किसानों और श्रमिकों की आवाज थे।भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य परिषद सदस्य रणधीर सिंह सुमन व प्रवीण कुमार ने बाराबंकी पार्टी की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित की है।अतुल कुमार अंजान वरिष्ठ भारतीय कम्युनिस्ट नेता और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय सचिव रहे हैं। वह अखिल भारतीय किसान सभा के महासचिव भी रहे हैं । एक कुशल वक्ता, अच्छे लेखक, सामाजिक कार्यकर्ता और राजनीतिज्ञ रहे। उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा लखनऊ से राज्य बोर्ड स्कूल और स्नातक, स्नातकोत्तर और फिर एलएलबी की पढ़ाई 1967, 1972, 1976 और 1983 में लखनऊ विश्वविद्यालय से की। 1978 तक अंजान ऑल इंडिया स्टूडेंट्स फेडरेशन के उत्तर प्रदेश राज्य व राष्ट्रीय अध्यक्ष थे । घोसी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में कई बार भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के उम्मीदवार रहे है। 1980 के दशक की शुरुआत तक उत्तर भारत में कम्युनिस्टों का गढ़ बना रहा, लेकिन 1990 के दशक के बाद कम्युनिस्टों ने वहां से जमीन खो दी, लेकिन फिर भी भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने अतुल कुमार को मैदान में उतारा। आम चुनाव, 2014 में घोसी से सीपीआई उम्मीदवार थे और उन्होंने 1998 से घोसी से लोकसभा चुनाव लड़ा। 20 साल की उम्र में, अंजान नेशनल कॉलेज स्टूडेंट्स यूनियन के अध्यक्ष के रूप में चुने गए। छात्रों की चिंताओं को उठाने के लिए लोकप्रिय अंजान चार वर्षों तक लखनऊ विश्वविद्यालय छात्र संघ के अध्यक्ष रहे । आधा दर्जन भाषाओं के जानकार अंजान अपने इंटर के दिनों में ही आल इण्डिया स्टूडेंट्स फेडरेशन में शामिल हो गए। वह उप्र के प्रसिद्ध पुलिस-पीएसी विद्रोह के प्रमुख नेताओं में एक थे। अंजान ने अपने राजनीतिक सफर के दौरान चार साल नौ महीने जेल में बिताए। उनके पिता डॉ एपी सिंह एक अनुभवी स्वतंत्रता सेनानी थे, जिन्होंने एचएसआरए हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन की गतिविधियों में भाग लिया था, जिसके लिए उन्होंने ब्रिटिश जेल में लंबी सजा काटी थी। अतुल कुमार अंजान स्वामीनाथन आयोग के भी सदस्य थे। मूल रुप से वह बिहार के रहने वाले है। उनके पीछे पत्नी कामरेड भारती सिन्हा एकमात्र पुत्री 37 वर्षीय विदुषी सिंह है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के केन्द्रीय सचिव मंडल के सदस्य एवं अखिल भारतीय किसान सभा के महासचिव कामरेड अतुल कुमार अनजान का आज 3 मई को सुबह 3/20 पर लखनऊ के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया है। वे पिछले 6 माह से गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती थे।

# बच्चों के साथ धोखाधड़ी कर उनका भविष्य जानबूझकर बर्बाद कर रहा है यूपी का समाज कल्याण विभाग

- **मोदी-योगी की युवा रोजगार गारंटी योजना के मुंह पर कालिख पोत रहे हैं विभाग के भ्रष्ट अधिकारी**

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

जहाँ एक तरफ देश के प्रधानमंत्री और यूपी के मुख्यमंत्री देश और प्रदेश के छात्रों गौर युवाओं को रोजगार की गारंटी देने की बात जोर-शोर से कर रहे हैं तो वहीं दूसरी तरफ योगी की नाक के नीचे सचिवालय और निदेशालय में बैठे समाज कल्याण के भ्रष्ट अधिकारी और कर्मचारी निजी स्वार्थसिद्धि के लिए प्रदेश के नौनिहालों के साथ धोखाधड़ी करने और उनके भविष्य को जानबूझकर बर्बाद करने का गैरकानूनी काम सरकारी संगठित गैंग बनाकर उस समाज कल्याण विभाग में कर रहे जिस विभाग का मुख्य जिम्मा ही समाज का कल्याण करने का है। मामला समाज कल्याण विभाग की कुल 253 अनुदान प्राप्त प्राविधिक एवं औधोगिक संस्थाओं तथा मान्यता प्राप्त प्राविधिक एवं औद्योगिक संस्थाओं का है जिनके मार्फत लाखों छात्रों को निरंतर धोखे में रखकर उनके भविष्य को अंधे कुँए में धकेला जा रहा है। लम्बे समय से इस मुद्दे को उठा रहीं राजधानी के राजाजीपुरम इलाके की निवासिनी समाजसेविका और पूर्व में भारतीय जनता पार्टी के आरटीआई प्रकोष्ठ की प्रदेश उप प्रभारी रह चुकीं उर्वशी शर्मा बताती है कि उनके प्रयासों के बाद समाज कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश शासन के शासनादेश संख्या 1624/26-2-2021 लखनऊ दिनांक 12 अक्टूबर 2021 के माध्यम से विभाग की अनुदान प्राप्त प्राविधिक एवं औधोगिक संस्थाओं तथा मान्यता प्राप्त प्राविधिक एवं औधोगिक संस्थाओं द्वारा 30-06-2022 तक एन.सी.वी.टी. से मान्यता प्राप्त न कर पाने की स्थिति में विभाग द्वारा प्रदत्त मान्यता को शून्य मान लिए जाने के आदेश पारित किये गए थे और शासन के इस आदेश के अनुक्रम में निदेशालय समाज कल्याण उत्तर प्रदेश के तत्कालीन निदेशक राकेश कुमार ने अपने हस्ताक्षरों से कार्यालय ज्ञाप संख्या दृ सी दृ 1373 सवकव, अनुव,औवप्राविशिवसंव 2021-22 लखनऊ दिनांक 19 जनवरी 2022 जारी करके ऊपर वर्णित शासनादेश की शर्तों को पूरा नहीं करने वाली समाज कल्याण विभाग की मान्यता प्राप्त, अनुदानित संस्थाओं की मान्यता को दिनांक 30-06-2022 के उपरांत शून्य मान लिए जाने के आदेश पारित किये थे। उर्वशी बताती हैं कि शासन और निदेशालय के इन कार्यालय ज्ञापों में ही यह स्पष्टतया अंकित है कि छब्टज् से मान्यता प्राप्त नहीं होने के कारण इन संस्थानों से प्राप्त प्ज्प् प्रमाणपत्र केन्द्रीय एवं प्रदेशीय सरकारी सेवाओं में सेवायोजन के लिए मान्य नहीं होने के कारण इन संस्थाओं से प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत छात्र स्वयं को कुंठित और असहाय पाते हैं तथा ये संस्थाएं छात्रों हेतु लाभकारी अथवा उपयोगी सिद्ध नहीं हो रही हैं और इन संस्थाओं द्वारा बच्चों का भविष्य अंधकारमय रखकर उनके साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। उर्वशी कहती हैं कि छात्रों के भविष्य की दृष्टि से ये दुर्भाष्यपूर्ण रहा कि इसके पश्चात भी शासन और निदेशालय के कतिपय अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा शासन तथा निदेशालय के उपरोक्त कार्यालय ज्ञापों के खिलाफ जाकर छात्रों के साथ धोखा-धड़ी करके अवैध रूप से चल रही गैर एन.सी.वी.टी. मान्यता प्राप्त संस्थाओं की मान्यताओं को दिनांक 30-06-2022 से आगे एक वर्ष ( दिनांक 30-06-2023 ) तक विस्तारित करके के गैरकानूनी आदेश जारी किये गए और यही नहीं, शासन तथा निदेशालय के इन आदेशों के पश्चात इन संस्थाओं में नए प्रवेशों पर पूर्ण रोक लगाई जानी चाहिए थी किन्तु ऐसा नहीं किया गया है और शासन और निदेशालय के कतिपय अधिकारियों और कर्मचारियों की मिलीभगत से इन गैर एन.सी.वी.टी. मान्यता प्राप्त संस्थाओं द्वारा छात्रों के साथ धोखा-धड़ी करके अवैध रूप से नए प्रवेश निरंतर जारी हैं और आर्थिक लाभ के दुरुद्देश्य से जान बूझकर देश के नौनिहालों के भविष्य को अंधे कुँए में धकेला जा रहा है। उर्वशी बताती हैं कि उनको कतिपय सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि शासन और निदेशालय के कतिपय अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा अपने निहित स्वार्थों की पूर्ति हेतु इन गैर एन.सी.वी.टी. मान्यता प्राप्त संस्थाओं से करोड़ों की घूस खाकर इन संस्थाओं की मान्यता को पुनः विस्तारित करके के गैरकानूनी आदेश शासन और निदेशालय स्तर से निकट भविष्य में पुनः जारी कराये जाने की साजिश की जा रही है। उर्वशी बताती है कि समाज कल्याण विभाग द्वारा भ्रष्टाचार में लिप्त होकर मोदी-योगी की छवि धूमिल करने का कुत्सित प्रयास करने के इस प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए उन्होंने दर्जनों आला अधिकारियों को शिकायत भेजकर मामले की गहनता से जांच कराकर दोषियों को चिन्हित कराकर उनके विरुद्ध प्रशासनिक और विधिक कार्यवाही कराने के साथ साथ संस्थाओं द्वारा नए प्रवेश नहीं लिए जाने, संस्थाओं की मान्यताएं निरस्त करने और गैर एन.सी.वी.टी. मान्यता प्राप्त संस्थाओं के परिचालन से छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर उनके साथ निरंतर हो रही।

## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# आखिर कब सुनिश्चित होंगे श्रमिकों के समग्र हित

**ऐसे में केंद्र राज्य सरकार में बाल श्रमिकों को चिह्नित कर उनके आश्रितों की मदद भी करें तो बाल श्रमिकों की समस्याएं हल हो सकती हैं। कई बाल श्रमिक ऐसे होते हैं जिनके माता-पिता जेल में हैं । कुछ दुर्घटनाओं में अपने मां-बाप को खो चुके हैं। ऐसे बाल मजदूर हैं जो मजदूरी के लिए रात-दिन कड़ा परिश्रम करते हैं। बाल मजदूरी रोकने का अधिनियम 1986 बाल श्रम निषेध बना था, इसमें कहा गया कि किसी कारखाने, खतरनाक खदानों, उद्योगों आदि में 14 वर्ष के उम्र के बच्चों को काम निषेध है। बाद में केंद्र सरकार ने यह उम्र 14 से 18 से कम उम्र पर इसे लागू किया।**

*भारत को स्वाधीन हुए 76 वर्ष हो गए हैं। श्रमिकों को अभी तक उनके अधिकार नहीं मिले । मजदूरों के जीवन स्तर में सुधार नहीं आए। मई दिवस अर्थात मजदूर श्रमिक दिवस इस परिश्रमी में वर्ग को समर्पित है। मई दिवस अमेरिका में मजदूरों के आंदोलन से शुरू हुआ था। भारत में इसे 1मई 1923 को मद्रास चेन्नई में मनाया गया। यहां पर भी मजदूर किसान पार्टी ऑफ हिंदुस्तान ने मजदूरों के अधिकारों की लड़ाई लड़ी। उन्होंने ही मजदूर दिवस का शुभारंभ किया। मजदूर को काम करने के घंटे निर्धारित नहीं थे। समय निर्धारित न होने के कारण श्रमिक वर्ग के सामने बड़ा संकट था। 1 मई 1886 को अमेरिकी मजदूरों द्वारा आंदोलन किया गया। इस आंदोलन से पूरे विश्व के मजदूर वर्ग का लाभ हुआ। भारत में अनेक मजदूर संगठन है। भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) सबसे बड़ा संगठन है। मजदूरों को उनके अधिकार दिलाने में बीएमएस की बड़ी भूमिका है। पूंजीपतियों, उद्योगपतियों द्वारा मजदूर श्रमिकों को आदर भाव से नहीं देखा जाता। उन्हें समय से मजदूरी नहीं मिलती। उद्योग परिसरों में मजदूरों को उनके रहने की ठीक व्यवस्था नहीं है। पीने का पानी भी ठीक नहीं मिलता। इतना ही नहीं, इन उपेक्षित और राष्ट्र निर्माता कामगार वर्ग से उद्योगों के मालिक उनके अधिकारी सम्मानजनक ढंग से बात भी नहीं करते।मजदूरों के बीमार होने पर वह इलाज का समुचित प्रबंध भी नहीं करते। प्राथमिक इलाज देने में भी यह उद्योगपति पीछे रहते हैं। मशीन से दुर्घटनाग्रस्त हो जाने या मृत्यु होने पर भी यह उद्योगों के स्वामी मजदूर को किसी भी अस्पताल में बमुश्किल पहुंचा कर गायब हो जाते हैं। परिजनों को सूचना नहीं देते हैं। बीमार होने पर मजदूर को अपनी कंपनी से सीधे निकाल देते हैं। अनेक ऐसे उद्योग हैं जो शरीर के लिए घातक हैं। इस तरह के उद्योगों द्वारा शारीरिक सुरक्षा के उपकरण भी नहीं दिए जाते हैं। अनेक प्रकार के एसिड केमिकल शीशा आदि की कंपनियों में काम करने वाले मजदूरों को घातक कैंसर जैसी बीमारियां जकड़ लेती हैं। बीमार हो जाते हैं। कई बार मृत्यु तक हो जाती है। परिणाम स्वरूप पीड़ित मजदूर की नौकरी जाना तय होता है। उद्योग में काम करने वाले मजदूरों की स्थिति भयावह है। इसमें महिला मजदूरों के सामने अपने छोटे बच्चों के पालन पोषण के साथ काम करना भारी कठिनाई भरा है। कृषि क्षेत्र में लगे मजदूरों की भी बड़ी समस्याएं हैं। यह कार्य अल्प समय का होता है। फसल काटने से खलिहान तक काम मिलता है । इसके बाद मजदूर बेकार हो जाते हैं। अब आधुनिक मशीनों का खेती में प्रयोग बढ़ा है। धान और गेहूं, सरसों कपास आदि की फैसले ऐसी हैं जिन्हें मशीन खेत में काटकर काम समाप्त कर देती है। खलिहान अब सूने हो गए हैं। कुशल, अकुशल, अर्ध कुशल, संगठित असंगठित आदि कई श्रेणी के मजदूर हैं। कुछ का अनुबंध होता है । शेष बिना अनुबंध के काम करने को मजबूर होते हैं। एक जानकारी के अनुसार भारत में 38 करोड़ असंगठित निर्माण क्षेत्र के मजदूर हैं। इनमें रेहड़ी-पटरी घरेलू कामगारों को पंजीकृत करने की योजना भारत सरकार ने चला रखी है। इस योजना में ई, श्रम कार्ड 12 अंकों का जारी किया जाता है। बाल श्रमिकों की अधिकता है। बाल श्रमिकों को जहां केंद्र राज्य सरकारें काम करने से रोकती हैं, वहीं उद्योगों और कार्य स्थलों को चिह्नत कर उन्हें मुक्त भी करवाने की जिम्मेदारी है। वहीं दूसरी ओर बाल श्रमिकों के सामने बड़े संकट हैं। किसी बच्चे के पिता-भाई और माता नहीं है तो पीड़ित बच्चों के सामने मजदूरी करना मजबूरी है।*

### एक्सप्रेस आलेख

**बहुजन समाजवादी पार्टी अपनी नैया पार लगाने व जनता के मध्य अपनी उपस्थिति को दर्ज कराने के लिए चुनावी मैदान में अपने युवा कोआर्डिनेटर, पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के भतीजे आकाश आनंद के नेतृत्व में रण मे उतरी है और कुछ-कुछ बदली बदली सी नजर आ रही है। पार्टी ने 2022 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में अपनी जमीन को फिर से प्राप्त करने के लिए, सवर्णो को खुश करने के लिए रामनाम का विरोध नहीं किया था किंतु वह अब काफी पीछे छूट चुका है। बसपा ने इस बार नया नारा दिया है, बहुजन हिताय बहुजन सुखाय का किंतु पार्टी का एक मुश्त मुस्लिम मतों का लालच छूटा नहीं है इसलिए बसपा ने सबसे अधिक मुसलमानों को अपना उम्मीदवार बनाया है।**

# आम चुनाव और मुस्लिम तुष्टीकरण का विकृत खेल



मृत्युंजय दीक्षित

**बसपा के युवा नेता आकाश आनंद मुस्लिम तुष्टीकरण के लिए आक्रामक बयानबाजी कर रहे हैं जिसके कारण उनके खिलाफ सीतापुर जिले में केस भी दर्ज हो गया है। सीतापुर की एक जनसभा में आकाश ने अपनी सभी सीमाओं को लांघते हुए उत्तर प्रदेश सरकार की तुलना तालिबान से कर डाली।**

आम चुनाव के मतदान के दो चरण समाप्त हो जाने के बाद सभी राजनीतिक दलों को जनता के मध्य अपनी स्थिति की वास्तविकता का कुछ सीमा तक पता चल गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार सत्ता में आने की सम्भावना वाली भारतीय जनता पार्टी को रोकने के लिए विपक्ष ने एक बार फिर मुस्लिम तुष्टीकरण का विकृत खेल खेलना प्रारम्भ कर दिया है। तथाकथित इंडी गठबंधन में शामिल दलों के नेता लगातार भड़काऊ और नफरत भरी बयानबाजी कर रहे हैं, जिसमें अब वोट जिहाद और तालिबान भी आ गया है। दिल्ली के मंडी हाउस इलाके में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के साथ आतंकी फंडिंग मामले में सजा काट रहे यासीन मलिक का फोटो लगाया गया है। पोस्टर में यासीन मलिक की रिहाई के साथ कांग्रेस को वोट देने की अपील की गई है। हालांकि जानकारी मिलते ही दिल्ली पुलिस ने यह पोस्टर हटा दिया। आतंकी यासीन मलिक कुख्यात अलगवावादी है जिससे 2006 में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने मुलाकात की थी। अब मलिक आजीवन कारावास की सजा काट रहा है और अभी उस पर कई और मुकदमे चल रहे हैं। कांग्रेस केरल में प्रतिबंधित पीएफआई जैसे संगठनों का सहयोग ले रही रही है और सनातन विरोधी बयानों पर चुप्पी साधे हुए है। मुस्लिम तुष्टीकरण का यह खुला खेल कांग्रेस ही नहीं अपितु भारत की सभी वामपंथी और अधिकांश क्षेत्रीय पार्टियां जमकर खेल रही हैं फिर चाहे वो उत्तर प्रदेश हो बिहार हो या पश्चिम बंगाल। विगत 10 वर्ष और अटल जी के कार्यकाल को छोड़ दें तो केंद्र तथा राज्यों में कांग्रेस व उसके गर्भ से निकले दलों व नेताओं ने ही सत्ता पर एकछत्र राज किया। ये सभी धर्मनिरपेक्षता के नाम पर भाजपा को हराने की बात करने वालों तथा कट्टरपंथियों का समर्थन कर मतदान को मजहब के आधार पर प्रभावित किया करते थे। भाजपा द्वारा धर्मनिरपेक्षता की सच्ची रेखा खींचने के बाद इन दलों के नेताओं के सामने अपना राजनीतिक अस्तित्व बचाने का संकट खड़ा हो गया है और ये वोट जिहाद की अपील कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश में अभी तक सपा, बसपा, कांग्रेस सहित विभिन्न दल अतीक अहमद, मुख्तार अंसारी जैसे माफिया को अपने राजनीतिक लाभ के लिए पाला पोसा करते थे अब उनके लिए फातिहा पढ़ रहे हैं और धूर्तता के साथ उन्हें गरीबों



**उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद में कायमगंज के अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्र में इंडी गठबंधन के प्रत्याशी के समर्थन में पूर्व विदेशमंत्री सलमान खुर्शीद की भतीजी सपा नेता मारिया आलम खां ने वोट जिहाद का नारा देकर समाजवादियों की मुश्किल बढ़ा दी है।**

का मसीहा बताकर मुसलमानों का वोट मांग रहे हैं । पहले ये माफिया बूथ लूटकर व मतदान के समय बम, गोलियां दागकर वोट जिहाद किया करते थे अब उनके नेता व गुर्गे इनको शहीद बताकर मुस्लिम समाज को भड़का रहे हैं। उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद में कायमगंज के अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्र में इंडी गठबंधन के प्रत्याशी के समर्थन में पूर्व विदेशमंत्री सलमान खुर्शीद की भतीजी सपा नेता मारिया आलम खां ने वोट जिहाद का नारा देकर समाजवादियों की मुश्किल बढ़ा दी है। मारिया आलम खां ने कहा कि हर महिला और हर पुरुष वोट जिहाद करके संविधान बचाने की इस जंग को लड़ेगा। प्रदेश में वोट जिहाद शब्द को लेकर राजनीतिक बयानबाजी अब काफी तल्ख हो गई है। सपा-कांग्रेस गठबंधन हो जाने के कारण इस बार सलमान खुर्शीद का परिवार चुनावी मैदान से भले ही दूर हो गया हो किंतु अपने सहयोगी दलों के उम्मीदवारों के लिए चुनाव प्रचार कर रहा है। सलमान खुर्शीद का परिवार कई बार विवादों के घेरे में रहा है। खुर्शीद की पत्नी लुईस खुर्शीद पर दिव्यांगों की सहायता करने के नाम पर घोटाला करने का मुकदमा चल रहा है। सलमान खुर्शीद बाटला हाउस एनकाउंटर व प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर भी विवादित बयानबाजी कर चुके हैं। जब लुईस खुर्शीद को इस बात का आभास हो गया था कि इस बार उनके परिवार को टिकट नहीं मिलने जा रहा तब उन्होंने मीडिया के सामने अपने कार्यकर्ता से कहा था कि अगर कांग्रेस का कोई पदाधिकारी उनसे मिलने आए तो उसे चप्पल से मारें। अब उसी परिवार की भतीजी मारिया एक बार फिर वोट जिहाद की अपील कर रही हैं। इसी प्रकार उत्तर प्रदेश के संभल से पूर्व सांसद डॉ. शफीकुर्रहमान वर्क के पोते एवं सपा प्रत्याशी जियाउर्रहमान वर्क अपनी नुक्कड़ सभा के वायरल वीडियो में मुख्तार अंसारी, अतीक अहमद और शहाबुद्दीन की मौत को कुर्बानी बता रहा है। वीडियो वायरल हो जाने के बाद वर्क पर मुकदमा दर्ज हो गया है। उसके बाद भी वह नहीं रुका और उसने चुनाव आयोग के अधिकारियों को धमकी देते हुए बयान दिया कि जब वक्त बदलेगा तब बदला लिया जाएगा। बहुजन समाजवादी पार्टी अपनी नैया पार लगाने व जनता के मध्य अपनी उपस्थिति को दर्ज कराने के लिए चुनावी मैदान में अपने युवा कोआर्डिनेटर, पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के भतीजे आकाश आनंद के नेतृत्व में रण मे उतरी है और कुछ-कुछ बदली बदली सी नजर आ रही है। पार्टी ने 2022 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में अपनी जमीन को फिर से प्राप्त करने के लिए, सवर्णो को खुश करने के लिए रामनाम का विरोध नहीं किया था किंतु वह अब काफी पीछे छूट चुका है। बसपा ने इस बार नया नारा दिया है,÷ बहुजन हिताय बहुजन सुखाय का÷ किंतु पार्टी का एक मुश्त मुस्लिम मतों का लालच छूटा नहीं है इसलिए बसपा ने सबसे अधिक मुसलमानों को अपना उम्मीदवार बनाया है। बसपा के युवा नेता आकाश आनंद मुस्लिम तुष्टीकरण के लिए आक्रामक बयानबाजी कर रहे हैं जिसके कारण उनके खिलाफ सीतापुर जिले में केस भी दर्ज हो गया है। सीतापुर की एक जनसभा में आकाश ने अपनी सभी सीमाओं को लांघते हुए उत्तर प्रदेश सरकार की तुलना तालिबान से कर डाली। अतीक, मुख्तार अंसारी व शहाबुद्दीन जैसे माफिया का राजनीतिक लाभ के लिए उपयोग बसपा ने भी समय -समय पर किया है।

### एक्सप्रेस कविता

*आकृती ऐसी बनाना चाहता हूं जो सीधी भी, सादी भी, बोल दे सारी मन की व्यथा भी। फूलों की दीपमाला सी धूप दीप सी मंत्रोचार सी। जिसे चाह ना हो माया की, खुली हर पीड़ित के लिए जिसकी बांहें हो। नयन जिसके आतुर हो हर पल हर घड़ी प्रभु दर्शन के लिए। हर दिल की पीड़ा घोले आंखों में जिसकी झलकता*



*प्यार हो। हंसी में जिसकी हरसृंगार फूल सा खिलता रुपहला सारा संसार हो। आकृती बनाना चाहता हूं इंद्रधनुषी रंगों सेओत-प्रोत मानवीय संभावनाओं के के नीले नीले आकाश सी।*

संजीव ठाकुर

### एक्सप्रेस ज्ञान

**आप पीछे जाकर शुरुआत नहीं बदल सकते, लेकिन आप जहां हैं वहीं से शुरू कर सकते हैं और अंत बदल सकते हैं**

### आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे है या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | एकादशी 20:39 तक |
| नक्षत्र: | पूर्वभाद्रपद 22:07 तक |
| पक्ष: | कृष्ण |
| वार: | शनिवार |
| योग: | ऐन्द्र, 11:03 |
| सूर्योदय: | 05:39 |
| सूर्यास्त: | 18:56 |
| चंद्रमा: | मीन राशि में |
| राहुकाल: | 08:58-10:38 |
| विक्रमी संवत्: | 2081 |
| शक सम्वत: | 1945 |
| मास: | वैशाख |
| शुभ मुहूर्त: | 11:54-12:42 |

## जन एक्सप्रेस

**अटकलें हैं तेज़ !**

*छोड़ देंगे पार्टी ।*
*हो गए नाराज़ ।।*
*अटकलें हैं तेज़ ।*
*ना रहा कुछ राज ।।*
*सपरिवार जाना है ।*
*लिया उन्होंने ठान ।।*
*हो चुके मज़बूत ।*
*ना भटकाना ध्यान ।।*
*लगे भले ही वक़्त ।*
*ख़बर आने वाली ।।*
*घटनाक्रम दिलचस्प ।*
*आ सकती हरियाली ।।*
*हो चुका है मोहभंग ।*
*दौर अलग है आया ।।*
*लग रहा है इधर से ।*
*है पूरा सफ़ाया ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# गर्मियों में शरीर को ठंडा रखने के लिए डाइट में शामिल करें ये 4 चीज

**गर्मियों** के दौरान डाइट पर विशेष ध्यान देने की जरूरत होती है। इस दौरान वातावरण में तापमान अधिक रहता है। ऐसे में डिहाइड्रेशन होने का खतरा ज्यादा रहता है। वहीं गर्मियों में अगर गर्म तासीर वाली चीजों का सेवन करने से सेहत को नुकसान हो सकता है। इसलिए इस मौसम में ठंडी तासीर वाली चीजें खाने की सलाह दी जाती है। ठंडी तासीर वाली चीजें न सिर्फ शरीर को ठंडा रखने में मदद करते हैं, बल्कि इससे सेहत को कई फायदे मिलते हैं। ठंडी तासीर वाली चीजें खाने से आपका पाचन तंत्र स्वस्थ रहता है। इससे आपको एक्टिव रहने में मदद मिलती है। साथ ही आपको लू लगने की समस्या नहीं होती है। हमारे घर पर ही कई ऐसी चीजें मौजूद होती हैं, जो शरीर को ठंडा रखने में मदद करती हैं।



**सब्जा सीड्स:** सब्जा सीड्स तुलसी के पौधे से मिलने वाले बीज हैं। इन्हें पानी या काढ़े में मिलाकर सेवन किया जाता है। इनकी तासीर ठंडी होती है, इसलिए इन्हें गर्मियों के लिए सुपरफूड माना जाता है। इसके सेवन से गर्मियों में पाचन संबंधित समस्याओं में राहत मिलती है। ये कब्ज और एसिडिटी जैसी समस्याओं में भी असरदार होते हैं। ये बीज वेट लॉस करने के लिए भी फायदेमंद माने जाते हैं।

**गुलकंद:** गुलकंद को ज्यादातर पान या लस्सी बनाने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। इसकी तासीर भी ठंडी होती है इसलिए यह शरीर को ठंडा रखने में मदद करता है। गुलकंद में एंटीऑक्सीडेंट्स और प्रोबायोटिक्स पाए जाते हैं, जिससे पाचन तंत्र स्वस्थ रहता है। इसमें मौजूद आवश्यक गुण पाचन क्रिया को तेज करने में मदद करते हैं। डाइट में गुलकंद एड करने से बॉडी से टॉक्सिन्स भी बाहर आते हैं।

**पेपरमिंट टी:** शरीर को ठंडा रखने के लिए आप पेपरमिंट टी का सेवन भी कर सकते हैं। पीरियड्स में होने वाली समस्याओं में भी यह फायदेमंद होता है। इसके सेवन से शरीर का तापमान नॉर्मल होता है और शरीर को ठंडक मिलती है। जिन लोगों को सिरदर्द या माइग्रेन की समस्या रहती है, उनके लिए भी इसका सेवन करना फायदेमंद होता है।

**सत्तू:** सत्तू को आप अपनी डेली डाइट में शामिल कर सकते हैं। इसका ग्लाइसेमिक इंडेक्स कम होता है जिससे शरीर में इंसुलिन भी कंट्रोल रहता है। सत्तू की तासीर ठंडी होती है, इसलिए लू चलने पर इसका सेवन करना फायदेमंद होता है। सत्तू में प्रोटीन भी अधिक मात्रा में होता है जिससे आपका डेली प्रोटीन इनटेक पूरा हो सकता है। इसके सेवन से मेटाबॉलिज्म भी बूस्ट होता है। यह वजन घटाने और शरीर की कमजोरी दूर करने के लिए भी जरूरी माना जाता है।

### एक्सप्रेस विशेष

# जब चंद्रशेखर के खिलाफ नारा लगा था, भिंडरवाला वापस जाओ



उमेश चतुर्वेदी

**चंद्रशेखर इंटरसिटी से जैसे ही बलिया के प्लेटफॉर्म नंबर एक पर उतरे, उनके कार्यकर्ता फूलमालाओं के साथ उनके स्वागत में बढ़े तो कुछ दूर स्थित युवा कांग्रेस के कुछ कार्यकर्ताओं ने जोर-जोर से नारा लगाना शुरू कर दिया, भिंडरवाला वापस जाओ।**

**इंदिरा** गांधी की हत्या के बाद की शोक अवधि बीतते ही चुनाव आयोग ने सातवीं लोकसभा के चुनावों का ऐलान कर दिया था...चुनाव घोषणा की वह तारीख थी, तेरह नवंबर 1984...इंदिरा गांधी की हत्या के बाद हुई देशव्यापी सिख विरोधी हिंसा की आंच भले ही ठंडी पड़ चुकी थी, लेकिन उसकी तपिश महसूस की जा रही थी। लोगों के दिल में इंदिरा की हत्या से उपजा क्षोभ अभी ताजा था..इसी बीच चुनाव आ गए उन दिनों विपक्ष का सबसे बड़ा दल था, जनता पार्टी। जनता पार्टी के अध्यक्ष चंद्रशेखर तीसरी बार अपनी पारंपरिक उत्तर प्रदेश की बलिया सीट से मैदान में उतरने की तैयारी कर चुके थे। उन दिनों लोकसभा की बलिया नाम से दो सीटें थी, पहली उत्तर प्रदेश की बलिया, जो अब भी है, और दूसरी बिहार की बलिया, जो परिसीमन के बाद खत्म हो चुकी है। नवंबर 1984 के आखिरी हफ्ते की कोई तारीख थी। चंद्रशेखर नामांकन दाखिल करने के लिए बलिया आ रहे थे। तब इलाहाबाद से बरौनी तक मीटर गेज की रेल चलती थी। इसी रेल रूट पर बलिया भी पड़ता है। तब बलिया से वाराणसी के बीच छुकछुकिया यानी भाप इंजन वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस चलती थी। जो वाराणसी से चलकर करीब बारह बजे बलिया पहुंचती थी। चंद्रशेखर उसी इंटरसिटी एक्सप्रेस बलिया आ रहे थे। इसकी जानकारी उनके समाजवादी

**नीरज शेखर समाजवादी पार्टी के टिकट पर चुनाव जीते। नीरज को 2009 में भी जीत मिली, लेकिन 2014 में वे हार गए। अब वे बीजेपी में शामिल हो चुके हैं और अपने पिता की विरासत पर बीजेपी के टिकट पर दावा ठोक रहे हैं। बलिया में जब भी चुनाव आता है, चंद्रशेखर की याद आना स्वाभाविक है और इसके साथ ही उनके खिलाफ 1984 में लगा वह नारा भी, भिंडरवाला वापस जाओ।**

कार्यकर्ताओं के तमाम लोगों की थी। उन दिनों चंद्रशेखर को बलिया के लोग दो नामों से ज्यादा पुकारते थे, अध्यक्ष जी और दाढ़ी। चंद्रशेखर इंटरसिटी से जैसे ही बलिया के प्लेटफॉर्म नंबर एक पर उतरे, उनके कार्यकर्ता फूलमालाओं के साथ उनके स्वागत में बढ़े तो कुछ दूर स्थित युवा कांग्रेस के कुछ कार्यकर्ताओं ने जोर-जोर से नारा लगाना शुरू कर दिया, भिंडरवाला वापस जाओ, भिंडरवाला वापस जाओ जून 1984 में सिखों के तीर्थ स्थल अमृतसर के स्वर्णमंदिर में सैनिक कार्रवाई हुई थी..उस कार्रवाई में पंजाब को दहशत का केंद्र बनाने वाला जनरैल सिंह भिंडरवाला मारा जा चुका था। इसी कार्रवाई से सिख समुदाय गुस्से में था, जिसकी दुखद परिणति 31 अक्टूबर 1984 को इंदिरा गांधी की हत्या के रूप में सामने आई। चंद्रशेखर ने स्वर्णमंदिर में सैनिक कार्रवाई का जोरदार शब्दों में विरोध किया था..इंदिरा की हत्या के बाद उनका यह विरोध चर्चा में आ गया था.. तत्कालीन सहानुभूति लहर के चलते इस बयान की वजह से चंद्रशेखर भी लोगों के निशाने पर थे। बलिया प्लेटफॉर्म पर उनके खिलाफ लगा नारा उसी क्षोभ की अभिव्यक्ति कहा जा सकता है..चंद्रशेखर नारा लगा रहे युवाओं की तरफ कुछ कदम बढ़ाए भी..कुछ देर के लिए नारा थम गया..लेकिन बाद में नारा तब तक लगता रहा, जब तक वे प्लेटफॉर्म से निकलकर अंबेसडर कार से बलिया कलेक्ट्रेट नहीं चले गए.. बलिया कलेक्ट्रेट में नामांकन दाखिल करने के बाद उनकी सभा शहर के रामलीला मैदान में हो रही थी..जाड़े की गुनगुनी धूप ढलने लगी थी..जुलूस के साथ चंद्रशेखर रामलीला मैदान पहुंचे। तब वे खादी मटका का कुर्ता, धोती और बंडी पहने थे। कंधे पर बेतरतीब चादर भी थी..उनके नामांकन को कवर करने के लिए कुछ विदेशी पत्रकार भी बलिया पहुंचे थे.. रामलीला मैदान की उस सभा में बैठने का इंतजाम नहीं था..ज्यादातर लोग खड़े ही थे...चंद्रशेखर मंच पर पहुंचे..भिंडरवाला वापस जाओ के नारे से हुए स्वागत से उन्हें भरोसा हो गया था कि स्वर्णमंदिर में हुई सैनिक कार्रवाई के चलते लोगों में उन्हें लेकर गुस्सा है। लिहाजा उन्होंने अपने भाषण में सफाई देनी शुरू की...जिस सिख कौम के लिए सिखों के गुरू तेगबहादुर ने अपने शीश चढ़ा दिया, जिसके लिए गुरू गोविंद सिंह के दो बेटों को जिंदा दीवार में चुनवा दिया गया..उस महान कौम के तीर्थ स्थल पर सैनिक कार्रवाई का विरोध करके मैने गलती कहां गलती की... अभी चंद्रशेखर का वाक्य पूरा ही नहीं हुआ कि तकरीबन पूरे मैदान से विरोध के सुर फूट पड़े, कोई उन्हें भोजपुरी में दाढ़ी के संबोधन के साथ चुप रहने की नसीहत दे रहा था..तो कोई उनके सफाई देने पर सवाल उठा रहा था.. चंद्रशेखर समवेत विरोध के इस सुर से चकित रह गए.. बेशक तब तक वे बड़े नेता के रूप में स्थापित हो चुके थे, लेकिन उनकी अपीलों का कोई असर नहीं हुआ..लोगों ने उनका खुलकर विरोध किया..विरोध का प्रमुख वजह रही इंदिरा की हत्या को लेकर कांग्रेस के प्रति उपजी हमदर्दी और गुस्सा...1977 और 1980 के चुनावों में जिस बलिया ने चंद्रशेखर को अपना संसदीय ताज बनाया, उसी बलिया ने दिसंबर 1984 में हुए आम चुनावों में नापसंद कर दिया..कांग्रेस के जगन्नाथ चौधरी के हाथों जनता पार्टी के अध्यक्ष जी को 54 हजार 940 वोटों से हार मिली...बलिया से कांग्रेस के आखिरी नुमाइंदे जगन्नाथ चौधरी ही रहे।

# महंगाई बेरोजगारी से जनता त्रस्त, पाकिस्तान मुसलमान में भाजपा मस्त

**✻ सपा प्रवक्ता मनीष सिंह से लोकसभा चुनाव पर खास बातचीत**

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

गोरखपुर मंडल के बांसगांव, सलेमपुर व देवरिया लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन प्रत्याशियों और भाजपा प्रत्याशियों के संबंध में हिंदी दैनिक जन एक्सप्रेस संवाददाता से समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता मनीष सिंह से खास बातचीत।



## पिता की विचारधारा के हत्यारे हैं, सलेमपुर बांसगांव के भाजपा प्रत्याशी

सपा नेता मनीष सिंह ने बांसगांव, देवरिया और सलेमपुर के भाजपा उम्मीदवारों के राजनैतिक उदय पर निशाना साधते हुए सपा प्रवक्ता ने कहा कि ये भाजपाई उम्मीदवार अपने राजनैतिक लाभ और पद के लालच में अपने पिता के विचारधारा के खिलाफ चले गये जनता भी जानती है कि जो अपने पिता के हत्यारे हैं उनसे विकास की उम्मीद नहीं की जा सकती।सलेमपुर व बांसगांव लोकसभा क्षेत्र भाजपा प्रत्याशियों के पिता अपने पूरे जीवनकाल में जिस सामंती विचारधारा से लड़ते करते रहे ये सब सियासी लालच में अब उसी सामंती विचारधारा वाली भाजपा की गोद में बैठ गये। बता दें कि बांसगांव से भाजपा ने तिसरी बार कमलेश पासवान, सलेमपुर से रविन्द्र कुशवाहा को उम्मीदवार बनाया है। कमलेश के पिता ओम प्रकाश पासवान सपा से विधायक बने थे। रविन्द्र कुशवाहा के पिता हरिकेवल प्रसाद पूर्वांचल के दिग्गज समाजवादी नेता रहे। इन नेताओं ने अपना पूरा जीवन समाजवाद को मजबूत करने में लगा दिया और आज उनके लाडले पद की लालच में इन पुरोधाओं की विचारधारा के विपरीत जा कर उन्हें अपमानित कर रहे हैं।,सपा प्रवक्ता श्री सिंह ने कहा कि देवरिया लोकसभा क्षेत्र भाजपा उम्मीदवार शशांक मणि एनजीओ संचालक है उनके पिता देवरिया से दो बार सांसद चुने गए परन्तु विकास कार्य पूर्णतः शून्य रहा है, उन्होंने कहा कि भाजपा प्रत्याशी शशांक मणि अगर अपने पिता के दो बार संसदीय क्षेत्र का नेतृत्व काल का एक भी विकास कार्य जनता को बता नहीं पाएंगे।

## दो करोड़ रोजगार देने का वादा दस साल में नहीं हुआ पूरा

समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता मनीष सिंह ने भाजपा नेता और उम्मीदवार नरेंद्र मोदी द्वारा अपने भाषण में पाकिस्तान का जिक्र करने पर राजनीतिक ध्रुवीकरण करने का आरोप लगाया। सपा प्रवक्ता ने गोरखपुर मंडल बांसगांव, देवरिया और सलेमपुर लोक सभा सीटों पर भाजपा के उम्मीदवारों पर सियासी लालच में अपने पिता की विचारधारा के विरुद्ध जाने पर जमकर निशाना साधा, और कहा कि इंडिया गठबंधन प्रत्याशीयों को देश की सभी लोकसभा सीटों पर अपार जनसमर्थन मिल रहा है। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा नेता और वाराणसी लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार नरेन्द्र मोदी के बयानों पर राजनैतिक ध्रुवीकरण का आरोप लगाते हुए समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता मनीष सिंह ने कहा कि मोदी को अपनी व भाजपा की हार साफ तौर पर दिखने लगी है। इसीलिए वो अब भारत-पाकिस्तान, हिन्दू-मुसलमान की बात कर वोटों के ध्रुवीकरण का प्रयास कर रहे हैं। सपा नेता ने मोदीमय भाजपा के लोकसभा चुनाव 2014 में किए गए चुनावी वादों की याद दिलाते हुए कहा कि हर साल 2 करोड़ रोजगार का वादा कर सत्ता में आई भाजपा की मोदी सरकार अब बेरोजगारी पर एक शब्द नहीं बोल रही है।

### महंगाई से आमजन त्रस्त, मोदी मुसलमान पाकिस्तान करने में मस्त

भाजपा सरकार द्वारा किसानों की आय दोगुनी करने के सवाल पर भड़के सपा प्रवक्ता ने कहा कि किसानों की आय दोगुना करने झूठा वादा करने वाले नरेंद्र मोदी ने न सिर्फ सात सौ किसानों की जान ले ली बल्कि उसके बाद भी किसानों को एमएसपी देने को तैयार नहीं हैं,। उल्टा खाद-बीज की बोरियों का वजन कम दिया और दाम भी बढ़ा दिए। देश की जनता महंगाई की मार से त्रस्त है और मोदी मुसलमान-पाकिस्तान करने में मस्त हैं।

### बाबासाहेब का भक्त बन जनता को दे रहे धोखा

सपा प्रवक्ता ने कहा कि अब जब भाजपा नेता व भाजपा प्रत्याशी नरेंद्र मोदी यह समझ चुके हैं कि देश कि जनता समझ गई है कि भाजपा लोकतंत्र की हत्यारी है और संविधान को खत्म करना चाहती है तो अब वो बार-बार संविधान पर सफाई दे रहे हैं। देश के युवा, महिला, दलित, किसान, अल्पसंख्यक सब पर अत्याचार करने वाले मोदी अब खुद को बाबा साहब भीम राव आंबेडकर का भक्त बनने का दिखावा कर रहे हैं।

### भाजपा चार सौ पार नहीं, चार सौ सिटे हार रही है

भाजपा के चार सौ पार के चुनावी नारे पर सपा प्रवक्ता ने कहा कि जनता अब भाजपा की तानाशाही-दमनकारी और अत्याचारी नीतियों को समझ चुकी है। भाजपा नेता नरेंद्र मोदी का चेहरा अब झूठ का चेहरा बन चुका है। जनता अब उनके जुमलों में फंसने वाली नहीं। इन झूठे, लफ्फाज व जुमलेबाज भाजपा और उसके नेताओं को जनता सबक सिखाने का मन बना चुकी है और पहले दो चरण की वोटिंग में ये साफ भी हो चुका है कि भाजपा चार सौ सीटें हार रही है।

**लोकसभा कुशीनगर 65 चुनाव की झरोखों से**

# चुनावी रथ पर सवार प्रन्याशियों को पार्टियों के कार्यकर्ता सारथी बन लड़ा रहे चुनाव

**✻ चुनावी नुक्कड़ सभा में विकास का मुद्दा गुम, जातीय समीकरण पर हो रही चर्चा**

**जन एक्सप्रेस । गिरीश चंद्र पाण्डेय**









**कुशीनगर।** लोकसभा चुनाव कुशीनगर की चुनावी रणभूमि सजकर तैयार हो गई है। रथ पर सवार चुनाव लड़ रहे प्रत्याशीयों के सारथी बन कर पार्टियों के कार्यकर्ता गांव गांव चट्टी चौराहों तक जन सम्पर्क का सिलसिला बढ़ा दिया है।एक एक दिन में चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों के 25 से 30 जन सम्पर्क व नुक्कड़ सभा कार्यक्रम
गांव से लेकर कस्बा सहित चट्टी चौराहों पर लगाये जा रहे हैं।
लोकसभा चुनाव 2024 के कुशीनगर लोस 65 में स्थानीय मुद्दे पर विकास की चर्चा गुम हो गई है। सिर्फ व सिर्फ जातीय समीकरण को साधने की बात तक यह चुनाव सिमट कर रह गया है।
कुशीनगर लोकसभा 65 के चुनाव का समय ज्यों ज्यों नजदीक आ रहा है सारथी रूपी पार्टी कार्यकर्ताओं के चुनावी रथ पर सवार होकर चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों ने चुनाव जिताने की रणनीति के साथ जन सम्पर्क तेज कर दिया है। भीषण गर्मी की परवाह किए बिना प्रत्याशी और कार्यकर्ता गांव में चौपाल लगाकर मतदाताओं को रिझाने में लगे हुए हैं।
कुशीनगर लोकसभा से अब तक भाजपा, इंडिया गंठबंधन व राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के ही प्रत्याशी चुनाव मैदान में है। कुशीनगर के विकास का मुद्दा चुनाव में दूर-दूर तक सुनाई नहीं दे रहा है।जनसभा नुक्कड़ सभा आदि के माध्यम से प्रत्याशी कार्यकर्ताओं के द्धारा लगाये गये कार्यक्रम अनुसार जन सम्पर्क कर रहे हैं। कभी कुशीनगर की संपन्नता व खुशहाली तथा रोजगार को लेकर यहां की चीनी मीलों में काम करने वाले कर्मचारियों के सिप्ट बदलने के समय बजने वाली? चीनी मीलों के सायरन की गूंज गांवों तक सुनाई देती थी वह काफी समय से लोगों नहीं सुनाई देती है। गांव से गन्ना लदे बैल गाड़ीयों से चीनी मीलों में रात रात भर सड़कों पर बैल गाड़ीयों को खिंचकर मीलों में पहुंचाने वाले बैलों के गले में बंधी घंटियों की आवाज ही रोजगार व किसानों के खुशहाली का संकेत हुआ करता था वह अब गन्ने के सीजन में नहीं दिखाई देता है। कुशीनगर में संचालित होने वाली चीनी मिलें धीरे धीरे एक एक कर बंद होती गई और विकास का तेजी से आगे बढ़ाने वाला पहिया थमता गया। यहां के मतदाताओं के जेहन में यह सवाल उठ रहा कि इसका जिम्मेदार कौन है।
कुशीनगर में संचालित कुल 9 चीनी मिलों में छितौनी, कटकुईयां, पड़रौना, रामकोला की पंजाब, लक्ष्मीगंज, कप्तानगंज की चीनी मिल एक के बाद एक बंद होती चली गई। बंद पड़ी चीनी मीलों को चलाने के लिए किसी भी जन प्रतिनिधि या सरकार ने ध्यान नहीं दिया। लोकसभा कुशीनगर में अब तीन चीनी मीलों में ढांडा, रामकोला व खड्डा चीनी मीलों के भरोसे यहां के गन्ना किसानों के गन्ना पेराई का कार्य सिमट कर रह गया है। जबकि कुशीनगर लोकसभा सीट पर किसान सर्वाधिक मतदाता हैं।इस सीट से चुनाव मैदान में चुनाव लड़ रहे प्रत्याशी केवल जातीय समीकरण को सेट कर चुनाव जीतने की रणनीति बनाने में लगे हुए है।यह जातीय समीकरण का आंकड़ा तो मतगणना के बाद ही सबके सामने होगा। वैसे तो इस लोकसभा के चुनाव में बंद पड़ी चीनी मीलों का मुद्दे पर किसी भी दल का प्रत्याशी खुलकर किसानों व मतदाताओं की अदालत में बोलने से परहेज़ कर रहा है। चुनावी रणभूमि में विकास की रथ पर सवार सारथी कार्यकर्ताओं के दम पर कितना सटीक उतरेगा वह तो आने वाला समय ही बताएगा।
इस बार भले ही कुशीनगर का मतदाता खुल कर चुनाव में नहीं बोल रहा है ।उसकी खामोशी ने सभी उम्मीदवारों को हैरान कर रहा है। किसानों मतदाताओं के सवालों का जवाब कोई भी प्रत्याशी देने से कतरा रहा है। फिर भी चुनाव है मतदाताओं को वोट डालना है वह किस करवट बैठेगा इसका अंदाजा लगा पाना मुश्किल है।

# पंचायत भवनों पर लटकते ताले शासन की मंशा पर फेर रहे पानी

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

**जांच कराकर की जाएगी कार्रवाई - डीपीआरओ**

इस संबंध में पूटे जाने पर जिला पंचायत राज अधिकारी नीलेश प्रताप सिंह का कहना है कि संबंधित एडीओ पंचायत से जांच करा कर कार्यवाई की जायेगी।




भारत सरकार द्वारा गांवों में जनता को एक छत के नीचे जरुरत के कागजात उपलब्ध कराने की दृष्टि से गांवों में ग्राम सचिवालय का निर्माण कराया गया परंतु पंचायती राज विभाग के जिम्मेदारों की बेपरवाही से पंचायत भवन हाथी के दांत साबित हो रहे हैं। पंचायत भवन निर्माण में सरकार द्वारा लाखों रुपये खर्च किये गए केवल इसलिए की सरकार की जो महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित किया जा रहा है उसका लाभ ग्रामीण लोगों को सीधे उनके ग्राम सभा में मिले उनको किसी योजनाओ के लाभ लेने के लिए ब्लाक व तहसील का चक्कर न लगाना पड़े ।
सरकार पंचायतो को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में अनेक योजनाएं संचालित कर रही है परंतु जिम्मेदारों की लापरवाही से पहल धरातल पर नहीं उतर पा रहा है।
जिसकी वजह से ग्रामीणों को योजनाओ का लाभ नही मिल पा रहा है । इसका जीता जागता उदाहरण उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गृह जनपद के विकास खण्ड गगहा के ग्रामपंचायत बाऊपार का है, जहाँ पंचायत भवन पर हमेशा ताला लटकता रहता है । ग्रामीणों ने बताया कि जब से पंचायत भवन बना तब से आजतक ताला खुला नहीं देखा गया, ताला खुलने कोई समय व दिन निर्धारित नहीं है । पंचायत भवन के अगल बगल में गंदी नाली कूड़े का ढेर लगा पड़ा है परिसर में सफाई की व्यवस्था नदारद है जिससे आये दिन गंभीर बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है । ग्रामीणों ने बताया कि यहां न पंचायत सहायक बैठते है और न ही रोजगार सेवक , सफाईकर्मी तो कभी यहाँ झांकने तक नहीं आते है ।
शासन से निर्धारित निर्देशो में पंचायत सहायक को परिवार रजिस्टर , जन्म मृत्यु रजिस्टर समेत अन्य कई योजनाओं का लाभ देना है । रोजगार सेवकों को पंचायत सचिवालय में बैठकर जब कार्ड धारकों को रोजगार उपलब्ध कराने का कार्य निर्धारित करना है । बीसी सखी के माध्यम से पैसों का लेनदेन करने , सीएससी संचालकों से अनलाइन कार्यो की सेवा उपलब्ध कराने जैसा निर्देश है । लेकिन पंचायत भवन में इन कर्मचारियों के बैठने के बजाय ताले लटके हुए मिलते है जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश है । इस संबंध में पूटे जाने पर खण्ड विकास अधिकारी गगहा ऐजाज अहमद ने कहा कि मामला मिडिया के माध्यम से संज्ञान में आया है संबंधितों पर कार्रवाई की जाएगी।

# जिलाधिकारी कुशीनगर ने किया मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**



जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी कुशीनगर उमेश मिश्रा व पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल के साथ शुक्रवार को लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत तमकुहीराज विधानसभा क्षेत्र तथा दुदही विकास खंड के उच्च प्राथमिक विद्यालय माधोपुर, गौरीश्रीराम, दुदही कुशीनगर के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। डीएम ने सभी मतदान केंद्रों पर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित न्यूनतम सुनिश्चित सुविधाएं (एएमएम) उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डीएम ने मतदान केंद्र पर शौचालय, स्वच्छ पेयजल, छायादार स्थल, चार्जिंग पॉइंट, पंखा, प्रकाश व्यवस्था रैंप, फर्नीचर इत्यादि के संबंध में जानकारी प्राप्त की। डीएम उमेश मिश्रा ने कहा कि आगामी 1 जून को जनपद कुशीनगर में मतदान होगा। जून माह की संभावित गर्मी के दृष्टिगत सभी मतदान केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए। जिससे की मतदाताओं को किसी प्रकार की दिक्कत परेशानी न हो। मतदान केंद्रों पर पानी एवं आवश्यक सुविधाए की उपलब्धता रहे। इसके अतिरिक्त छायादार स्थल एवं बैठने के लिए समुचित कुर्सियों के प्रबंध भी किया जा जाए। जिलाधिकारी ने सहायक रिटर्निंग अधिकारी को निर्देशित किया कि अपने क्षेत्र में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करे ताकि मतदान के प्रति आम लोगों में जागरूकता बढे और ज्यादा से ज्यादा संख्या में मतदान हेतु मतदातागण प्रेरित एवं जागरूक हो तथा मतदान दिवस के दिन अधिक से अधिक संख्या में पोलिंग बूथ पर पहुंच कर वह मतदान करें। निरूक्षण के दौरान सहायक रिटर्निंग ऑफिसर तमकुहीराज विधान सभा क्षेत्र विकास चंद्र, तहसीलदार तमकुही राज, कानूनगो एवं क्षेत्रीय लेखपाल सहित विभिन्न अधिकारी मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने किया गेहूं क्रय केंद्र का औचक निरीक्षण

**✻ डीएम ने किसानों से गेहूं विक्रय केन्द्र पर ही गेहूं बिक्री करने का किया आवाहन**

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**



जिलाधिकारी उमेश मिश्रा द्वारा शुक्रवार को जिले के राजकीय गेहूं क्रय केंद्र दुदही का औचक निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान साफ सफाई की व्यवस्था खरीद के लिए बोरो की उपलब्धता व वजन करने की मशीन, बिजली की व्यवस्था, खरीदे हुए गेहूं को रखने की व्यवस्था , किसानों के रजिस्ट्रेशन के सापेक्ष अभी तक गेहूं क्रय की स्थिति की एक एक कर जानकारी ली। साथ में गेहूं क्रय केंद्रों पर हुई कुल खरीदारी और गेहूं क्रय हेतु कुल किसानों के पंजीकरण की भी जानकारी लिए।
जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने किसान बंधुओ से आवाहन किया कि वे अधिक संख्या में गेहूं विक्रय हेतु पंजीकरण करें तथा गेहूं क्रय केंद्रों पर पहुंचकर गेहू विक्रय करें ,अगर इस प्रक्रिया में किसी प्रकार की कोई समस्या आ रही है तो तत्काल अवगत भी कराएं। जिलाधिकारी ने क्रय केंद्र पर मौजूद मूलभूत सुविधाओं की भी जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारी को किसानों को फैसिलिटेट कर पंजीकरण बढ़ाने तथा लक्ष्य के सापेक्ष गेहूं क्रय कराने के निर्देश दिए।
जिलाधिकारी ने लक्ष्य के सापेक्ष कम गेहूं खरीदारी होने व धीमी प्रगति पर तथा किसानों के पंजीकरण कम होने के व पृच्छा के क्रम में विपणन निरीक्षण के द्वारा जानकारी अनुपलब्ध कराने के कारण नाराजगी जाहिर किया गया। डिप्टी आरएमओ ( खाद्य एवं विपणन अधिकारी) तथा विपणन निरीक्षक को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में राजकीय गेहूं क्रय केंद्र दुदही में 12 किसान पंजीकृत पाए गए तथा 318 क्विंटल गेंहू खरीदारी की जानकारी प्राप्त हुई। जनपद में 92 धान क्रय केंद्र संचालित है। क्रय केंद्रों पर नोडल अधिकारी के रूप में ड्यूटी लगाई गई है ,3262 किसानों ने गेहूं क्रय हेतु पंजीकरण कराया है ।जिसमे से 3204 किसानों का सत्यापन हो गया है एवं 765 किसानों की गेहूं खरीद की जा चुकी है तथा जून 2024 तक 47 हजार मीट्रिक टन गेहूं क्रय करने का लक्ष्य है।
जिलाधिकारी ने जनपद के सभी गेहूं क्रय केंद्र पर सभी बेसिक सुविधायें सुनिश्चित किये जाने हेतु निर्देशित किया तथा गेहूं क्रय केंद्रों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य पर ही गेहूं खरीद सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा निर्धारित गेहूं खरीद हेतु न्यूनतम समर्थन मूल्य 2275 प्रति कुंतल है सभी किसानों को गेंहू का सही समर्थन मूल्य प्राप्त हो।इसी क्रम में जिलाधिकारी द्वारा केन्द्र प्रभारी को गेंहू क्रय में पूरी तत्परता बरते जाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि गेहूं क्रय शासन की प्राथमिकता का विषय है। अतः सभी अधिकारी एवं कर्मचारी आए हुए किसानों के साथ मित्रवत एवं सम्मानजनक व्यवहार करें। साथ ही किसी भी प्रकार की उन्हे कोई असुविधा न हो, इसका विशेष रुप से ध्यान रखे जाय किसानों का ज्यादा से ज्यादा रजिस्ट्रेशन कराने हेतु किसानों को जागरूक करने के भी निर्देश दिए।
इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल , उपजिलाधिकारी तमकुहीराज विकास चंद्र, विपणन निरीक्षक श्याम किशोर सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहें।

## फास्ट फॉरवर्ड

### चुनाव कवरेज करने आई अंजना ओम कश्यप को लगे गो बैक के नारे

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** देश के नंबर वन हिंदी न्यूज चैनल %आजतक% का खास चुनावी शो %राजतिलक% इस चुनावी समर में नए अंदाज में 14 अप्रैल से 9 मई तक चलने वाले इस शो में हेलीकॉप्टर शॉट के जरिए चुनावी कवरेज की जा रही है. %आजतक% की एंकर अंजना ओम कश्यप हेलिकॉप्टर पर सवार होकर अलग-अलग जिलों में जाकर जनता की नब्ज समझ रही हैं इसी क्रम में शुक्रवार को देवरिया पहुंची देवरिया में उनका हेलीकॉप्टर उतरा इसके बाद कवरेज करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा आपको बता दें कि देवरिया लोकसभा चुनाव को लेकर सभी राजनीतिक पार्टी के प्रत्याशी चुनाव प्रचार में पूरी ताकत झोंक दिए हैं क्यों कि एक तरफ भारतीय जनता पार्टी के द्वारा दिग्गज नेता शशांक मणि त्रिपाठी तो दूसरी तरफ कांग्रेस से अखिलेश प्रताप सिंह चुनाव मैदान में है जिसको लेकर देवरिया लोकसभा सीट पर चुनाव काफी दिलचस्प हो गया है वही देवरिया जनपद के लोग आने वाले समय में यह तय करेंगे कि उनके सांसद कौन है उससे पहले देवरिया जनपद में चीनी मिल जैसे तमाम मुद्दे लोग उठा रहे हैं।इसके बाद कवरेज करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा आपको बता दें कि देवरिया लोकसभा चुनाव को लेकर सभी राजनीतिक पार्टी के प्रत्याशी चुनाव प्रचार में पूरी ताकत झोंक दिए हैं क्यों कि एक तरफ भारतीय जनता पार्टी के द्वारा दिग्गज नेता शशांक मणि त्रिपाठी तो दूसरी तरफ कांग्रेस से अखिलेश प्रताप सिंह चुनाव मैदान में है जिसको लेकर देवरिया लोकसभा सीट पर चुनाव काफी दिलचस्प हो गया है वही देवरिया जनपद के लोग आने वाले समय में यह तय करेंगे कि उनके सांसद कौन है उससे पहले देवरिया जनपद में चीनी मिल जैसे तमाम मुद्दे लोग उठा रहे हैं। इसी बीच उनको जनता का विरोध का सामना करना पडा जनता ने ओम कश्यप को गो बैक का नारा लगाकर वापस कर दिया भीड़ इतनी थीं की पुलिस को संभालने में काफी मसकत करनी पड़ी।

### प्रबंध समिति के आजीवन सदस्य एवं संरक्षक रहे भूपेंद सिंह का निधन

**जन एक्सप्रेस/बनकटा।** श्री बब्बन सिंह शिक्षा संस्थान के प्रबंध समिति के आजीवन सदस्य एवं संरक्षक श्री भूपेंद सिंह जी का निधन हो गया। वो काफी दिनों से बीमार चल रहे थे। उन्होंने लखनऊ विकास प्राधिकरण और कानपुर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष के रूप में अपनी सेवा दी है। वह लार ब्लॉक के खेमादेई के रहने वाले थे। उनके निधन की सूचना सुबह प्रार्थना सभा के दौरान प्राप्त हुई जिसे शोक सभा में परिवर्तित करके उनकी आत्मा की शांति के लिए सभी विद्यालयों में शांति पाठ कराया गया। उनके निधन पर श्री बब्बन सिंह शिक्षण संस्थान के कुलमुख्य डॉ तेज प्रताप सिंह, श्रीमती रीता सिंह, प्रबंधन संस्थान डॉ भानु प्रताप सिंह, संस्थान के निदेशक चंद्र प्रताप सिंह, पीडीआरडी की प्रधानाचार्या श्रीमती शिवानी सिंह और संस्थान के सभी शिक्षक और कर्मचारी गण गहरा दुख प्रकट किया है। डॉ तेज प्रताप सिंह ने कहा कि उनके निधन से संस्था की अपूरणीय क्षति हुई है जिसकी भरपाई असंभव है।

### युवक पर गिरा बिजली का खम्भा, मेडिकल कालेज में चल रहा इलाज

**जन एक्सप्रेस/भटनी।** कुरमौटा घुरी निवासी शिवकुमार तिवारी साईकिल के घूमकर क्षेत्र में हल्दी बेचते हैं. वह रोज की तरह हल्दी बेचने के लिए घर से निकले थे. जिगनी चौराहे पर अचानक बिजली का खम्भा ऊपर गिर जाने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए. उन्हें आस पास के लोग सीएचसी ले गए. जहाँ से मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया।

### वनकर्मी से मारपीट के मामले में हुआ मुकदमा दर्ज'

**जन एक्सप्रेस/महराजगंज।** थाना क्षेत्र बृजमनगंज के वन रेंज फरेंदा के खुरर्मपुर चौकी अंतर्गत बीट संख्या 5 के विजय सलाहियत के पास जंगल से पौधे काटकर ले जाने की सूचना पर पहुंचे दैनिक वनकर्मी पर मनबढ़ों ने हमला बोल मारपीट कर घायल कर दिया। पिड़ित वनकर्मी द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार शुक्रवार की सुबह 9 बजे वर्षों पूर्व जंगल मे लगाए गए पौधों को कुछ लोगों द्वारा काटकर ले जाया जा रहा था। जिसकी सूचना पर वह पीछा करते हुए धोबी टोला पहुंचा कि इसी दौरान लोगों ने उनके ऊपर हमला बोल दिया और बुरी तरह मारा पीटा। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दो नामजद सहित तीन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले के संबंध में पूटे जाने पर प्रभारी निरीक्षक श्याम सुंदर तिवारी ने बताया कि पवन कुमार की तहरीर पर मिट्ठू व अमर नाथ पुत्रगढ़ हरिशचंद्र निवासी लेहड़ा टोला कल्याणपुर व एक अज्ञात के विरुद्ध वन अधिनियम, मारपीट, व एससीएसटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है

### जनपद में 50 स्थानों पर लगेगा लाइटिंग अर्ली वार्निंग सिस्टम

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** जनपद में हर वर्ष आकाशी बिजली की वजह से लोगो की जान चली जाती है जिसको ध्यान में रखते हुए बरसात के दिनों में इन मौत के आंकड़ों को कम किया जा सकेगा क्योंकि मौसम से संबंधित जानकारी देने वाला यंत्र जनपद के 50 स्थान पर लगाए जाएंगे जिसको लेकर सभी उप जिला अधिकारी को पत्र भेजा गया है।आकाशीय बिजली गिरने से पहले यंत्र लाइट के जरिए और सायरन के जरिए लोगों को सूचना देगा यह संकेत देगा की बिजली गिर सकता है या नहीं बिजली गिरने की कितनी संभावना है जिसके बाद लोग सुरक्षित स्थान पर आश्रय ले लेंगे यह मौसम से होने वाली जनहानि को रोकने के लिए सरकार की ओर से वार्निंग सिस्टम लगाने के निर्देश दिए गए हैं जिसमें तीन तरह के लाइट लगे होंगे लाइट के मदद से लोग यह जान पाएंगे कि मौसम खराबी कितनी है और बिजली गिरने की संभावनाएं कितनी अधिक है और सायरन भी बजेगा।वार्निंग सिस्टम लगने के बाद जनपद में आकाशी बिजली से जनहानि में कमी आएगी और लोगों को यह जानकारी भी उपलब्ध हो पाएगी की आकाशी बिजली गिरने की संभावना कितनी है जो तीन रंगों के संकेत दिखाएगा, जिसमें हर रंग यह सूचना देगा की मौसम खराब है बारिश हो सकती है, पीला रंग यह सुचना देगा की सुरक्षित स्थान पर पहुंच जाएं आकाशी बिजली गिरने की संभावना है।

### प्राची ने किया बीएचयू टॉप

**जन एक्सप्रेस/लार।** काशी हिन्दू विश्वविद्यालय बनारस के एग्रीकल्चर इकोनॉमिक पीएचडी प्रवेश परीक्षा में जिले की रहने वाली प्राची सिंह ने टाप किया है। वह लार ब्लाक क्षेत्र के नेमा गांव निवासी शिक्षक नेता देवशरण सिंह की पुत्री हैं। प्राची ने बीएससी एजी हार्टीकल्चर आन्ध्रप्रदेश और एमएससी एजी एग्रीकल्चर इकोनॉमिक बांदा से किया है। अब वह काशी हिन्दू विश्वविद्यालय बनारस से पीएचडी करेंगी। प्राची की सफलता पर राम सिंगार सिंह, देवशरण सिंह, गिरीश सिंह, आदि ने बधाई दिया है।

## जिला अस्पताल की लिफ्ट में फंसे बाबू

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** जिला अस्पताल की लिफ्ट फिर खराब हो गई। आज शाम लिफ्ट से उतर रहे अस्पताल के बाबू लिफ्ट के अंदर फंस गए। इससे वे घबरा गए। उन्होंने तत्काल अधिकारियों को सूचना दी। मौके पर अस्पताल के कर्मचारी पहुंच गए और उन्होंने मैकेनिक को बुलाकर लिफ्ट को ठीक कराया। करीब आधा घंटे तक बाबू लिफ्ट में फंसे रहे। इससे पहले भी कई बार लिफ्ट में कर्मचारी और मरीज फंस चुके हैं। लिफ्ट आए दिन खराब हो जाती है।

बता दें जिला अस्पताल में मरीजों की सुविधा के लिए दो लिफ्ट लगी हुई है। शुक्रवार की शाम जिला अस्पताल के बाबू ड्यूटी समाप्त करके नम्बर दो लिफ्ट से उतरकर नीचे आ रहे थे। इस बीच लिफ्ट बीच में खराब हो गई। उन्होंने कुछ समय तक उसका इंतजार किया। जब लिफ्ट नहीं चली तो वे घबरा गए। उन्होंने तत्काल प्रमुख अधीक्षक डॉ. राजेन्द्र अरोड़ा को लिफ्ट खराब होने एवं स्वयं को फंसे होने की जानकारी दी। उन्होंने कर्मचारियों को भेजा। मैकेनिक को फोन करके बुलाया गया। मैकेनिक ने उसे ठीक किया।

# उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाने के लिए मोदी की सरकार कार्य कर रही है: प्रियंका

जन एक्सप्रेस। आगरा

कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा द्वारा फतेहाबाद में रोड शो किया गया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस एवं समाजवादी पार्टी के संयुक्त प्रत्याशी रामनाथ सिकरवार के लिए विकास के नाम पर वोट देने का आम जनता से आह्वान किया । इस दौरान भारी सुरक्षा के बीच आयोजित रोड शो में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं उपस्थित हुए।



- प्रियंका गांधी ने रोड शो कर देश के विकास के लिए मांगे वोट
- हेलीपैड पर कांग्रेस और सपा नेताओं ने किया स्वागत
- रोड शो में उमड़ पड़ा था जन सैलाब

### लोगों के लिए नहीं किया विकास

आम लोगों के लिए कोई विकास नहीं किया गया है । उन्होंने कहा कि कांग्रेस के सरकार में आते ही अग्नि वीर की व्यवस्था को रद्द किया जाएगा। साथ ही विकास के नाम पर वोट देने का आह्वान किया। एक घंटा तक चले रोड शो में भारी जन सैलाब उमड़ पड़ा । इस दौरान समाजवादी पार्टी एवं कांग्रेस के कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। फतेहाबाद में चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात रहा।

### डेढ़ घंटे देर से पहुंची प्रियंका

निर्धारित समय से करीब डेढ़ घंटा देरी से फतेहाबाद पहुंची। प्रियंका गांधी का हेलीपैड पर कांग्रेस और सपा के नेताओं ने स्वागत किया। इसके बाद रोड शो आयोजित किया गया। रोड शो कस्वे के खंड विकास कार्यालय से शुरू होकर बस स्टैंड,अंबेडकर चौक, गांधी चौक होता हुआ भगवान देवी कन्या इंटर कॉलेज पहुंचा।

### ये रहे लोग शामिल

इस दौरान समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता राजेश शर्मा, पहलाद सिंह गुर्जर, आशीष शर्मा, शैलेश यादव, ऋषि वाल्मीकि, अनुज यादव, रामसेवक मीणा तथा कांग्रेस के राजू झा, बाह विधानसभा सपा पूर्व प्रत्याशी अंशु रानी निषाद, राजू निषाद, मुकेश निषाद, गुड्डू दयाल वर्मा, अजय वर्मा, राजकुमार निषाद समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### आम लोगों के लिए राहुल ने पूरे देश की यात्रा

जहां प्रियंका गांधी ने एक संक्षिप्त सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने पूरे देश में 4000 किलोमीटर की यात्रा करने के बाद आम लोगों से मिलकर एक घोषणा पत्र तैयार किया है, जिसे न्याय पत्र कहा गया है। उन्होंने कहा केंद्र की सरकार तथा मोदी जी द्वारा उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाने के लिए कार्य किया जा रहा है।

## पुलिस ने तमंचा समेत युवक को पकड़ा

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** थाना ट्रांस यमुना पुलिस ने एक सूचना के आधार पर कालिन्दी बिहार में खाली पड़े मैदान से एक युवक को तमंचा समेत पकड़ा। युवक का कुछ दिन पहले तमंचा सहित सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हुआ था। थानाध्यक्ष सुमनेश कुमार ने बताया पुलिस टीम के साथ रोजाना की तरह चेकिंग की जा रही थी। इस बीच सूचना के आधार पर कालिन्दी बिहार के पास खाली पड़े मैदान से अरमान खान मंसुरी पुत्र किफायत खान निवासी कालिन्दी बिहार को पकड़ा। उसके पास से एक तमंचा और कारतूस बरामद किया। थानाध्यक्ष ने बताया युवक का कुछ दिन पहले तमंचे समेत शोसल मीडिया पर वीडियो वायरल हुआ था। उसने तमंचे के संबंध में बताया कुछ दिन पहले उसका कुछ लोगों से झगड़ा हो गया था। उनसे रंजिश हो गई थी। सुरक्षा के लिए तमंचा रखा है।

## पुलिस कर्मी की ट्रेन की चपेट में आकर मौत



जन एक्सप्रेस। अलीगढ़

थाना गॉधी पार्क में तैनात एक सिपाही की रेलवे लाइन पार करते समय टैऊन की चपेट में आकर दर्दनाक मौत हो गयी। शिवम राणा पुत्र प्रेम सिह ग्राम भडल गाँव थाना दौघट जनपद बागपत का रहने वाला था, अलीगढ़ के थाना गॉधी पार्क में तैनात था।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार की सांय 4.30 बजे के शिवम राणा किसी कार्य से रेलवे लाइन पर होकर आ रहा था, तभी कानपुर की ओर से तीव्र गति से आ रही दरभंगा एक्सप्रेस ट्रैन की चपेट में आ गया और उसक परखच्चे उड गये। जब पुलिस विभाग को सिपाही की मौत की जानकारी हुई तो हडकंप मच गया और घटना की सूचना जीआरपी पुलिस को दी, सूचना पर पहुंची पुलिस ने सिपाही के शव को कब्जे में लेकर अंतिम परीक्षण हेतु पोस्टमार्टम गृह भेज दिया है।

## अलीगढ़ लोकसभा में सभी धर्म के लोगों ने दलगत राजनीति से उठकर गठबंधन का साथ दिया: बिजेन्द्र सिंह



जन एक्सप्रेस। अलीगढ़

हाथरस में जनता इसबार इतिहास रचदेगी क्यो कि उनकी कर्मभूमि, जन्मभूमि भी इगलास उसी में है। यह चुनाव ये उद्गार अलीगढ़ के पूर्व सांसद एवं अलीगढ़ से लोकसभा के सपा प्रत्याशी बिजेन्द्र सिंह व्यक्त किये। शुक्रवार को अपने आवास किशोर नगर पर पत्रकारों से रूबरू होते हुए व्यक्त किये।

उन्होने कहा कि उनकी जन्मभूमि, कर्मभूमि भी उसी इगलास विधानसभा क्षेत्र इसी में है। इसबार समीकरण गठबंधन के फेफर में है, भाजपा ने हाथरस में मंत्री अनूप बाल्मीकी को बनाया है, वो आज भी मंत्री, एमएलए है। क्या जरूरत थी उन्हे चुनाव लडने की कोई दूसरा वंदा होता जैसे गठबंधन का है, तो जनता की सेवा के विकास के काम आता है। उन्होने कहा कि मंत्री सांसद बनके क्या सकता है। जनता ने नकार दिया है नकार भी देना चाहिए। जो मंत्री बनकर फेल हो रहा है। सांसद बनकर ढूंढे नहीं मिलेगा और मैं स्पष्ट रूप से कहना चाहता हूँ कि उनका अपरचित क्षेत्र है वहां इनका तो अपना कुछ नहीं है। जाति और धर्म के सभी के लोग जिस तरह से अलीगढ़ लोकसभा में दलगत राजनीति से उठकर गठबंधन का साथ दिया है। उसी तरह से लिखने के लिए हाथरस लोकसभा में इगलास, शादाबाद, में जनता वोट उसी तरह से वोट करेगी। उन्होने कहा कि आज शनिवार को सुबह 11 बजे लगसमा पुण्य भूमि गोंडा और 12 बजे श्यामगढ़ी गोरई क्षेत्र में और विशाल जनसभा को संबांधित करेंगे। चौधरी बिजेन्द्र सिंह ने कहा कि सारी जाति मिलकर गठबंधन के साथ हो गयी है।

## रैपिड रेल के साथ 9 रूट पर चलेंगी फीडर बस, हजारों लोगों को होगा फायदा

जन एक्सप्रेस। नोएडा

गाजियाबाद से नोएडा एयरपोर्ट तक प्रस्तावित रैपिड रेल कॉरिडोर के साथ फीडर बस चलाने की प्लान है। ये बस दो फेज में नौ रूट पर चलाई जाएंगी। ये प्लान इसलिए तैयार किया गया ताकि रैपिड कॉरिडोर से 3 किमी के बाहर रिहाइशी और इंडस्ट्रियल एरिया को कवर किया जा सके। आने वाले समय में यहां तेजी से जनसंख्या बढ़ेगी। इस योजना को लास्टमाइल कनेक्टिविटी के तहत लॉन्च किया जा रहा है। बता दे आगामी पांच सालों में रैपिड रेल का संचालन होगा। ये हजारों लोगों को फायदा देगी। एनसीआर ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन ने गाजियाबाद स्टेशन से नोएडा एयरपोर्ट तक 72 किमी लंबे रैपिड रेल कॉरिडोर पर प्रस्तावित 22 स्टेशन में से नौ रूट पर फीडर बस चलाने की प्लानिंग की है। इसके पहले फेज में गाजियाबाद स्टेशन से इकोटेक वीआई तक छह बस रूट और इकोटेक वीआई से जेवर एयरपोर्ट तक तीन रूट प्लान किए गए। नेशनल कैपिटल रीजन ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन (एनसीआरटीसी) के अनुसार रैपिड रेल का पहला फेज 39 किमी लंबा है। इसमें 11 मेट्रो स्टेशन है। ये लाइन मुख्य रूप से गाजियाबाद और ग्रेटर नोएडा वेस्ट के उन हिस्सों को कवर करता है जो पहले से ही विकसित हैं और अधिक जनसंख्या वाले है। ऐसे में पहले फेज में छह बस रूट को प्लान किया गया ये गाजियाबाद स्टेशन और इकोटेक वीआई के बीच है। आरआरटीएस के दूसरे खंड के लिए केवल तीन बस रूट प्लान किए गए। इसकी वजह है कि ये रूट जेवर एयरपोर्ट तक 32.9 किमी लंबा तो है लेकिन इसका हिस्से कुछ एक सोसाइटी और ग्रामीण इलाकों से होकर जा रहा है। इस साल के अंत तक नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट शुरू होने और आरआरटीएस के आस पास आवासीय और डेटा सेंटर हब के रूप में बनना शुरू हो जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि आरआरटीएस से आने जाने के लिए इन संस्थानों से आने वाले लोग इन बस का प्रयोग कर आसानी स्टेशन तक पहुंच सकेंगे। साथ ही उनको लास्ट माइल कनेक्टिविटी से भी जोड़ा जा सकेगा।

## 6 साल के बच्चे को कुत्ते ने काटा, सेक्टर 70 की पैन ओएसिस सोसाइटी की घटना

जन एक्सप्रेस। नोएडा

नोएडा सेक्टर-70 स्थित पैन ओएसिस सोसाइटी में गुरुवार की रात छह साल के बच्चे को लावारिस कुत्ते ने काट लिया। गंभीर हालत में बच्चे को अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना से गुस्साए 50 से अधिक लोगों ने देर रात फेज-3 थाने में आकर हंगामा किया। सोसाइटी निवासी मामले में एफआईआर दर्ज करने की मांग कर रहे थे। पुलिस ने लोगों से शिकायत ली है। थाना प्रभारी ने बताया कि करीब रात 8रू00 बजे वो कॉरिडोर में खेल रहा था। इस दौरान कुत्ते ने बच्चे को काटा था। उसको दो टांके लगे हैं। बच्चा सुरक्षित है। इस मामले में थाने पहुंचे लोगों का कहना था कि उनकी सोसाइटी में लावारिस कुत्तों का आतंक बढ़ता जा रहा है। हर रोज कुत्ते छोटे बच्चों और बुजुर्गों को काटकर गंभीर रूप से घायल कर रहे हैं। थाने में आए सोसाइटी निवासियों ने लावारिस कुत्तों को खाना खिलाने वाले लोगों पर कार्रवाई की मांग की। उनका कहना था कि सोसाइटी के आसपास के लावारिस कुत्तों को हटाया जाए। थाने में वे लोग भी पहुंचे, जिनको कुत्तों ने काटा था। पुलिस अधिकारी लोगों को मामले में कार्रवाई का आश्वासन देकर समझाने का प्रयास करते रहे। इस मामले में पैन ओएसिस के एओए पदाधिकारी रवि पांडे ने कहा कि निवासी लावारिस कुत्तों की नियमानुसार व्यवस्था करने की मांग कर रहे है। जल्द ही इस बाबत अधिकारियों से मुलाकात की जाएगी।

## राष्ट्र निर्माण के लिए वोट करेगा लोधी समाज: बीएल वर्मा

जन एक्सप्रेस। आगरा

फतेहपुर सीकरी लोकसभा के लोधी बाहुल्य गांव श्यामो में भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी राजकुमार चाहर के जनसभा में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा सम्मिलित हुए। कार्यक्रम संयोजक प्रकाश राजपूत व संचालन विजय सिंह लोधी मण्डल अध्यक्ष ने किया। इस मौके पर लोधी युवा महासभा के मिथुन लोधी के नेतृत्व में 51 मीटर का साफा पहनाकर बीएल वर्मा जी का स्वागत किया गया।

जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा ने कहा कि भाजपा की केंद्र व राज्य की सरकारें सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास की भावना से काम कर रही है। सरकार का ध्येय समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ सीधा पहुंचे ये सुनिश्चित करना है। जब समाज के अंतिम व्यक्ति का विकास होगा तब ही राष्ट्र का विकास होगा।

उन्होंने कहा कि वर्तमान स्थिति में विपक्ष के पास ना कोई मुद्दा है ना कोई नेता चार जून को चार सो पार के प्रचंड बहुमत के साथ तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री फिर से नरेंद्र मोदी होंगे। उन्होंने कहा कि चार सौ पार के माला में एक फूल फतेहपुर सीकरी लोकसभा को भी होना चाहिए, इसलिए आगामी सात अप्रैल को भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

जिलामंत्री भाजपा डॉ. सुनील राजपूत ने कहा कि लोधी समाज के सम्मान व स्वाभिमान की रक्षा सदा भारतीय जनता पार्टी करती रही। भाजपा ही सभी वर्गों के लिए सबका साथ सबका विकास के सिद्धांत पर कार्य कर रही है। मोदी व योगी की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के हर वर्ग को बराबर मिल रहा है। लोधी समाज किसी के बहकावे में नहीं आएगा।

## गोंडा-खैर बार्डर पर क्रियाशील एसएसटी के कार्यों का लिया जायजा

जन एक्सप्रेस। अलीगढ़

- डीईओ 07 मई को होने वाले मतदान के दृष्टिगत विधानसभा इगलास के मतदेय स्थलों का भ्रमण कर बुनियादी सुविधाओं का लिया जायजा

जिला निर्वाचन अधिकारी विशाख जी0 द्वारा तृतीय चरण में 07 मई को होने वाले मतदान के दृष्टिगत विधानसभा इगलास के मतदेय स्थलों का निरीक्षण किया गया। हाथरस लोकसभा क्षेत्र में आने वाले विधानसभा इगलास में 334 मतदान केन्द्र एवं 459 मतदेय स्थल बनाए गए हैं। इस दौरान उन्होंने स्थापित एसएसटी निरीक्षण कर मुस्तैदी से कार्य करने के निर्देश दिए।

अपने भ्रमण के दौरान डीईओ ने मुरबार स्थित लगसमा विद्या निकेतन एवं प्राथमिक विद्यालय जल्हू में बनाए मतदेय स्थलों का निरीक्षण कर न्यूनतम बुनियादी सुविधाओं का जायजा लिया और ग्रामीणों से संवाद करते हुए निर्भीक होकर अनिवार्य मतदान करने की अपील की। उन्होंने संवाद के दौरान ग्रामीणों से मतदाता पर्ची प्राप्त होने के संबंध में भी



फीडबैक लिया। ग्रामीणों ने बताया कि कल ही उनको मतदाता पर्ची मिल गई हैं। जिला मजिस्ट्रेट ने भ्रमण के दौरान गोंडा-खैर बार्डर पर क्रियाशील एसएसटी के कार्यों का भी जायजा लिया। इस दौरान एसडीएम इगलास महिमा एवं एसएचओ उपस्थित रहे।

## प्रधान के नलकूप से सूर्य ऊर्जा की 15 प्लेट चोरी

**आगरा।** जैतपुर क्षेत्र के बिठ्टौना गांव की प्रधान श्रीमती आशा देवी के निजी नलकूप से सूर्य ऊर्जा की 15 प्लेट चोरी हो गई है। प्रधान का कहना है कि हमने निजी जमीन में सूर्य ऊर्जा से चलने वाला नलकूप लगवाया है जो सूर्य ऊर्जा की 16 प्लेट से चल रहा था । बृहस्पतिवार की रात करीब एक बजे किसी अज्ञात चोरों ने 15 प्लेट सूर्य ऊर्जा की चोरी कर ली है। प्रधान ने इस चोरी की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया। प्रधान ने बताया कि यह नलकूप भारत सरकार की सब्सिडी छूट की योजना में लगवाया था। यह नलकूप हमारे ससुर अनोखेलाल वर्मा के नाम से निजी जमीन में लगा हुआ है । अनोखे लाल ने बताया है कि नलकूप के पास कुछ लोगों ने एक मैक्स पिक आप गाड़ी को देखा है। एसओ जैतपुर तरूण धीमान ने बताया है कि चोरी की सूचना पर पुलिस पहुंची थी, लेकिन अभी तक प्रधान की तरफ से लिखित रूप से कोई तहरीर नहीं दी गई है।

## क्षेत्र में लगे सरकारी हैंड पंप एक सप्ताह में ठीक कराए जाएं: अनिल क्रांतिकारी



जन एक्सप्रेस। अलीगढ़

जनपद अलीगढ़ जिले भर में गांव-गांव में सरकारी हैंड पंप नल खराब पड़े हुए हैं जिले भर में भारी मात्रा में हैंडपंप है लेकिन 20 से 25 परसेंट नल खराब हो चुके हैं जिनको प्रशासन ने अभी तक ठीक नहीं कराया इस बात को लेकर किसान कामगार मोर्चा के जिला अध्यक्ष अनिल क्रांतिकारी ने बताया अधिक गर्मी के रहते हुए लोगों को और प्रत्येक जीव को पानी की बहुत ही आवश्यकता होती है बिना पानी के व्यक्ति व्याकुल हो जाता है और उसे पानी की उसे समय बहुत आवश्यकता होती है काफी गांव में रोड के सहारे ग्रामीण क्षेत्रों में नल लगे हुए हैं जो कि अभी तक ठीक नहीं कराए गए पूर्व जिला पंचायत प्रत्याशी अनिल कुमार ने बताया जिरौली पंचायत के गांव नगला रम उर्फ भिडिया नगला नवीपुर अजवाइन ढेर आदि गांव के नल शीघ्र ही प्रशासन द्वारा ठीक कराए जाएं जिससे जीव जंतु जानवर और आम जनमानस को परेशानियों का सामना ना करना पड़े।

## शहीदों को किया नमन, वीरांगनाओं का सम्मान

जन एक्सप्रेस। आगरा

आरटीआई एक्टिविस्ट एसोसिएशन की तरफ से वाटर वर्क्स चौराहा स्थित अतिथि वन में वीरांगनाओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। अतिथियों ने कहा कि देश के लिए सब कुछ कुर्बान कर देने वाले शहीदों को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उनकी कुर्बानियों का ही फल है कि आज देश की सीमाएं सुरक्षित है। वीरांगनाओं के धैर्य की भी जमकर प्रशंसा की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राकेश गर्ग (दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री), समाजसेवी सुरेश चंद गर्ग (तपन ग्रुप), मोहित अग्रवाल, जीनत जीशान, अनीता कुशवाह, डीजीसी बसंत गुप्ता, ओम करन, अवनीश कांत गुप्ता, मुरारी प्रसाद अग्रवाल, राजपाल सिंह कुशवाह, डॉ. रोशन लाल, डॉ. रजनीश तियागी ने शहीदों की याद में दीप प्रज्ज्वलित किया। समाजसेवी खेरागढ़ विधायक पत्नी अनीता कुशवाह, दिलीप बघेल, मोहित अग्रवाल, विवेक गौतम, शिक्षा गौतम, नीलम मिश्रा, संजीव बंसल, अनीता कुशवाह, अनिल मोहन मित्तल, डा. महेश धाकड़, निशांत सिंह, कार्यक्रम संयोजक सोनम कुशवाह, राजेश अग्रवाल, अंकिता सावंत, मधुरी महौर, वबिता गोयल, श्वेता गोयल, लौचन चौधरी एड., महासचिव विवेक गौतम, आराध्या डॉ. एसपी सिंह, बबिता गोयल, माधुती माहौर, श्वेता गोयल, प्रदीप कुशवाह, राजपाल कुशवाह, मार्गश्री देवी, रेनूदेवी कुशवाह, गिरजा देवी कुशवाह, देवी सुमन कुशवाह, शिवम कुशवाह, सचिन कुशवाह, योगेन्द्र जादौन, डॉ. निधी बसंल, किशोरी राजपूत, निसंत पार्षद मुरारी लाल, प्रधान कुशवाह, शिव प्रसाद शर्मा, अंकिता सावंत, किशोरी राजपूत, मधुरी महौर, अखिल मोहन मित्तल, हर्षित अग्रवाल, मोहित अग्रवाल, राशिद अली, बंटी माहौर पार्षद, सतीश कुमार इजीनियरिंग, राकेश धनकर, संतोष डागर, वीरेंद्र मित्तल, डॉ. सुनील गुप्ता, प्रेमचंद, सुरेश कुशवाह, चेयरमैन एत्मादपुर विजय कुमार चौरसिया, ममता सिंघल, वबीता अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## जानवरों ने आधा दर्जन बकरियों को मार डाला

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** जैतपुर क्षेत्र के सरोखीपुरा गांव के किसान वीरेंद्र सिंह उर्फ पोटे सिंह की आधा दर्जन बकरियों को जानवरों ने रात में अपना शिकार बना डाला है। इस घटना की जानकारी पीड़ित को सुबह हुईं तो उस के होस उड़ गए। चीख पुकार की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। घेर में बंधी छह बकरियां मरी पड़ी थी। इससे ग्रामीणों में दहशत फैल गई है, पीड़ित ने इस घटनाक्रम की सूचना 112 पर और वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही पुलिस और वन विभाग टीम मौके पर पहुंच गई। वन विभाग ने पशु चिकित्सालय को सूचना दी है। वन विभाग टीम जांच कर रही है। जांच के बाद ही पता चलेगा कि बकरियों को किस जानवर ने अपना शिकार बनाया है। वीरेंद्र सिंह ने बताया लाखों रुपए की बकरियां मर गई है।

# स्वामी प्रसाद मौर्य पर सभा के समय फेंका जूता पुलिस और ग्रामीणों ने युवक को दबोचा

- हिंदू महासभा के कार्यकर्ताओं ने उनकी कार परं स्याही भी फेंकी

जन एक्सप्रेस। आगरा



राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के प्रत्याशी होतम सिंह निषाद के समर्थन में डौकी में जनसभा करने आए पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य पर एक युवक ने भरी सभा में जूता फेंक दिया। इसके पहले फतेहाबाद में भी हिंदू महासभा के कार्यकर्ताओं ने काफिले को रोका था। काले झंडे दिखाकर उनकी गाड़ी पर स्याही फेंकी थी।

पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य फतेहाबाद में होतम सिंह निषाद के समर्थन में आयोजित सभा में जैसे ही माइक पर आए। एक युवक भीड़ से उठा तथा उसने एक जूता उठाकर स्वामी प्रसाद मौर्य की ओर उछाल दिया जो माइक में लगा, उसने तत्काल दूसरा जूता भी फेंक कर मारा तथा मौके से भागने लगा । इसके बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उसे दबोच लिया। तथा ग्रामीणों ने उसकी धुनाई भी कर दी। बाद में डौकी पुलिस सुरक्षा में उसे लेकर डौकी थाने चली गई। युवक किस संगठन का कार्यकर्ता है इसके बारे में जानकारी की जा रही है।

इससे पहले फतेहाबाद के बाईपास रोड पर स्वामी प्रसाद मौर्य के काफिले को रोक लिया गया। आक्रोशित अखिल भारत हिंदू महासभा के कार्यकर्ताओं ने काले झंडे दिखाए। इतनी ही नहीं कार पर स्याही भी फेंक दी गई। इस दौरान पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच तकरार भी हुई।

फतहेबाद क्षेत्र में स्वामी प्रसाद मौर्य पहुंचे थे। उनके आगमन की जानकारी जैसे ही अखिल भारत हिंदू महासभा के कार्यकर्ताओं को हुई तो वे एकजुट हो गए। फतेहाबाद बाईपास चौराहे पर स्वामी प्रसाद मौर्य के काफिले को रोक लिया गया। इस दौरान जोरदार नारेबाजी के साथ स्वामी प्रसाद मौर्य वापस जाओ के नारे लगना शुरू हो गए।

पुलिस ने किसी तरह हिंदू महासभा के कार्यकर्ताओं के रोकने का प्रयास भी किया, लेकिन गुस्सा शांत नहीं हो पा रहा था। इस दौरान स्वामी प्रसाद मौर्य के काफिले को काला झंडा दिखाते हुए उनकी कार पर स्याही फेंक दी गई। स्थिति को काबू में करने के लिए पुलिस आगे आई तो महासभा के कार्यकर्ताओं से तीखी तकरार हो गई। इस दौरान अखिल भारत हिंदू महासभा के संजय जाट, मनीष पंडित, सौरभ शर्मा, अंकित चौहान, बाबू भाई, मनीष कुमार, फतेहाबाद विधानसभा अध्यक्ष राधेश्याम दास महाराज, शांति भाई, वीरेंद्र सिंह समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# डीएम के नेतृत्व में सड़क सुरक्षा विभागों के अधिकारियों की टीम ने किया दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्र का निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत





शुक्रवार को जिलाधिकारी के नेतृत्व में सड़क सुरक्षा के स्टेट होल्डर विभागों के अधिकारियों की टीम द्वारा दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्र एवं जनपद में चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स का स्थलीय निरीक्षण किया गया। सर्वप्रथम आसाम चौराहे से देवहा पुल तक का मार्ग खंड जोकि ब्लैक स्पॉट्स के रूप में चिन्हित है पर पहुंचे जिलाधिकारी द्वारा असम चौराहे पर निर्माणाधीन फ्लाई ओवर की प्रगति के बारे में एनएचपीडब्लयूडी के अभियंता विजय राज सिंह द्वारा अवगत कराया गया उन्होंने बताया की ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य प्रगति पर है।

चौराहे में पूर्व में संचालित पुलिस चौकी को शिफ्ट किए जाने की कार्रवाई की जानी है, जिससे चौकी वाले स्थान पर पिलर का निर्माण किया जायेगा तथा पूरनपुर की तरफ हाइड्रेंन शिफ्टिंग का कार्य होना है, जिस पर जिलाधिकारी द्वारा निर्धारित समय सीमा पर समस्त निर्माण कार्य पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी द्वारा चौराहे के चारों तरफ अतिक्रमण हटाने एवं ट्रैफिक पुलिस को चौराहे पर किसी भी वाहन को अवैध पार्किंग के रूप में खड़ा ना होने देने के निर्देश दिए गए ताकि मुख्य चौराहे पर किसी प्रकार का जाम एवं दुर्घटना इत्यादि की समस्या उत्पन्न ना हो।

पूरनपुर मार्ग पर चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स पूरनपुर गेट चौकी पर बरहा से आने वाली सड़क के मुख्य मार्ग से मिलने वाले टी पॉइंट पर स्पीड टेबल बनाने, टर्न रोड का चौड़ीकरण करने, ब्लिंकिंग लाइट लगाने, दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्र का चेतावनी बोर्ड लगाने एवं सड़ा पुल पर दायीं ओर बड़ी मात्रा में उगी हुई झाड़ियों/झाड़ीनुमा पेड़ो की कटाई छँटाई कराने के निर्देश दिये गये।

पीलीभीत बरेली मार्ग पर नवनिर्मित जहानाबाद बाईपास पहुंचने पर जिलाधिकारी द्वारा बाईपास के प्रवेश मार्ग पर संरचनात्मक खामियों पर कार्यदायी संस्था एनएचआईएआई के साइट इंजीनियर को डिवाइडर की लंबाई काम करने बरेली मार्ग की तरफ जाने पर ढलान कम होने क्षतिग्रस्त रेलिंग गार्ड को ठीक करने बाईपास से पहले मार्ग के दोनों तरफ बाईपास होने संबंधी सूचना का बोर्ड लगाने हजार्ड लाइट लगाने के निर्देश दिए गए साथ ही उक्त स्थान पर यातायात पुलिस कर्मियों की तैनाती के निर्देश दिए गए इसी प्रकार ब्लैक स्पॉट्स के रूप में चिन्हित ललौरीखेड़ा में डिवाइडर की रेलिंग लगवाने,

अवैध कट बंद करवाने मार्ग के दोनों तरफ हुए अतिक्रमण को हटाने लिंक रोड पर स्पीड ब्रेकर बनाने के निर्देश दिए गए जहानाबाद मार्ग पर लालपुर चौराहे पर चौराहे के चारों कोनों पर किए गए अतिक्रमण को तत्काल हटवाने चौराहे पर कैच ए लगाने रंबल स्ट्रिप लगाने तथा मार्ग की दृश्यता बाधित करने वाले झाड़ीनुमा पेड़ों की कटाई करने के निर्देश दिए गए,

इसी मार्ग पर अप्सरा नदी के सकरी पुलिया पर रिफ्लेक्टर युक्त बोर्ड लगाने एवं पुलिया का चौड़ीकरण करने एवं तीव्र मोड़ पर कैट्स आई लगाने के निर्देश दिए गए।

# यूजी पीजी की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन शुरू

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के सम सेमेस्टर 2024 का मूल्यांकन शुक्रवार को बाबा साहब देवरस केंद्रीय मूल्यांकन भवन में प्रारंभ हो गया। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह और परीक्षा नियंत्रक अजीत सिंह ने विधिवत पूजन कर मूल्यांकन प्रारंभ कराया। इस अवसर पर कुलपति ने शिक्षकों को समय से परीक्षा कराने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया और मूल्यांकन कार्य को भी गुणवत्तापूर्ण ढंग से समय से पूरा करने की अपील की। उन्होंने कहा कि जिस तरह से सुचिता से परीक्षा कराई गई है ठीक उसी तरह सही ढंग से मूल्यांकन कार्य भी होना चाहिए। मूल्यांकन समन्वयक डॉ.रामजीत सिंह, सह समन्वयक डॉ.अनुराग मिश्र एवं डॉ. ममता सिंह के पिछले मूल्यांकन के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि आपके कार्य को देखते हुए पुनः दायित्व दिया गया है। मूल्यांकन में लगे कर्मियों को निर्देश दिया कि बाहर से आए हुए परीक्षकों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। उनके नाश्ते व रहने की उत्तम व्यवस्था की जाए। पहले दिन समाजशास्त्र विषय का मूल्यांकन प्रारंभ हुआ जिसमें कुल 190 परीक्षकों ने मूल्यांकन कार्य किया। स्ववित्तपोषित शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ.प्रभाकर सिंह, महामंत्री डॉ.निलेश कुमार सिंह, डॉ.धनंजय सिंह डॉ संतोष कुमार सिंह ने परीक्षको से सुचितापुर्ण मूल्यांकन करने का सहयोग मांगा और अधिकारियों से परीक्षको की सुविधाओं पर भी ध्यान देने की अपील की। इस अवसर पर डॉ.ओमप्रकाश दुबे, डॉ.राजेश श्रीवास्तव, डॉ.अमित कुमार सिंह, डॉ.आशा सिंह मौजूद रहे। विषय संयोजक डॉ.हरिओम त्रिपाठी ने मूल्यांकन व्यवस्थाओं का संचालन किया।

## फास्ट फॉरवर्ड

### पुरानी रंजिश को लेकर दावत में हुई कहा-सुनी, मार-पीट, चार लोगों पर मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस । बीसलपुर। पुरानी रंजिश को लेकर दावत में गये युवक की गांव के ही एक युवक से कहा-सुनी होने लगी। जिस पर युवक ने अपने साथियों के साथ गाली गलौज करते हुए लात घूसों, लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित युवक की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है। दियोरिया कोतवाली क्षेत्र के गांव बेनीपुर निवासी रमेश चंद्र पुत्र जयदेव ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि उनके परिवार में नन्हें लाल पुत्र लोचन प्रसाद के यहां दावत खाने गया था। उस दावत में पड़ोस के नत्थू लाल पुत्र छेदा लाल, फूलचंद पुत्र नत्थू लाल, अनिल पुत्र नत्थू लाल व भुवनेश पुत्र महेन्द्र पाल कितनापुर थाना बीसलपुर मौजूद थे। जिसमें पुरानी रंजिश को लेकर नत्थू लाल से कहा-सुनी होने लगी। जिस पर सभी लोगों ने गाली गलौज करते हुए लात घूसों, लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित रमेश चंद्र की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है। प्रभारी निरीक्षक उमेश सोलंकी ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

### अज्ञात महिला की ट्रेन की चपेट मे आने से हुई मौत

जन एक्सप्रेस । जौनपुर। मुंगराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के वाराणसी प्रतापगढ़ रेल प्रखंड पर रामचौकी गांव के पास शुक्रवार को दोपहर करीब सवा बारह बजे मालगाड़ी की चपेट में आने से एक अज्ञात महिला की मौके पर ही मौत हो गई। उक्त प्रखंड पर दोपहर करीब सवा बारह बजे बादशाहपुर रेलवे स्टेशन के पश्चिम रामचौकी गांव के पास एक मालगाड़ी ट्रेन जो वाराणसी की ओर जा रही थी की चपेट में आने से करीब 32 वर्षीय अज्ञात महिला की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची मुंगराबादशाहपुर पुलिस ने लाश की शिनाक्त कराने की पूरी कोशिश किया किंतु पहिचान नहीं हो पाई। थक हार कर मुंगरा पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उपनिरीक्षक विनोद सिंह ने बताया कि महिला लाल रंग मिक्स कलर की साड़ी पहने हुए थी। दहेज प्रताड़ना के आरोप पर प्रधान पति सहित सात पर दहेज प्रताड़ना व मारने पीटने की धारा में मुकदमा दर्ज।

### जफराबाद थाना क्षेत्र के करमही गांव का मामला

जन एक्सप्रेस । जौनपुर। जफराबाद। क्षेत्र के करमही गांव निवासी एक विवाहिता को दहेज के लिए घर से मारपीट कर बाहर निकाल दिए जाने के आरोप को संज्ञान में लेते हुए पुलिस ने प्रधान पति तथा छह लोगों के विरुद्ध दहेज प्रताड़ना एवं मारने पीटने की धारा का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक जलालपुर थाना क्षेत्र के नत्थनपुर गांव निवासी दीपचंद जायसवाल की पुत्री ज्योति जायसवाल की शादी 2 वर्ष पहले जफराबाद थाना क्षेत्र के करमही गांव निवासी ज्ञानचंद उर्फ राहुल जायसवाल से हुई थी। आरोप है कि शादी में ज्योति के परिजनों द्वारा चार पहिया गाड़ी एवं नगदी व काफी सामान दिया गया था। उसके बावजूद भी लगातार विवाहिता ज्योति जायसवाल के पति, ससुर, सास और अन्य सदस्यों द्वारा ब्रेजा कार और नगदी की मांग की जाने लगी। तीन महीने पहले ज्योति के घर पर एक कार्यक्रम पड़ा था, जिसमें विवाहित अपने मायके गई थी, कुछ दिन बीतने की बात उसके ससुराल के लोग उसे लेने नहीं आए। तब विवाहित बीते एक मई को अपने भाई के साथ अपनी ससुराल करमही पहुंची और घर में प्रवेश कर गई, आरोप है कि विवाहिता के घर मे प्रवेश करने के बाद ही उसके पति, सास ससुर व अन्य सदस्यों ने मारपीट कर घर से बाहर निकाल दिया। जिस पर विवाहिता ज्योति द्वारा थाने में लिखित तहरीर दी गई। तहरीर के आधार पर पुलिस ने ज्योति जायसवाल के पति ज्ञानचंद उर्फ राहुल जायसवाल, उसके ससुर वंशु जायसवाल, सास गायत्री देवी, चचिया ससुर प्रधान पति घनश्याम जायसवाल, देवर अजीत, रूपचंद एवं ननद रोशनी के विरुद्ध दहेज प्रताड़ना व मारने पीटने की धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया।

### घर के बरामदे में लटकता मिला विवाहित युवक का शव

जन एक्सप्रेस । बरखेडा। थाना क्षेत्र के गांव पतरसिया मे संदिग्ध हालात मे फांसी के फंदे पर लटकता मिला विवाहित युवक का शव। वही बताया जा रहा है की मृतक अबधेश कुमार पुत्र तेजराम निवासी पतरसिया थाना बरखेड़ा दोपहर 4 बजे अकेले पड़े घर मे रस्सी से लटककर बरामदे में जीवन लीला समाप्त कर ली। मृतक के दो बग्चें है एक लड़का 12 वर्ष लडकी 8 वर्ष पत्नी अपने मायके में पिछले पंद्रह दिन से रहे रही थी। शाम 7 बजे मां ने दरबाजे से आवाज दी जबाब न मिलने पर दूसरे की छत से जाकर कुंडी खोलकर देखा तो अबदेश कुमार लटकता मिला। वही सूचना मिलते ही बरखेड़ा मौके पर पहुंची और मामले की जांच-पड़ताल करने मे जुट गई।

## मालगाड़ी की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

- दुधिया खुर्द रेलवे स्टेशन से एक कि.मी दूर हुआ हादसा
- गांव नौगमा का रहने वाला था ग्रामीण, पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा

जन एक्सप्रेस । पूरनपुर

दुधिया खुर्द के पास ट्रेन से कटकर अधेड़ की मौत हो गई। शुक्रवार की सुबह शव रेलवे ट्रेक पर पड़ा देखा गया। जानकारी पर बड़ी संख्या मे लोग घटना स्थल पर पहुंच गए। सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने पहुंचकर मौका मुआयना कर जांच-पड़ताल की। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

ट्रेन से कटकर ग्रामीण की मौत की घटना पूरनपुर-मैलानी ब्राडगेज लाइन पर गांव दुधिया खुर्द के पास की है। बताते हैं कि कोतवाली क्षेत्र के गांव नौगमा के रहने वाले 52 वर्षीय पुत्तूलाल कुछ दिन से परेशान भी और रात-विरात घर से बाहर घूमते रहते थे। ग्रामीणों के मुताबिक गुरूवार की रात के वक्त ट्रेन की चपेट में आने से उनकी मौत हो गई। उनका एक पैर कट गया। पूरी रात शव ट्रेक किनारे पड़ा रहा। शुक्रवार की सुबह खेतों की तरफ जा रहे कुछ लोगों ने ट्रेक पर शव पड़ा देखा। इससे उनमें खलबली मच गई। जानकारी पर तमाम लोग मौके पर पहुंच गए और शव की शिनाख्त की गई तो पुत्तूलाल का निकला। घटना की सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने जानकारी जुटाई। पुत्तूलाल के बारे में भी लोगों से पूछताछ की। जानकारी पर मृतक के नाते-रिश्तेदार रोते-बिलखते पहुंच गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लिया। कोतवाली इंस्पेक्टर संजीव कुमार ने बताया कि दुधिया खुर्द में ट्रेन से कटकर नौगमा के एक ग्रामीण की मौत हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# दो लाख रुपए की नकदी, कूलर, वाशिंग मशीन की मांग को लेकर विवाहिता को घर से निकाला

- पति, सास, ससुर, देवर सहित चार लोगों पर मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस । बीसलपुर




शादी के तीन साल बाद दहेज लोभी ससुराल वालों ने विवाहिता से दो लाख रुपए की नकदी, कूलर वाशिंग मशीन की मांग की। विवाहिता द्वारा असमर्थता जताने पर ससुराल वालों ने विवाहिता को प्रताड़ित करते हुए मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़ित विवाहिता ने अपने दादा के साथ पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति, सास, ससुर, देवर सहित चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

दियोरिया कोतवाली क्षेत्र के गांव जगतपुर रामनगर निवासी रेनू वर्मा पत्नी कृष्ण पाल पुत्री राम औतार ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि उसकी शादी तीन साल पहले ओमकार के पुत्र कृष्ण पाल से हिंदू रीति-रिवाज के साथ हुई थी। जिसमें उन्होंने अपनी हैसियत के अनुसार दान दहेज भी दिया था लेकिन ससुराल वाले उससे संतुष्ट नहीं थे। कुछ दिन बाद ससुराल वाले कहने लगे तेरे मां बाप ने दहेज कुछ नहीं दिया है और कहा कि अपने बाप से दहेज में दो लाख रुपए, कूलर, वाशिंग मशीन लाकर दो तभी घर में रखेंगे। विवाहिता ने अपने पिता की गरीबी का हवाला देकर असमर्थता जताई तभी उक्त लोग प्रताड़ित करने लगे। दिनांक 28 अप्रैल 24 को मार-पीट कर गाली गलौज किया। जिससे विवाहिता के चोटें आई हैं और कहा कि अगर माता-पिता से शिकायत की तो जान से मार देंगे। विवाहिता ने चोरी छिपे अपने माता-पिता को फोन किया और घटना की सूचना दी। जिस पर विवाहिता के दादा तेजराम गांव जगतपुर रामनगर पहुंचे और ससुराल वालों को समझाने का प्रयास किया लेकिन बात नहीं बनी और विवाहिता को पहने हुए कपड़ों में घर से निकाल दिया। विवाहिता रेनू वर्मा ने अपने दादा के साथ कोतवाली पुलिस को पति कृष्ण पाल, ससुर ओमकार, सास मुन्नी देवी, देवर सर्वेश के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति कृष्ण पाल, ससुर ओमकार, सास मुन्नी देवी, देवर सर्वेश निवासी जगतपुर रामनगर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

प्रभारी निरीक्षक उमेश सोलंकी ने बताया कि विवाहिता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने पति, सास, ससुर, देवर सहित चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# पुलिस कर्मी ने सीबीआई अफसर और क्राइम इंस्पेक्टर बताकर दो लोगों से की लूट

- राजमिस्त्री से नगदी मोबाइल और किसान से ट्रांसफर कराए रुपए
- पकड़े गए आरोपियों से लूटी गई नगदी, मोबाइल, ब्रीजा कार बरामद

जन एक्सप्रेस । पूरनपुर

इंस्पेक्टर क्राइम ब्रांच बताकर कोतवाली में तैनात कार सवार एक सिपाही ने तीन अन्य साथियों के साथ मिलकर राज मिस्त्री से मोबाइल और नगदी लूट ली।दूसरे किसान को सीबीआई टीम का अफसर बताकर धोखाधड़ी कर मोबाइल फोन से रुपए ट्रांसफर करा लिए। दोनों पीड़ितों की ओर से दी गई तहरीर से खलबली मच गई। जांच में मामला सही पाए जाने पर पुलिस ने आरोपी पुलिसकर्मी उसके तीन अन्य साथियों के खिलाफ लूट, धोखाधड़ी,आईटी एक्ट में एफआईआर दर्ज की। पुलिसकर्मी और उसके एक अन्य साथी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।पुलिस फरार चल रहे दो आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। पकड़े गए आरोपियों के पास से लूटी गई नगदी,मोबाइल और ब्रीजा कार बरामद की गई।

पूरनपुर नगर के मोहल्ला ढका निवासी कमर दो अप्रैल को ब्लॉक रोड पर स्थित पिरानी मजार के पास खड़े हुए थे। इसी दौरान कार सवार चार लोग वहां पहुंच गए। चारों कार सवारों ने अपने आप को इंस्पेक्टर क्राइम ब्रांच बताकर रोक लिया। आरोपी की जेब में रखा मोबाइल फोन और तीन हजार की नगदी लूट ली। विरोध करने पर कार सवार चारों आरोपियों ने जमकर पिटाई लगा दी। दूसरे मामले में कार सवार लुटेरों में थाना सेहरामऊ में उत्तरी क्षेत्र के गांव दुर्जनपुर कला निवासी जितेंद्र सिंह पुत्र बलकार सिंह को निशाना बना लिया। आरोप है कि कार सवार लुटेरों ने अपने आप को सीबीआई का अबसर बता कर जमकर धमकाया। धोखाधड़ी कर जबरन अपने साथी सरफराज के खाते में फोन पे एप के माध्यम से 14 हजार रुपए ट्रांसफर करा लिए। कोतवाली पहुंचे दोनों पीड़ितों ने घटना की तहरीर पुलिस को दी। लूट की जानकारी से पुलिस महकमें में खलबली मच गई। पीड़ित से जानकारी के बाद पड़ताल में जुटी पुलिस जांच के दौरान सामने आया कि कोतवाली में तैनात पुलिस कर्मी रामू ने अपने तीन अन्य साथियों के साथ कार से दोनों घटनाओं को अंजाम दिया। 3 अप्रैल को पुलिस ने लूट की वारदात में शामिल सरफराज निवासी मोहल्ला रजागंज, कोतवाली में तैनात पुलिसकर्मी रामू सिंह निवासी खाद्दीपुर चैन सिंह थाना अरवल जिला हरदोई को गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपियों के पास से लूटी गई पांच हजार की नगदी मोबाइल फोन ब्रीजा कार बरामद हुई। पुलिस द्वारा की गई पूछताछ में पुलिसकर्मी रामू ने कार सवार तीन अन्य साथियों के साथ लूट की वारदात स्वीकार की। पुलिस ने पुलिसकर्मी रामू सिंह, सरफराज कल्लू उर्फ ताज मोहम्मद और एक अज्ञात के खिलाफ लूट, धोखाधड़ी, आईटी एक्ट की धाराओं में प्राथमिकी पंजीकृत की।शुक्रवार पकड़े गए आरोपी पुलिसकर्मी रामू और उसके साथी सरफराज को पुलिस ने जेल भेज दिया। फरार चल रहे दो आरोपियों की पुलिस लगातार तलाश में जुटी हुई है। आरोपियों को गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार शुक्ला, अपराध निरीक्षक हरसिंग पाल, उप निरीक्षक प्रध्दुम्न कुमार, कांस्टेबल मोनू, सोबीर सिंह शामिल रहे।

## नेहिया गांव में दो घटनाए होने से मच गया हड़कम्प

जन एक्सप्रेस । वाराणसी

वाराणसी के दानगंज चोलापुर थाना क्षेत्र के नेहिया गांव में दो घटनाए होने से हड़कम्प मच गया। पहली घटना अंडे की दुकान में रखें सिलेंडर के ब्लास्ट करने से आसपास हड़कंप मच गया। बताया जाता है कि कौशल कुमार निवासी नेहिया ने अपने अंडे की दुकान खोल रखी थी, जिसमें सिलेंडर रखा था। अचानक सिलेंडर के ब्लास्ट करने पर गोमती जल गई। हादसे में किसी को चोट नहीं आई है। दूसरी घटना यह है कि सड़क किनारे बरगद का पुराना पेड़ गिर जाने से मामा और भांजा गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। नेहिया निवासी अजय विश्वकर्मा और उसका भांजा अंकित घायल हुए हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेजा। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क किनारे काफी जर्जर पुराने पेड़ हुए हैं, जो आए दिन घटना को दावत देते हैं। चौकी प्रभारी गोसाईपुर विकास कुमार ने बताया कि दोनों घटनाओं में दो लोग घायल हुए हैं।

# बेटी की शादी से पहले मां प्रेमी के साथ फरार

जन एक्सप्रेस । मिर्ज़ापुर

राजगढ़। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी दो बेटियों की मां अपनी छोटी बेटी की शादी से एक सप्ताह पहले घर गृहस्थी का सामान लेकर प्रेमी के साथ कहीं चली गई। महिला के इस तरह कृत्य को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चा हो रही है। बड़ी बहन ने शादी की जिम्मेदारी संभाली है।

चुनार थाना क्षेत्र का एक व्यक्ति लंबे समय से क्षेत्र में रहकर एक विधवा महिला के साथ मिलकर टिफिन सप्लाई करने का काम करता था। इस दौरान दोनों में प्रेम संबंध हो गया। मंगलवार को महिला को उसके प्रेमी के साथ देख पुत्री ने विरोध किया। इसकी सूचना उसने ससुराल में रह रही अपनी बड़ी बहन को दी। बुधवार को घर पहुंची बड़ी बेटी अपनी मां से जब इस संबंध में पूछताछ करने लगी तो मां का उनसे विवाद हो गया। बेटियों ने इसकी सूचना 112 नंबर डायल कर पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस सभी को समझाकर लौट गई। पुलिस के जाने के बाद बुधवार की रात करीब आठ बजे महिला का प्रेमी फिर उसके घर पहुंच गया। महिला के प्रेमी को देखते ही उसकी बेटियां आक्रोशित हो गईं। शोर सुनकर मौके पर ग्राम प्रधान पहुंच गए। वहां ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। ग्रामीण महिला और उसके प्रेमी को समझाने में लगे रहे। परंतु महिला घर में रखा फ्रिज, गैस सिलिंडर, बर्तन, कपड़े आदि सामान वाहन में लदवाकर घर छोड़कर अपने प्रेमी के साथ चली गई। महिला की दो बेटियां हैं। बड़ी बेटी की शादी हो चुकी है। छोटी बेटी की शादी के लिए 10 मई को बरात आने वाली है। बेटी के सिर से पिता का साया पहले ही उठ गया है। शादी से एक सप्ताह पहले प्रेमी के साथ मां के जाने से बेटी की रो-रोकर हालत खराब है।

### अलग-अलग हादसों में दो युवक घायल

जन एक्सप्रेस । मिर्ज़ापुर। राजगढ़। थाना क्षेत्र में बुधवार की रात अलग-अलग स्थानों पर हुए हादसों में दो लोग घायल हो गए। दोनों को सीएचसी राजगढ़ पहुंचाया गया।

# राष्ट्रहित में करें मतदान: मिथिलेश नारायण

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



सुजानगंज जौनपुर क्षेत्र के रघुवीर महाविद्यालय थलोई, भिखारीपुर कला पर महाविद्यालय परिवार द्वारा मतदाता जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसको संबोधित करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र बौद्धिक शिक्षण प्रमुख मिथिलेश नारायण ने छात्र-छात्राओं एवं प्राध्यापकों को संबोधित करते हुए भारत के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जिस रामसेतु और कृष्ण की द्वारिकापूरी को काल्पनिक बताते थे आज वह दुनिया के लिए शोध का विषय बना हुआ है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में मतदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए आह्वाहन किया कि आप सभी निश्चित रूप से मतदान करें और इसके लिए औरों को भी प्रेरित करें। मतदान करते समय यह ध्यान रखें कि हमारा मतदान राष्ट्रहित में हो। जो हमारे संस्कार हमारी संस्कृति और देश के मान बिंदुओं के साथ देश की सीमाओं को सुरक्षित रखें। कार्यक्रम को जिला शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान जौनपुर के प्रवक्ता नीरज मणि त्रिपाठी ने भी संबोधित करते हुए मतदान करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे गौरी शंकर संस्कृत महाविद्यालय, सुजानगंज के प्राचार्य डॉ0 विनय कुमार त्रिपाठी ने कहा की मतदान सबके लिए आवश्यक है तभी स्वस्थ लोकतंत्र की स्थापना हो सकती है। कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों का आभार महाविद्यालय के विभागाध्यक्ष डॉ0 शारदा प्रसाद सिंह एवं संचालन जया तिवारी ने किया।

इसी क्रम में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए ललित टीचर ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट थलोई के छात्र-छात्राओं ने रैली निकालकर मतदाताओं को जागरूक किया। रैली में मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए नारे लगाए जा रहे थे। बच्चों ने मतदाता जागरूकता नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। इस अवसर पर जिला प्रचारक प्रभात एवं विद्यालय के प्राध्यापक अभिषेक मिश्रा, डॉ0 रंजना त्रिपाठी, अनिल कुमार, श्याम शंकर पांडेय आदि उपस्थित रहे।

# जौनपुर लोकसभा क्षेत्र से सपा प्रत्याशी बाबू सिंह कुशवाहा ने किया नामांकन

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के लिए 73-जौनपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र हेतु निर्दल उम्मीदवार चन्द्रमणि पाण्डेय के द्वारा 01 सेट में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया गया। एआईएमआईएम पार्टी के उम्मीदवार मो0 नौशाद के द्वारा 01 सेट में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार बाबू सिंह कुशवाहा जी के द्वारा 02 सेट में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। 73 जौनपुरसंसदीय- क्षेत्र के लिए विश्व शांति पार्टी के उम्मीदवार श्री भानुप्रताप सिंह ने 01 सेट में, छत्रपति शिवाजी भारतीय गरीब पार्टी के उम्मीदवार सोनू सिंह ने 01 सेट में, विश्व शांति पार्टी के प्रत्याशी शीतला प्रसाद यादव ने 01 सेट में पर्चा खरीदा। 74-मछलीशहर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र हेतु बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार कृपाशंकर सरोज ने 02 सेट में और समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी प्रिया सरोज ने 02 सेट में नामांकन पत्र दाखिल किया। 74-मछलीशहर के लिए राष्ट्र उदय पार्टी के उम्मीदवार राजेन्द्र प्रसाद पाल धनगर ने 01 सेट में, आजाद समाज पार्टी के उम्मीदवार कमलेश ने 01 सेट में पर्चा खरीदा। 05 मई, 2024 को रविवार का शासकीय अवकाश होने के कारण इस दिन नामांकन पत्र लेने व नाम दाखिल करने का कार्य संपादित नही होगा।

## श्मशान में एक साथ दो साथियों के जलते शव देख नम हुई आंखें

जन एक्सप्रेस । जौनपुर





खुटहन। बचपन से जवानी तक एक साथ रहना, कभी मनमुटाव या विवाद भी न हुआ हो, व्यवसाय भी साझे में शुरू करने वाले ऐसे दो साथियों की दुर्घटना में हुई मौत के बाद जब शव अगल बगल चिता पर एक साथ रखकर मुखाग्नि दी गई तो वहां मौजूद सभी लोगों की आंखें छलक पड़ी। उनकी जबान पर यही था कि भले ही वे आपस में चचेरे भाई थे, लेकिन दोनों इस रिस्ते से अधिक दोस्ती को तवज्जो देते रहे। चिर निद्रा में विलीन होने के बाद भी श्मशान पर भी वे एक दूसरे के साथ पड़े हुए हैं। यह वाक्या पिलकिछा गांव के दो बचपन के दोस्तों का है। जिनका घर से दिल्ली जाते समय गुरुवार को इटावा में कार डंपर की टक्कर में दर्दनाक मौत हो गई थी।

गांव निवासी शशिकांत यादव अपने चचेरे भाई व बचपन के मित्र रमाशंकर यादव तथा पत्नी अंजू पुत्र अंश और ओम तथा सिंगरामऊ थाना क्षेत्र के जमऊपट्टी गांव निवासी रिस्तेदार बृजेश यादव के साथ गुरुवार की भोर में निजी कार से दिल्ली जा रहे थे। इटावा में डंपर की चपेट में आने से दोनों दोस्तों की मौके पर ही मौत हो गई। कार पर सवार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जिनकी हालत अब खतरे से बाहर बताई जा रही है। दुर्घटना में दोनों की एक साथ मौत हो जाने की खबर आते ही स्वजनों में कोहराम मच गया। दोनों बहुत ही मिलनसार और सीधे सादे प्रवृत्ति के होने के कारण पूरे गांव के लोग उन्हें सम्मान देते थे। घटना की जानकारी होते ही गांव का माहौल गमगीन हो गया। घर से एक साथ कंधे पर दोनों शव उठाए गए। जा इसे देख लोग अपने आशू नहीं रोक सके। मुखाग्नि भी दोनों को साथ साथ दी गई।

# बिल्हौर ब्लॉक के सैवसू गांव में मृतक के परिजनों को मृन्यु प्रमाण पत्र नहीं दे रहे कर्मचारी

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर



बिल्हौर ब्लॉक क्षेत्र में इन दोनों मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए परिजन गांव में पंचायत सहायक के दरवाजे चक्कर लगाते थक जाते हैं तो ब्लॉक दौड़ना शुरू कर देते हैं सैवसू गांव निवासी गणेश कुमार ने बताया कि माता राममुखी का स्वर्गवास हो गया था मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए पंचायत सहायक गांव की वर्षा मिश्रा पुत्री अवधेश के दरवाजे चक्कर लगाते लगाते थक गए हैं तो बिल्हौर पहुंचे हैं उन्होंने बताया वहां पर वह गांव में रहती ही नहीं है तो कहां से प्रमाण पत्र मिलेगा गुरुवार को ब्लॉक पहुंच कर एडीओ पंचायत भीष्म नारायण सिंह से शिकायत की उन्होंने ग्राम विकास अधिकारी शिवपाल को बुलाकर हकीकत जानी तो पता चला कि पंचायत सहायक वर्षा मिश्रा कानपुर में रहती हैं और फोन उठाती नहीं है जिसके चलते कोई कार्य नहीं हो पा रहे हैं। गांव सभा की जनता परेशान है अधिकारी ने बताया कि जल्द कार्रवाई होगी और इनको प्रमाण पत्र भी जल्द मिलेंगे वही ब्लॉक पहुंचे भवानीपुर गांव निवासी राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि 2022 से देवी चरण के प्रमाण पत्र के लिए चक्कर लगा रहे हैं प्रधान, सचिव ,ब्लॉक और तहसील अभी तक प्रमाण पत्र नहीं मिला है इस पर अधिकारी ने उनकी भी बात सुनी और कागज देख ग्राम विकास अधिकारी राजेश को फोन कर बताया कि जल्द मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत करें वरना कार्रवाई करने के लिए हम विवश होंगे।

# अखिलेश ने उठाया वैक्सीन का मुद्दा, दिखी दीवानगी

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

हसेरन में शुक्रवार को सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि वैक्सीन का मुद्दा उठाया। कहा कि वैक्सीन सबको लगवा दी गई। अब पता चला है कि इनको हार्ट अटैक का खतरा बढ़ा है। ऐसे लोग वैक्सीनेशन का सर्टिफिकेट देखेंगे तो वोट भाजपा के खिलाफ करेंगे। राशन को लेकर चोट की कि 600 का राशन देकर महंगाई कर दी।

## अपने लिए मदद मांगी

अखिलेश ने कहा कि अभी तक औरों के लिए वोट मांग रहे थे। अब हमें वोट देकर जिताओगे कि नहीं लोगों में खूब दिखा उत्साह। नेताजी का नाम लेकर भी सहानुभूति बटोरने की कोशिश की। मुलायम सिंह के निधन के बाद यह पहला चुनाव है जो उनके बिना हो रहा है। पुराने समाजवादियों का नाम लेकर भावनाएं उद्धेलित करने का प्रयास किया। विकास के काम गिनाए और आगे विकास कराने का भरोसा दिया। आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे को कन्नौज से गुजारने का काम किया। कहा दिल्ली लखनऊ को कन्नौज से जोड़ दिया बिना भेदभाव के यह काम किया।



### अखिलेश के लिए दिखी दीवानगी

चुनावी जनसभा में अखिलेश यादव के लिए दीवानगी दिख रही थी। अपने नेता को देखने के लिए टेंट पर सपा समर्थक चढ़े रहे। टेंट पर चढ़कर अखिलेश यादव को चेहरा दिखाने की होड़ मची रही। समाजवादी झंडे लेकर सपा समर्थक झूमते नजर आएं। करीब एक घंटे देरी से पहुंचे अखिलेश यादव को देखने तेज धूप में भी भीड़ जुटी रही। अखिलेश यादव के साथ मंच पर पूर्व सांसद व विधायक सहित कांग्रेस और आप नेता भी मौजूद रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### संभावित सूखे से निपटने हेतु बैठक में एडीएम ने दिए निर्देश

**जन एक्सप्रेस/कानपुर देहात।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व केशव नाथ गुप्ता की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ संभावित सुखे के दृष्टिगत बैठक आहूत की गई। जिसमे नहरों की साफ सफाई, नहरों में पानी छोड़ा जाना, कृषकों को उन्नतशील बीजों के बारे में जानकारी देने जिससे वो कम पानी में भी फसल उगा सके। जिन क्षेत्रों में पानी की कमी हो उन क्षेत्रों में टैंकर के माध्यम से जन समुदाय तक पानी पहुंचाया जाए, खराब अथवा बंद पड़े ट्यूब बेलों को तत्काल निरीक्षण कर उसे सुचारू रूप से कार्य करने लायक बनाया जाने के निर्देश दिए गए। इस मौके पर जिला कृषि अधिकारी, उप चिकित्साधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, तहसीलदार भोगनीपुर, राहत लिपिक व आपदा विशेषज्ञ मौजूद रहें।

### छात्रा से दुष्कर्म करने वाला अधेड़ पुलिस की हिरासत में

**जन एक्सप्रेस/कानपुर देहात।** कल्याणपुर के नानकारी में स्कूल जा रही आठ वर्षीय कक्षा 1 में पढने वाली बालिका के साथ रास्ते में पडने वाली बुक और जनरल स्टोर संचालक ने बहला फुसलाकर दुकान के अंदर बुलाकर दुष्कर्म किया। डरी सहमी बालिका सीधे अपने घर पहुंची, और मां को पूरी बात बताई। आरोप है, मां जब शिकायत लेकर आरोपित के घर गई तो उसने उल्टा पीड़िता की मां को धमका कर भगा दिया ।पीड़िता की मां ने 112 पर सूचना दी ।पुलिस ने पहुंचकर आरोपित को हिरासत में लिया। पीड़िता से एसीपी ने पूछताछ की। देर रात पीड़िता की मां की तहरीर पर आरोपित के विरुद्ध दुष्कर्म और पाक्सो की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसको हिरासत में ले लिया गया। शुक्रवार को पीड़िता का मेडिकल कराया गया, और आरोपित को जेल भेज दिया गया। डीसीपी पश्चिम विजय ढुल ने बताया कि आरोपित के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

### चोरो ने सूने घर का ताला तोडक़र हजारों का सामान किया पार

**जन एक्सप्रेस/औरैया।** सहायल थाना क्षेत्र के गॉव पहाड़पुर लखुनों में बीती रात एक सूने घर में ताला तोडक़र चोरी कर ली। घटना के सम्बध में पीड़ित गृह स्वामी राजीव पटवारी पुत्र चन्द्रभान ने थाना पुलिस को जानकारी देकर घटना के खुलासे की मॉग की है। जानकारी के अनुसार गृहस्वामी जरूरी काम से परिवार समेत बाहर गया था जब सुबह वह वापस लौटा तब मुख्य दरवाजे के ताला टूटे होने से घटना की जानकारी हुयी स पीड़ित ने बताया कि चोरों ने बर्तन कपड़े एवं घरेलू सामान आदि चोरी कर लिया जिसमें करीब पच्चीस हजार रुपये का नुकसान हुआ है। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने बताया कि जल्द ही चोरों का पता लगाया जाएगा।

### मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई

**जन एक्सप्रेस/झांसी।** सनशाइन क्लब एवं स्किल्ड इंडिया सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में डॉ कृष्ण मोहन अग्रवाल की अध्यक्षता क्लब के संस्थापक अशोक अग्रवाल काका के सानिध्य अपर नगर आयुक्त मो.कमर के मुख्य आतिथ्य व क्लब के वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद अग्रवाल के संयोजन में स्किल्ड इण्डिया सोसाइटी के डायरेक्टर नीरज सिंह चेयरमैन ओम प्रकाश अग्रवाल गोयनका पब्लिक स्कूल प्रबधक अभय अग्रवाल जवाहर पब्लिक सतीश कुमार सिंह ळप्ब् व उस्मान नेशनल हाफिज सिद्दीक के सहयोग से मतदाता जागरूकता रैली रानी लक्ष्मीबाई किले से आरम्भ हुयी किले पर सनशाइन क्लब झांसी के पदाधिकारियों व विद्यालयों के बच्चों द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत बैज अलंकरण कर किया तत्पश्चात मतदान क्यों आवश्यक है इस पर माननीय मुख्य अतिथि ने प्रकाश डालते हुए देश के लोकतन्त्र की मजबूती के लिए शत प्रतिशत मतदान की भूमिका महत्वपूर्ण है उन्होंने कहा ये हम सबका मौलिक अधिकार भी है और कर्तव्य भी अपर नगर आयुक्त महोदय ने मतदाता जागरूकता रैली का शुभारंभ हरी झण्डी दिखा किया रैली में क्लब व विद्यालय के बच्चों के साथ एन सी सी कैडेट्स व रोबर रेंजर्स के नारों पहले मतदान फिर जलपान एवम बीस मई को वोट डालने जाना है जाना है भई जाना है आदि से वातावरण गुंजायमान हो उठा। सुबह सुबह नवीन ऊर्जा व शक्ति से रैली में बच्चे बनो देश के भाग्य विधाता जागो अब प्यारे मतदाता सारे काम छोड़ो सबसे पहले वोट दो आदि स्लोगन लिखी तख्तियों का प्रदर्शन देखते ही बन रहा था रैली गंगाधर राव मंच से होती हुई राजकीय संग्रहालय से होती हुई लक्ष्मीबाई पार्क में रानी की प्रतिमा तले पहुंची जहां पुन- अपने अभिभावकों पड़ोसियों व मुहल्ले वालों को गर्मी से बचने व सुबह जल्दी उठकर कर मतदाताओं को गर्मी व भीड़ की लाइन से बचने हेतु प्रेरित करने की शपथ ग्रहण करायी गयी मतदाता जागरूकता रैली व संकल्प कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष संजय लिखधारी कोषाध्यक्ष वीरेन्द्र डालमिया अजय अग्रवाल कार्ड पैलेस देवेंद्र जड़िया विशाल गुप्ता मु. इमरान खान आदि ने सक्रिय सहभागिता की व कार्यक्रम को सफल बनाया।

# एनएच 34 नेवादा टोल प्लाजा पर पीएनसी ने किया शिविर का आयोजन

जन एक्सप्रेस । हरिनाथ सिंह



बिल्हौर तहसील क्षेत्र के भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के तत्वाधान में पीएनसी इंफ्राटेक लिमिटेड ने नेवादा टोल प्लाजा शिवराजपुर कानपुर नगर पर शंकरा आई हॉस्पिटल चौबेपुर कानपुर के सहयोग से मुफ्त नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम के साथ ही सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा के तहत जागरूकता अभियान भी चलाया गया जिसमें वाहन स्वामियों को सड़क नियमों से संबंधित जानकारी दी गई और सेफ्टी पंपलेट वितरित किए गए इस मौके पर एनएचएआई परियोजना निदेशक प्रशांत दुबे, मैनेजर टेक अजय सिंह, अमन मित्तल, राजकुमार वर्मा, पीएनसी से श्री बीके सिंह, गुंजन सिंह प्रोजेक्ट इंचार्ज, निखिल शर्मा मानव संसाधन अधिकारी, डॉ सुनील सचान, भीमसेन पाढ़ी, विश्वतोष कुमार पांडे, मधुकांत त्रिपाठी ,अनुराग सिंह नेगी, नमन अग्रवाल एवं शंकरा आई हॉस्पिटल से डॉ प्रियाल मैडम एवं पुनीत सिंह बीडीई आदि लोग उपस्थित रहे । 61 लोगों का नेत्र परीक्षण किया गया। सभी ने खुशी जाहिर की। शिविर में आए हुए ग्रामीणों ने बताया कि मुफ्त में इलाज और दवाई दी गई है।

# पिछड़ों के सर्वांगीण विकास के प्रति प्रतिबद्ध है केंद्र की मोदी सरकार : रामकेश निषाद

जन एक्सप्रेस । औरैया

यह देश के भविष्य का चुनाव है और सुनहरे भविष्य की गारंटी ही मोदी की गारंटी है। इटावा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी प्रो डा रामशंकर कठेरिया के समर्थन में दिबियापुर विधानसभा में आयोजित दिबियापुर नगर के एक गेस्ट हाउस में सामाजिक सम्मेलन में उप्र सरकार के जल शक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद,भाजपा प्रत्याशी प्रो डा रामशंकर कठेरिया ,पूर्व राज्यमंत्री लाखन सिंह राजपूत ,दिबियापुर चेयरमैन राघव मिश्रा आदि ने प्रतिभाग कर कार्यकर्ता बंधुओं को संबोधित किया और जन-जन तक भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को पहुँचाने का आह्वान किया और उपस्थित गणमान्य जनों ने भाजपा की विशाल विजय हेतु कार्य करते हुए पुन- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प दिपवाया। हम लोगो को पूर्ण विश्वास है कि जनहित व राष्ट्रहित में समर्पित मोदी सरकार को लोक सभा क्षेत्र इटावा की जनता जनार्दन प्रचंड समर्थन देकर एनडीए के 400 पार के संकल्प को चरितार्थ करेगी।सामाजिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए उप्र सरकार के जल शक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने कहा कि दस वर्षों के कार्यकाल में नरेंद्र मोदी सरकार के समर्थन से पिछड़ा वर्ग को सामाजिक और आर्थिक विकास में निरंतर बढ़ावा मिला है प्रधानमंत्री बनते ही वर्षों से कांग्रेसी उपेक्षा के शिकार ओबीसी समाज के मान सम्मान और समग्र उत्थान का जो संकल्प मोदी जी ने लिया था वह अब जमीन पर दिखाई दे रहा है. पिछड़ों के सर्वांगीण विकास के प्रति प्रतिबद्ध है केंद्र की मोदी सरकार। नरेंद्र मोदी की सरकार ने 2018 में पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा दिया इसके लिए संविधान में 123 वां संशोधन कर एक नया अनुच्छेद 338 बी जोड़ा गया जिससे आयोग को सिविल कोर्ट के समान अधिकार प्राप्त हुआ।समाज के अंतिम पायदान पर खड़े पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों को सशक्त बनाने के लिए पीएम विश्वकर्मा योजना की शुरुआत 13000 करोड़ रुपये बजट के साथ शुरु की गई इससे नाई, बढ़ई, लोहार, सुनार, कुम्हार, धोबी, मोची, राजमिस्त्री आदि आत्मनिर्भर होकर सशक्त हों रहे हैं। भाजपा प्रत्याशी डा प्रो राम शंकर कठेरिया ने कहा कि पूरी दुनियां में हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने डंका बजाने का काम किया है। यहां तक कि हमारे प्रधानमंत्री के दखलंदाजी से भी दुनिया के राष्ट्रीय अध्यक्षों की नियुक्तियों में भी उनकी अहम भूमिका रहती है। वहीं दूसरी तरफ हमारे पड़ोसी देश ये नहीं चाहते कि मोदी जी पुन- भारत के प्रधानमंत्री बनें। लेकिन हमारे देश के लोगों ने यह ठान लिया है की तीसरी बार भी वह मोदी जी को ही देश के प्रधानमंत्री बनना चाहते हैं उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने प्रदेश में भय मुक्त वातावरण बनाने में अहम भूमिका निभाई है उन्होंने विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वह कहते हैं कि राम का मंदिर भाजपा बनाने की बात तो करती थी लेकिन तारीख नहीं बताती थी। लेकिन आज वह सपना मोदी जी ने अयोध्या में राम मंदिर 22 जनवरी 24 को बनाकर साकार कर दिया और विपक्षियों के गाल पर तमाचा मारने का काम किया है। लाखन सिंह राजपूत पूर्व विधायक एवं राज्यमंत्री ने कहा कि भाजपा में सात मोर्चे का गठन है जिसमें एक पिछड़ा वर्ग मोर्चा भी है। यह मोर्चा संवैधानिक व्यवस्था के अनुसार ही गठित किया गया है। पिछड़े वर्ग का 27- आरक्षण की व्यवस्था पूर्व की जनता दल विश्वनाथ प्रताप सिंह सरकार द्वारा किया गया था। हमारी भाजपा सरकार ने समान वर्क के लोगों का 10- आरक्षण मोदी सरकार नहीं किया। साथ ही ओबीसी को संवैधानिक दर्जा देने का काम भी मोदी सरकार ने ही न किया।

## अखिलेश की जनसभा में जुटेगी भारी भीड़ : विधयक प्रदीप यादव

जन एक्सप्रेस । औरैया

सात मई को औरैया के मण्डी समिति मैदान में सपा सुप्रीमो पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की चुनावी जनसभा होगी। क्षेत्रीय सपा विधायक प्रदीप यादव ने गुरुवार देर शाम उक्त जानकारी देते हुए बताया कि जनसभा में भारी संख्या में लोग शामिल होंगे। उन्होंने सपा के चुनावी कार्यालय में स्थानीय पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को जिम्मेदारी सौंपते हुये कहा कि सभी कार्यकर्ता प्रात- साढ़े नौ बजे तक सभा स्थल पर पहुँचना सुनिश्चित करें। उन्होंने दिबियापुर विधान सभा अध्यक्ष बीरेन्द्र राजपूत एवं भाग्यनगर के ब्लाकप्रमुख पति धीरेन्द्र दोहरे को जिम्मेदारी देते हुये कहा कि गर्मी में पार्टी कार्यकर्ताओं को दिक्कत न हो इसका ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि लोकसभा क्षेत्र इटावा के सपा प्रत्याशी जितेन्द्र दोहरे को सर्व समाज का समर्थन मिलने से उनकी जीत तय है।

# भाजपा नेता के भाई के झोले से मिले चार लाख 81 हज़ार नकद

* पूछने पर की बहानेबाजी तो रकम कर ली गयी जप्त

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

लोकसभा क्षेत्र के चुनाव को लेकर चल रही आदर्श आचार संहिता के तहत उड़नदस्ता टीम ने टेंपो से जा रहे व्यापारी के पास बरामद हुए चार लाख 81 हजार 200 रुपये जब्त कर लिए। उसे कलक्ट्रेट स्थित ट्रेजरी में जमा करा दिया गया है। जिले में अब तक की यह दूसरी सफलता है। कन्नौज कोतवाली क्षेत्र के उड़नदस्ता टीम के प्रभारी अधिकारी सुभाष चंद्र यादव ने बताया कि वह एसआई इमरान खां के साथ जलालाबाद व जसोदा के बीच में ड्यूटी कर रहे थे। इस दौरान वाहनों की तलाशी ली जा रही थी। टेंपों में तलाशी के दौरान नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज क्षेत्र के मोहल्ला अशोक नगर रेलवे रोड निवासी व्यापारी संतोष गुप्ता के बैग में चार लाख 81 हजार 200 रुपये नकद बरामद हुए। सन्तोष गुप्ता एक बड़े भाजपा नेता के भाई है। रकम के बारे में कोई साक्ष्य न मिलने की वजह से उसे जब्त कर ट्रेजरी में जमा करा दिया गया। उड़नदस्ता टीम के प्रभारी अधिकारी का कहना है कि पूछताछ में संतोष गुप्ता ने कभी एक लाख 80 हजार रुपये बताए। कभी उधार लेकर जाने तो कभी बैंक शाखा से निकालकर आने की बात कही। नोटों की गिनती के बाद 4,81,200 रुपये होने की पुष्टि हुई। पिछले महीने प्रभारी अधिकारी सुभाष चंद्र यादव ने ही हरदोई जिले में तैनात पीडब्ल्यूडी एक्सईएन की गाड़ी से एक लाख 98 हजार 500 रुपये बरामद किए थे। हालांकि कई दिनों तक चली सुनवाई व साक्ष्यों के आधार पर उसे रिलीज कर दिया गया है। अब गुरसहायगंज के व्यापारी को साक्ष्य देना होगा। आचार संहिता के तहत कोई भी व्यक्ति अधिकतम 50 हजार रुपये तक ही लेकर चल सकता है। इससे अधिक ले जाने पर साक्ष्य रखना होगा।

# सामान्य प्रेक्षक मनीष अग्रवाल ने मतदान कार्मिकों के द्वितीय प्रशिक्षण का किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । औरैया

किसी भी कार्य को सही व सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए उसके संबंध में स्वयं का पूर्ण दक्ष्य होना आवश्यक है तभी किसी कार्य को सही सजगता के साथ संपन्न कराना संभव होता है।मा0 सामान्य प्रेक्षक लोकसभा क्षेत्र 41 इटावा श्री मनीष अग्रवाल ने उपरोक्त विचार चौधरी विशंभर सिंह भारतीय बालिका इंटर कॉलेज में लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024 को शांतिपूर्ण निष्पक्ष एवं पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने के लिए मतदान कार्मिकों को दिए जा रहे द्वितीय प्रशिक्षण का निरीक्षण करते हुए व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि किसी भी कार्य को संपन्न कराने के लिए, उसके लिए छोटी बड़ी सभी बारीकियों को जाननाध्समझना आवश्यक होता है इसलिए ईवीएम,सीयू,वीवी पैट तथा मतदान दिवस पर प्रपत्रों संबंधी की जाने वाली गतिविधियों की जो जानकारी दी जा रही है उसे पूरे मनोयोग के साथ ग्रहण करें जिससे मतदान दिवस पर मतदान के समय किसी प्रकार की कोई समस्या उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि आप जितने परिपक्व अपने कार्य के प्रति हो जाएंगे उतना ही आपको मतदान के समय प्रपत्र आदि पूर्ण करने में सुविधा रहेगी और मतदान को निष्पक्षता के साथ कराने में सफल होंगे। उन्होंने कहा कि यदि कोई प्रक्रिया प्रशिक्षण के दौरान समझ में नहीं आ रही है तो उसके संबंध में बार-बार पूछे और भ्रम की स्थिति का निवारण सुनिश्चित करें जिससे कार्य के दौरान कोई दुविधा न कउत्पन्न हो उन्होंने ई वी एम, सी यू, वी वी पैट के लिंक करने तथा उसके शील्ड करने के साथ-साथ माकपोल आदि की प्रक्रिया के बारे में दी गयी जानकारी के संबंध में भी पूछा।

# सपा हो या भाजपा या फिर बसपा चुनौतियां सबके सामने हैं

जन एक्सप्रेस । कन्नौज



इत्र नगरी कन्नौज में इन दिनों सियासी सुगंध तारी है। वर्ष 1967 में अस्तित्व में आई इस सीट पर पहले सांसद डॉ. राम मनोहर लोहिया बने थे। उनकी कर्मभूमि पर सपा के लिए समाजवाद का परचम फहराने और भाजपा के सामने जीत को दोहराने की चुनौती है। यहां से सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के खुद मैदान में उतरने से चुनावी जंग दिलचस्प हो गई है। सपा और भाजपा में सीधा मुकाबला है। कन्नौज की सियासी जमीन की ऐसी तासीर है कि यहां से सांसद बने मुलायम सिंह यादव, शीला दीक्षित और अखिलेश यादव मुख्यमंत्री बने। मुलायम के इस्तीफे के बाद वर्ष 2000 में हुए उपचुनाव में अखिलेश यहां पहली बार सांसद बने थे। 2004 और 2009 में भी उन्होंने जीत हासिल की। 2012 में उनके इस्तीफे से खाली सीट पर पत्नी डिंपल निर्विरोध सांसद बनीं। 2014 में डिंपल ने फिर जीत दर्ज की लेकिन 2019 में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। चिलचिलाती धूप में प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में खेत खाली हैं, पर कन्नौज की सीमा में प्रवेश करते ही लहलहाती मक्के और सब्जियों की फसल नजर आने लगती है। जिस सड़क पर निकलिए, उसी पर कोल्ड स्टोरेज दिख जाते हैं। यह सब एक सुखद तस्वीर पेश करते हैं। पर, जैसे ही किसानों से बातचीत करें, तस्वीर का बदरंग पहलू उधड़ कर सामने आने लगता है। हम निजामपुर गांव में पहुंचे तो वहां पेड़ की छांव तले कई लोग बैठे मिले। चुनावी चर्चा छिड़ते ही अनीस कुछ बोलने के बजाय मोबाइल में अखिलेश की फोटो दिखाते हैं। उनके साथ मौजूद रफीक यूं मुस्कुरा देते हैं जैसे अनीस की हां में हां मिला रहे हों। पर, दोनों कैमरे के सामने कुछ भी बोलने को तैयार नहीं होते। तभी वहां साइकिल से पहुंचे दिनकरन राजपूत भी चर्चा में शामिल हो गए। वह कहते हैं, भाजपा ने किसानों के लिए कुछ नहीं किया। तालग्राम पहुंचे तो वहां मिले किसान बलवंत शाक्य छुट्टा पशुओं की समस्या उठाकर अपनी मंशा साफ करने की कोशिश करते हैं। पर, उनके बगल में बैठे राकेश राजपूत किसान सम्मान निधि की दुहाई देकर बलवंत को रोकते हैं। शंकर सिंह भी टोकते हैं। कहते हैं, सरकार की ओर से गेहूं, धान और आलू खरीद तो हो रही है। पास ही खड़े राजेश यादव से रहा नहीं गया। वह मैदान में पिल पड़े। कहते हैं, किसान सम्मान निधि ऊंट के मुंह में जीरा की तरह है। इससे जीवन नहीं चलेगा। जब तक खेती आधारित उद्योग नहीं लगेंगे, समृद्धि नहीं आएगी। अब इत्र फूल के बजाय केमिकल से बनने लगा है। यह भी किसानों पर चोट है। रजनीश सिंह कहते हैं कि बेवर से तालग्राम तक सपा सरकार में नहर खुदवाई गई थी। पर, भाजपा सरकार पानी तक का इंतजाम नहीं कर सकी। इससे किसान सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं।

### दो बार फसल, फिर भी आलू आधारित उद्योग नहीं

कन्नौज के किसान आलू की दो बार फसल लेते हैं, लेकिन यहां आलू आधारित उद्योग नहीं हैं। आलू को कोल्ड स्टोरेज में रखते हैं और मजबूरी में स्थानीय बाजार भाव पर बेचते हैं। किसान शिवगुलाम कहते हैं, कई बार किसानों को आलू फेंकना पड़ता है। आलू की सरकारी खरीद शुरू हुई, लेकिन शर्तों ने ऐसा घनचक्कर बनाया कि सबकुछ उलझ कर रह गया। वहीं, मकरंद नगर के शंभु दयाल कहते हैं कि इत्र पार्क तो बना, पर इससे जुड़े कारोबारियों को कोई खास फायदा नहीं मिला।

### दर्जा इत्र नगरी का, रोजगार नाममात्र का

कन्नौज शहर में तिर्वा क्रॉसिंग के पास एक डिस्पेंसरी में बैठे लोग चुनावी चर्चा में मशगूल थे। हम भी उनकी बातें सुनते हुए हां में हां मिलाते रहे। डॉ. कैलाश बाबू पाल कहते हैं, इस सरकार ने रोजगार खत्म कर दिया। छुट्टा जानवरों की तरह ही युवा भी काम की तलाश में भटक रहे हैं। अजित सिंह कहते हैं, अब तो इत्र कारोबार भी ठहर गया है। दुकानदार संजय पांडेय कहते हैं, कम से कम कानून-व्यवस्था तो ठीक है। इसलिए रहेंगे तो भाजपा के साथ ही। तभी नरुल हसन चुटकी लेते हैं और कहते हैं कि फिर टैक्स का रोना क्यों रोते हो। कन्नौज शहर में राजकीय पुरातत्व संग्रहालय के बगल में चल रहे निर्माण कार्य में लगे मजदूर विक्रम, राजित राम और संतोष कहते हैं कि उन्हें अनाज तो मिल रहा है, बाकी कुछ नहीं। स्थायी रोजगार नहीं है।

### बदलता रहा है समीकरण

सराय घाघ में मिले विमल जाटव और शकील अध्यापक हैं। इनका तर्क है कि कन्नौज सीट पर 2014 तक यादव, मुसलमान के साथ शाक्य, पाल और 50 फीसदी लोध के साथ अन्य पिछड़े वर्ग की जातियां रही हैं। 2014 के चुनाव में न केवल लोध भाजपा के साथ चले गए, बल्कि बसपा के कमजोर पड़ने से दलित उप जातियां भी भाजपा से जुड़ गईं। इस चुनाव में बसपा ने मुस्लिम उम्मीदवार जरूर उतारा है, लेकिन दलित-मुस्लिम गठजोड़ नजर आ रहा है। दूसरी तरफ तिर्वा में हुए मूर्ति प्रकरण में सपा के लोधी नेताओं ने सक्रियता दिखाकर इस वोटबैंक को जोड़ने की कोशिश की है।

### इस समर के योद्धा...

- **अखिलेश यादव, सपा :** अपनी सरकार में कराए गए विकास कार्यों और परंपरागत वोट बैंक का सहारा है। अति पिछड़ी जातियों को जोड़े रखने की चुनौती है।
- **सुब्रत पाठक, भाजपा :** पाठक भाजपा के परंपरागत वोटबैंक, केंद्र सरकार के काम और मोदी-योगी के नाम के सहारे हैं। व्यापारियों और अन्य सवर्ण मतदाताओं की नाराजगी दूर करने की चुनौती है।
- **इमरान बिन जफर, बसपा :** इमरान 2014 में आम आदमी के टिकट पर चुनाव लड़ चुके हैं। कानपुर के मूल निवासी और कारोबारी हैं। बसपा के काडर वोटबैंक के साथ ही मुस्लिमों को साधने में जुटे हैं।

### सुलग रहा है चकबंदी दस्तावेज जलने का मामला

1990 में फर्रुखाबाद के फूस बंगला में रखे 34 गांव के चकबंदी के दस्तावेज जल गए थे। यह हर चुनाव में मुद्दा बनता है। अधिवक्ता संदीप दीक्षित बताते हैं कि इन कागजातों को दुरुस्त करने के लिए लगातार संघर्ष हो रहा है। अब नंदलालपुर और कुंवरपुर करनौली के दस्तावेज बन गए। बाकी के बनने शुरू हुए हैं। दस्तावेज नहीं होने से इन गांवों के लोगों को किसी भी सरकारी योजना का लाभ नहीं मिलता है। जमीन कब्जे के विवाद बढ़ते जा रहे हैं।

### विकास तो हुआ, पर इलाज की सुविधा नहीं

छिबरामऊ तहसील में चैंबर में बैठे अधिवक्ता सियासी चर्चा में मशगूल नजर आए। अधिवक्ता अजित कुमार मिश्र कहते हैं, रेल लाइन, फ्लाईओवर, हाईवे तो बन गए हैं। अस्पताल की सुविधा नहीं है। मो. दाऊद कहते हैं, सपा सरकार में बने अस्पताल में भाजपा सरकार डॉक्टर और कर्मचारियों का इंतजाम नहीं कर पाई। अधिवक्ता रजनीश यहां के विकास कार्य का श्रेय सपा को देते हैं, तो उनकी बात को काटते हुए देवेश मिश्र राष्ट्रवाद, तो संजीव दुबे सुरक्षा को सर्वोपरि बताते हुए भाजपा का समर्थन करते हैं।

### हवा का रुख भांप रहे मतदाता

तिर्वा कस्बे में कपड़े की दुकान पर मिले राकेश कहते हैं, सांसद पड़ोसी हैं, कभी दिखे नहीं। वोट देना मजबूरी है। उनके बगल में बैठे अवनीश कुमार गुप्ता कहते हैं कि आएंगे तो सपा अध्यक्ष भी नहीं, लेकिन कुछ बड़े काम हो सकते हैं। आनंद कुमार जैन कहते हैं कि हम तो मोदी को देख रहे हैं। प्रत्याशी से मतलब नहीं है। इसी तरह बिधूना विधानसभा क्षेत्र के बेला बाजार में मिले प्रबल प्रताप सिंह कहते हैं कि चुनावी पारा चढ़ रहा है। अजय कुमार कहते हैं कि सपा-भाजपा में कांटे की टक्कर है। बेला में जल निकासी की समस्या है। जगत सिंह कहते हैं कि हम लोग नेताजी के साथ हैं।

## पीएम मोदी बोले, शहजादे को वायनाड से हार का डर, कहा

# अमेठी से भागकर रायबरेली पहुंचे मैं इन्हें कहूंगा, डरो मत, भागो मत



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। दुर्गापुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के बर्धमान-दुर्गापुर और कृष्णानगर में सभा की। उन्होंने अपने भाषण की शुरुआत जय मां दुर्गा, जय मां काली और हर-हर महादेव के उद्घोष के साथ की। बर्धमान-दुर्गापुर में 39 मिनट की स्पीच में मोदी पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार, संदेशखाली, राम मंदिर, राम नवमी, वोट जिहाद, कांग्रेस और राहुल गांधी के रायबरेली सीट से चुनाव लड़ने पर बोले। उन्होंने कहा, टीएमसी के एक विधायक कहते हैं, हिंदुओं को भागीरथी में बहा देंगे। ये कौन सी भाषा बोल रहे हैं। बंगाल सरकार ने यहां हिंदुओं को दोयम दर्जे का नागरिक बनाकर रख दिया है। प्रधानमंत्री बोले- संदेशखाली में दलित बहनों के साथ अत्याचार हो रहा था और यहां की सरकार आरोपी को बचाने में लगी हुई थी। वो भी सिर्फ इसलिए क्योंकि उसका नाम शाहजहां शेख है। पीएम ने कहा, विपक्ष के लोग दो फेज की वोटिंग के बाद मोदी के खिलाफ वोट जिहाद कर रहे हैं। जिहाद का मतलब देश की जनता अच्छे से समझती है। प्रधानमंत्री ने राहुल पर कहा- शहजादे को वायनाड से हार का डर है, इसलिए अमेठी से भागकर रायबरेली पहुंचे। वे सबको कहते हैं- डरो मत। मैं उनसे कहता हूं- डरो मत...भागो मत। पीएम ने कृष्णानगर में कहा कि अभी तो बहस बस इतनी है कि एनडीए 400 पार होगा या नहीं होगा। हमारे विरोधी कहते हैं कि 400 पार नहीं होगा। लेकिन जो लोग मैदान में काम कर रहे हैं, वो कहते हैं कि बिल्कुल 400 पार करेगा।

### टीएमसी और कांग्रेस नहीं जीत रही सीटें

पीएम ने कहा, टीएमसी तो पूरे देश में 15 सीट भी जीत नहीं सकती। क्या टीएमसी 15 सीट लेकर सरकार बना सकती है? कांग्रेस भी पूरे देश में कितना ही जोर लगा दे, लेकिन 50 सीट पाने के लिए भी वे मुश्किल में हैं। इस चुनाव में साफ है कि अगर कोई सरकार बना सकता है, तो वो सिर्फ और सिर्फ बीजेपी-एनडीए की सरकार ही बनेगी। इंडिया गठबंधन में बड़े दल की लड़ाई उन्होंने कहा, इंडिया गठबंधन वालों की लड़ाई बस इस बात के लिए है कि लोकसभा में विपक्ष में जो दल जीतकर आएंगे, उनमें सबसे बड़ा दल कौन बनें। मोदी को ज्यादा एमपी इसलिए चाहिए, ताकि वो हर संसदीय क्षेत्र को आगे बढ़ा सके। आज देश में कनेक्टिविटी, इन्फ्रास्ट्रक्चर, गांव, गरीब, किसान और महिलाओं से जुड़े कितने काम हो रहे हैं।

### शहजादे अमेठी से भागकर रायबरेली पहुंचे

उन्होंने कहा, मैंने पहले ही ये भी बता दिया था कि शहजादे वायनाड में हार के डर से अपने लिए दूसरी सीट खोज रहे हैं। अब इन्हें अमेठी से भागकर रायबरेली सीट चुननी पड़ी है। ये लोग घूम-घूम कर सबको कहते हैं- डरो मत! मैं भी इन्हें यही कहूंगा- डरो मत! भागो मत!

### मुझे देश और आप सबने बहुत आशीर्वाद दिया

पीएम बोले, मुझे देश ने और आप सबने इतना आशीर्वाद दिया है। शायद कोई इंसान अपने जीवन में ऐसी कल्पना तक नहीं कर सकता है कि ईश्वर रूपी जनता जनार्दन इतने आशीर्वाद बरसाएं और लगातार बरसाएं और सालों-साल ये आशीर्वाद बढ़ता ही जा रहा है। जीवन में इससे बड़ा संतोष क्या होता है।

### मैं मौज करने के लिए पैदा नहीं हुआ हूं

मोदी बोले- आप भी जानते हैं अगर पद-प्रतिष्ठा की लालसा हो तो एक बार इंसान पीएम की शपथ ले ले फिर उसके जीवन में ऊंचाई को प्राप्त हो ही जाती है, इतिहास में नाम दर्ज हो ही जाता है। लोगों को लगता है कि मोदी जी 2 बार पीएम रहे दुनिया में इतना नाम हो गया, अरे कभी तो आराम करो। मैं मौज करने के लिए पैदा नहीं हुआ हूं। मैं 140 करोड़ देशवासियों की सेवा करने के लिए निकला हूं।

### टीएमसी विधायक हिंदुओं को भागीरथी में बहाने की धमकी देते

मोदी ने कहा, मैंने कल टीवी पर देखा कि टीएमसी के एक विधायक कह रहे थे कि हिंदुओं को 2 घंटे में भागीरथी में बहा देंगे। ये कौन सी भाषा है? बंगाल में टीएमसी की सरकार ने यहां हिंदुओं को दोयम दर्जे का नागरिक बनाकर रख दिया है। ये कैसे लोग हैं कि जय श्रीराम के उद्घोष से भी इन्हें आपत्ति है। इनको राम मंदिर के निर्माण से आपत्ति है, रामनवमी की शोभायात्रा से आपत्ति है।

### संदेशखाली के गुनहगार को टीएमसी बचाती रही

मोदी ने कहा, मैं टीएमसी सरकार से पूछना चाहता हूं कि यहां संदेशखाली में हमारी दलित बहनों के साथ इतना बड़ा अपराध हुआ। पूरा देश कार्रवाई की मांग करता रहा, लेकिन टीएमसी गुनहगार को बचाती रही। क्या सिर्फ इसलिए, क्योंकि उस गुनाहगार का नाम शाहजहां शेख था।

### विपक्ष कहता है, मोदी के खिलाफ वोट जिहाद करो

पीएम बोले, इन वोट के भूखे लोगों की पहले 2 चरणों में लुटिया डूब चुकी है। अब ये खुलेआम एक नया खेल लेकर आए हैं। अब ये कहते हैं कि मोदी के खिलाफ वोट जिहाद करो। जिहाद क्या होता है, ये हमारे देश के लोग भली-भांति जानते हैं।

### इंडिया अलायंस के सारे चट्टे-बट्टे वोट जिहाद से सहमत हैं

उन्होंने कहा- हमारे देश में दशकों से वोट जिहाद का खेल पर्दे के पीछे चुपचाप चलता था। पहली बार वो इतने हताश और निराश हो चुके हैं कि अब वोट जिहाद की सार्वजनिक घोषणा कर रहे हैं। इसीलिए, वोट जिहाद की इस अपील पर कांग्रेस का शाही परिवार, टीएमसी और लेफ्ट का परिवार चुप है। यानी इंडिया अलायंस के सारे चट्टे-बट्टे वोट जिहाद से सहमत हैं।

### कांग्रेस देश को बांटने के लिए चुनाव मैदान में

मोदी बोले, कांग्रेस इस बार पहले से भी कम सीटों पर सिमटने जा रही है। अब देश भी समझ रहा है कि ये लोग चुनाव जीतने के लिए नहीं लड़ रहे हैं, ये सिर्फ देश को बांटने के लिए चुनाव के मैदान का उपयोग कर रहे हैं।

# बंगाल गवर्नर आनंद बोस के खिलाफ यौन उन्पीड़न की शिकायत

## महिला ने कहा, मेरे साथ छेड़खानी हुई, बोस बोले, मुझे बदनाम करने की साजिश है



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोलकाता

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस पर राजभवन की महिला कर्मी ने यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। उसने मामले को लेकर हरे स्ट्रीट थाने में लिखित शिकायत दी है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, महिला का आरोप है कि वो 24 मार्च को स्थायी नौकरी का निवेदन लेकर राज्यपाल के पास गई थी। तब राज्यपाल ने बदसलूकी की। गुरुवार को फिर यही हुआ तो वह राजभवन के बाहर तैनात पुलिस अधिकारी के पास शिकायत लेकर गई। हालांकि, राज्यपाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर महिला के आरोपों का खंडन किया है। उन्होंने कहा, ये मुझे बदनाम करने की साजिश है। मेरे ऊपर बेबुनियाद आरोप लगाए गए हैं। सत्य की जीत होगी। उन्होंने आगे कहा कि मैं बनावटी नरेटिव से डरने वाला नहीं। कोई मुझे बदनाम करके चुनावी फायदा चाहता है, तो भगवान भला करे। मैं भ्रष्टाचार-हिंसा के खिलाफ लड़ाई नहीं रोक सकता।

### क्या मोदी जी राज्यपाल से सफाई मांगेंगे: सागरिका घोष

तृणमूल कांग्रेस सांसद सागरिका घोष ने महिला के आरोपों को लेकर एक वीडियो बयान जारी किया है। उन्होंने कहा है कि बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस के खिलाफ एक गंभीर आरोप लगाया गया है। एक महिला जब राजभवन गई तो राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने उनके साथ छेड़छाड़ की, यौन उत्पीड़न किया और गलत व्यवहार किया। महिला अब पुलिस स्टेशन पहुंच चुकी है, जहां वह अपनी शिकायत दर्ज करा रही है। उन्होंने आगे कहा कि ये गंभीर आरोप तब लग रहे हैं, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कोलकाता पहुंच रहे हैं। मोदी जी राजभवन में ही ठहरेंगे। क्या मोदी जी राज्यपाल से सफाई मांगेंगे? क्या मोदी जी पूछेंगे कि राजभवन में इस तरह की घटना कैसे घटी?

### अगर मामला सच हुआ तो कार्रवाई होगी: शुभेंदु अधिकारी

राज्यपाल पर लगे आरोपों को लेकर भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि यह देखना होगा कि आरोप सही हैं या फिर कोई साजिश है। 26,000 शिक्षकों की नौकरी चली गई, संदेशखाली मुद्दे पर तृणमूल घिरी है। देखना होगा कि ये शिकायत राजनीतिक साजिश है या नहीं। अगर यह सच है तो निश्चित तौर पर केंद्र सरकार कार्रवाई करेगी।

### राजभवन में पुलिस के प्रवेश पर लगाई रोक

इस बीच राजभवन परिसर में पुलिस के प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। वहीं, राज्यपाल ने राज्य की मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य के प्रवेश पर भी रोक लगाई है। राज्यपाल ने चंद्रिमा पर संविधान विरोधी बयान देने का आरोप लगाया। उन्होंने मंत्री के खिलाफ कार्रवाई के लिए अटॉर्नी जनरल से सलाह मांगी है।

## शिवसेना नेता सुषमा अंधारे को लाने जा रहा चॉपर क्रैश

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। रायगड

एक निजी हेलीकॉप्टर के लैंडिंग के दौरान दुर्घटनाग्रस्त होने की जानकारी सामने आई है। बताया जा रहा है कि हेलीकॉप्टर उद्धव शिवसेना की उप नेता और प्रवक्ता सुषमा अंधारे को लेने जा रहा था। हालांकि, भगवान का शुक्र रहा कि पायलट की जान बाल-बाल बच गई। अंधारे ने इस घटना का एक वीडियो साझा किया है। जिसमें दिखाई दे रहा है कि हेलिकॉप्टर एक अज्ञात स्थान पर लैंडिंग का प्रयास कर रहा था और अचानक लड़खड़ा गया।

## असम के युवक की हत्या मामले में केरल पुलिस को मिली कामयाबी, तमिलनाडु का एक व्यक्ति गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोट्टायम

केरल की पुलिस को एक कामयाबी हाथ लगी है। पुलिस ने असम के एक युवक की हत्या के सिलसिले में तमिलनाडु के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। बता दें, वकाथानम के पास कंक्रीट मिक्सर मशीन की सफाई करते समय कथित तौर पर युवक की हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने गुरुवार को 29 साल के पंडी दुरई को गिरफ्तार किया है। 28 अप्रैल को 19 साल के लाइमन किस्क का शव एक कंक्रीट प्लांट के वेस्ट डंप पिट में मिला था। एक अधिकारी ने बताया कि कंपनी के प्लांट ऑपरेटर दुरई ने 26 अप्रैल को मिक्सर मशीन चला दी, जबकि किस्क इसकी सफाई कर रहा था।

### सीसीटीवी से भी छेड़छाड़

पुलिस ने कहा कि जब किस्क जमीन पर गिरा, तो दुरई ने उसके शव को वेस्ट पिट में फेंक दिया। हालांकि दो दिन बाद शव बरामद कर लिया गया था। अधिकारी ने कहा कि आरोपी ने सीसीटीवी से भी छेड़छाड़ की थी। आरोपी को एक स्थानीय अदालत में पेश किया गया।

# सुप्रीम कोर्ट ने जीएसटी कानून में हुईं गिरफ्तारियों और नोटिस का डाटा मांगा, कहा, लोगों का शोषण न हो



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से जीएसटी कानून के तहत हुई गिरफ्तारियों और कानून के तहत भेजे गए नोटिस का पूरा डाटा देने का निर्देश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह कानून की व्याख्या करेगा और जरूरी दिशा निर्देश देगा ताकि लोगों की स्वतंत्रता का हनन न हो सके। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस बेला एम त्रिवेदी की विशेष पीठ ने 281 याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए ये निर्देश दिया। इन याचिकाओं में जीएसटी कानून, कस्टम कानून और पीएमएलए कानून के प्रावधानों को चुनौती दी गई है।

### वकील सिद्धार्थ लूथरा ने लगाया ताकत के गलत इस्तेमाल का आरोप

याचिकाकर्ताओं की तरफ से वरिष्ठ वकील सिद्धार्थ लूथरा कोर्ट में पेश हुए। लूथरा ने आरोप लगाया कि जीएसटी कानून के तहत प्राधिकरण ताकत का गलत इस्तेमाल कर रहा है और इससे लोगों की आजादी प्रभावित हो रही है। लूथरा ने बताया कि कई मामलों में गिरफ्तारियां नहीं हुई हैं, लेकिन लोगों को नोटिस देकर गिरफ्तारी का डर दिखाकर परेशान किया गया है। जब एसवी राजू ने कहा कि केंद्रीय जीएसटी का डाटा तो मिल सकता है, लेकिन राज्यों का डाटा इकट्ठा करना मुश्किलो होगा, तो इस पर कोर्ट ने कहा कि जीएसटी परिषद के पास वह डाटा होगा और अगर डाटा है तो हम चाहते हैं कि सारे डाटा को हमारे सामने पेश किया जाए। अब कोर्ट 9 मई को इस मामले पर सुनवाई करेगा।

### कोर्ट ने कहा, हम करेंगे कानून की व्याख्या

जीएसटी कानून की धारा 69 को लेकर अस्पष्टता है। इसी धारा में गिरफ्तारी के प्रावधान हैं। ऐसे में इसे लेकर चिंता जताई गई है। सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो वे कानून की व्याख्या करेंगे, लेकिन नागरिकों का शोषण नहीं होने देंगे। पीठ ने केंद्र की तरफ से पेश हुए एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू से कहा %पिछले तीन वर्षों में एक करोड़ से लेकर 5 करोड़ रुपये तक के कथित डिफॉल्ट के लिए जीएसटी कानून के तहत जितने नोटिस जारी किए गए हैं और गिरफ्तारियां हुई हैं, उनका डाटा प्रस्तुत करें। इससे लोगों का उत्पीड़न हो सकता है और हम इसकी इजाजत नहीं देंगे। अगर हमें लगता है कि प्रावधानों में स्पष्टता नहीं है तो हम उसे ठीक करेंगे। सभी लोगों को सलाखों के पीछे नहीं भेज सकते हैं।

# पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को झारखंड हाईकोर्ट से बड़ा झटका, गिरफ्तारी के खिलाफ दायर याचिका खारिज

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। रांची



पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झारखंड हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। अदालत ने हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज कर दिया। साथ ही अंतरिम जमानत वाली याचिका भी खारिज कर दी। हाईकोर्ट के कार्यकारी न्यायाधीश और न्यायाधीश नवनीत कुमार की खंडपीठ ने सुनवाई पूरी होने के बाद 28 फरवरी को फैसला सुरक्षित रखा लिया था। हेमंत सोरेन को अदालत से थोड़ी राहत भी मिली है। उन्हें छह मई को अपने चाचा के श्राद्ध कार्यक्रम में भाग लेने की अनुमति दे दी गई है। हालांकि, सोरेन को मीडिया से दूर रहने की हिदायत दी गई।

### छह को होगी सुनवाई

हेमंत सोरेन की ओर से दायर याचिका में कहा गया था कि ईडी जिस जमीन की बात कर रहा है, वह जमीन उनके नाम कभी रही ही नहीं। फैसला सुनाने में देरी होने पर हेमंत सोरेन की ओर से सुप्रीम कोर्ट में भी याचिका दायर की गई थी, जिस पर छह मई को सुनवाई होनी है।

### रांची की विशेष पीएमएलए अदालत से लगा था झटका

इससे पहले, 27 अप्रैल को सोरेन को झटका लगा था। रांची की विशेष पीएमएलए अदालत ने भूमि घोटाले के एक मामले में उन्हें अंतरिम जमानत देने से इनकार कर दिया था। बता दें, हेमंत सोरेन के पिता और झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन के भाई राम सोरेन का शनिवार सुबह निधन हो गया था। वह लंबे अरसे से बीमार चल रहे थे। सोरेन ने अपने चाचा के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए अदालत से 13 दिनों की अंतरिम जमानत मांगी थी। हालांकि, सुनवाई करते हुए अदालत ने उन्हें जमानत देने से इनकार कर दिया था।

### ईडी को दिया गया था एक सप्ताह का समय

बता दें कि हेमंत सोरेन को प्रवर्तन निदेशालय द्वारा 31 जनवरी को गिरफ्तार किया गया था। उन पर जमीन से जुड़े घोटाले के मामले में धन शोधन का आरोप है। पूर्व सीएम फिलहाल रांची की बिरसा मुंडा जेल में न्यायिक हिरासत में हैं। इस मामले में हाईकोर्ट द्वारा सोरेन की जमानत याचिका पर जवाब देने के लिए ईडी को एक और सप्ताह का समय दिया गया था।

### रांची में 8.86 एकड़ जमीन से जुड़ी है जांच

सोरेन के खिलाफ जांच रांची में 8.86 एकड़ जमीन से जुड़ी है। ईडी का आरोप है कि इसे अवैध रूप से कब्जे में लिया गया था। एजेंसी ने सोरेन, प्रसाद और सोरेन के कथित फ्रंटमैन राज कुमार पाहन और हिलारियास कच्छप तथा पूर्व मुख्यमंत्री के कथित सहयोगी बिनोद सिंह के खिलाफ 30 मार्च को यहां विशेष पीएमएलए अदालत में आरोपपत्र दायर किया था। सोरेन ने रांची की एक विशेष अदालत के समक्ष जमानत याचिका दायर की थी, जिसमें उन्होंने यह आरोप लगाया कि उनकी गिरफ्तारी राजनीति से प्रेरित और उन्हें भाजपा में शामिल होने के लिए मजबूर करने की एक सुनियोजित साजिश का हिस्सा थी।

# उपलब्धि: वैज्ञानिकों ने बनाया खुद नष्ट होने वाला प्लास्टिक

## दावा, कचरे के संपर्क में आते ही होने लगेगा खत्म

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



वैज्ञानिकों ने अपने आप खत्म होने वाले प्लास्टिक बनाने का दावा किया है।?इसके लिए उन्होंने पॉलीयूरीथेन प्लास्टिक में एक बैक्टीरिया को मिलाया। यह बैक्टीरिया प्लास्टिक खा जाता है और इस तरह प्लास्टिक खुद ही खत्म हो जाता है। उन्होंने दावा किया कि यह प्रदूषण कम करने में काफी मददगार होगा। नेचर कम्युनिकेशंस में प्रकाशित शोध के मुताबिक, इस प्लास्टिक में मिलाया गया बैक्टीरिया तब तक निष्क्रिय रहता है जब तक कि प्लास्टिक इस्तेमाल में रहता है। लेकिन जब वह कूड़े-करकट में मौजूद तत्वों के संपर्क में आता है, तो सक्रिय हो जाता है और प्लास्टिक को खाने लगता है। सैन डिएगो स्थित कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिक हान सोल किम ने कहा, हमें उम्मीद है कि यह खोज प्रकृति में प्लास्टिक-प्रदूषण को कम करने में मददगार साबित होगी। इसका एक लाभ यह भी हो सकता है कि बैक्टीरिया प्लास्टिक को ज्यादा मजबूत बनाए।

### अजन्मे बच्चे की नाल में मिला था माइक्रोप्लास्टिक

माइक्रोप्लास्टिक के रूप में यह पीने के पानी के जरिये भी शरीर के अंदर जा रहा है। साल 2021 में शोधकर्ताओं ने एक अजन्मे बच्चे के गर्भनाल में माइक्रोप्लास्टिक पाया था और भ्रूण के विकास पर संभावित परिणामों पर चिंता जताई थी।

### अभी कुछ साल प्रयोगशाला में ही रखने का विचार

शोध में शामिल एक अन्य वैज्ञानिक जोन पोकोर्सकी ने बताया, हमारी प्रक्रिया पदार्थ को ज्यादा खुरदरा बना देती है। इससे उसका जीवनकाल बढ़ जाता है। जब यह पूरा हो जाता है तो हम इसे पर्यावरण से बाहर कर सकते हैं, फिर चाहे यह किसी भी तरह फेंका जाए। फिलहाल इसे प्रयोगशाला में रखा गया है, लेकिन कुछ ही साल में यह रोजमर्रा के इस्तेमाल के लिए तैयार हो सकता है। इस प्लास्टिक में जो बैक्टीरिया मिलाया गया है उसे बैसिलस सबटिलिस कहा जाता है। यह बैक्टीरिया खाने में एक प्रोबायोटिक के रूप में खूब इस्तेमाल होता है। लेकिन अपने कुदरती रूप में यह बैक्टीरिया प्लास्टिक में नहीं मिलाया जा सकता। इसके लिए उसे जेनेटिक इंजीनियरिंग की मदद से तैयार करना पड़ता है ताकि वह प्लास्टिक बनाने के लिए जरूरी अत्यधिक तापमान को सहन कर सके।

### प्लास्टिक से बनी दूरी, तो बचाए जा सकते हैं 4500 अरब डॉलर

संयुक्त राष्ट्र की संस्था यूएनईपी की रिपोर्ट के मुताबिक, अच्छी योजना के साथ काम किया जाए तो प्लास्टिक से दूरी बनाने पर दुनिया 2040 के अंत तक 4500 अरब डॉलर बचा सकती है। इसमें सिंगल यूज प्लास्टिक का उत्पादन न करने से बचने वाली लागत भी शामिल है। वैसे फिलहाल सबसे ज्यादा पैसा प्लास्टिक के कारण सेहत और पर्यावरण को रहे नुकसान पर खर्च हो रहा है।

## गुजरात से योग का 50 दिन का काउंटडाउन शुरू, 20 जून तक अलग-अलग शहरों में होगा योगाभ्यास

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्रीय आयुष मंत्रालय ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के लिए गुजरात के सूरत से 50 दिन का काउंटडाउन शुरू कर दिया है। इसके तहत आगामी 20 जून तक देश के अलग-अलग शहरों में योगाच्यास होगा। 21 जून को दुनियाभर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। इस दौरान केंद्रीय आयुष सचिव वैद्य राजेश कोटेचा ने कहा कि अब योग के प्रति जागरूकता बढ़ाने का एक वैश्विक मंच बन चुका है। उन्होंने बताया कि सूरत के पुलिस परेड ग्राउंड में सात हजार से अधिक लोगों ने एक साथ सामान्य योग प्रोटोकॉल (सीवाईपी) का अच्यास किया। आयुष सचिव ने कहा कि 2015 में संयुक्त राष्ट्र ने 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में घोषित किया। यह दिन शारीरिक और मानसिक कल्याण दोनों के लिए योग का अच्यास करने के कई लाभों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए है। तब से लेकर हर साल पूरी दुनिया में करोड़ों लोग इस दिवस को मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि योग ने अब दुनिया का ध्यान खींचा है।

# सीएम सरमा ने राहुल-प्रियंका को बताया पूर्वोत्तर के लिए बेमतलब

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। गुवाहाटी



असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा को पूर्वोत्तर राज्यों के लिए बेमतलब बताया। इसी के साथ उन्होंने कहा कि दोनों नेता अपनी समाप्ति तिथि भी पार कर चुके हैं। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने असम में माफिया राज होने का दावा किया था जिसे असम के सीएम ने खारिज कर दिया। इसके बाद हिमंत बिस्वा सरमा ने दावा किया कि पूरे राज्य में शांति है और सभी कल्याणकारी उपाय लोगों तक पहुंच रहे हैं। असम के मुख्यमंत्री ने भाजपा पर विपक्षी दल के वॉशिंग मशीन वाले तंज पर भी पलटवार किया। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा, कांग्रेस के पास बड़ी हाई वोल्टेज वाली वॉशिंग मशीन है, जिसका इस्तेमाल दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को साफ करने के लिए किया गया था। उन्होंने आगे कहा, उनके (कांग्रेस) पास एक बड़ी वॉशिंग मशीन है। उनके पास ऐसी कौन सी वॉशिंग मशीन है, जिसमें उन्होंने अरविंद केजरीवाल को साफ कर दिया। मैं प्रियंका गांधी से पूछना चाहता हूं कि चार साल पहले उन्होंने कहा था कि शराब घोटाले के जरिए केजरीवाल पैसे लूट रहे हैं और अब वह एक अच्छे इंसान बन गए। उनके पास कौन सी वॉशिंग मशीन है? असम के सीएम ने आगे कहा, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी असम के लिए बेमतलब हैं। उनकी समाप्ति की सीमा खत्म हो चुकी है। बुधवार को धुबरी लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार रकीबुल हुसैन के समर्थन में प्रियंका गांधी ने रैली को संबोधित किया था। इस रैली में उन्होंने कहा था, जब सरमा कांग्रेस में थे तो उनके खिलाफ बड़े आरोप लगे थे, लेकिन पार्टी बदलने के बाद उन्होंने खुद को भाजपा के वॉशिंग मशीन में साफ कर लिया। इसी के साथ कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि असम में माफिया राज है। प्रियंका गांधी के इन आरोपों को खारिज करते हुए असम सीएम ने कहा, प्रियंका गांधी ने कांग्रेस शासित दिन नहीं देखे हैं। आज यहां कैसे माफिया है? आज यहां न विस्फोट होता है, न गोलीबारी की घटनाएं। यहां केवल रकीबुल हुसैन की माफियागिरी थी, उन्होंने गैंडे के अवैध शिकार के बारे में कुछ नहीं कहा। भाजपा नेता ने राज्य में सभी 14 सीटों पर जीत की उम्मीद जताई है।

## सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के आदेश पर लगाई रोक, पंजाब सीएम के आवास के बाहर वाली सड़क नहीं खोली जाएगी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के उस आदेश पर रोक लगा दी है, जिसमें हाईकोर्ट ने पंजाब के मुख्यमंत्री आवास के बाहर वाली सड़क सार्वजनिक तौर पर खोलने का आदेश दिया था। पंजाब सरकार ने हाईकोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी, जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब सरकार के पक्ष में फैसला देते हुए हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी है। पंजाब के मुख्यमंत्री के आवास के बाहर वाली सड़क को 1980 के दशक में बंद कर दिया गया था। ऐसा सुरक्षा कारणों से किया था, क्योंकि उस वक्त पंजाब में उग्रवाद का दौर था। अब उस सड़क को खोलने की मांग उठी और मामला हाईकोर्ट पहुंचा। जहां हाईकोर्ट ने अपने आदेश में चंडीगढ़ के सेक्टर 2 स्थित पंजाब सीएम आवास के बाहर वाली सड़क को परीक्षण के तौर पर 1 मई से आम लोगों के लिए खोलने का आदेश दिया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)

# भाजपा सरकार में हर क्षेत्र में हुआ सुधार

**जन एक्सप्रेस | लखीमपुर खीरी**




शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी के 28 खीरी लोकसभा प्रत्याशी अजय मिश्र टेनी ने विधानसभा श्रीनगर के विकासखण्ड लखीमपुर एवं फूलबेहड़ के ग्राम लालपुर, मन्यौरा, सैदापुर भाऊ, अम्बूपुर, गनेशपुर, सिकटिहा, करनपुर निबहा, बरखेरवा, रामपुर गोकुल, रमुआपुर सिकटिहा, अमृतापुर, गूंगेपुर, रामनगर, अण्णरबुजुर्ग में जनसम्पर्क सहित ग्राम मनिकापुर के लक्ष्मी गेस्ट हाउस में कार्यकर्ता सम्मेलन में भी रहे।

विकासखण्ड लखीमपुर ग्राम मनिकापुर के लक्ष्मी गेस्ट हाउस में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन को श्री संजय गंगवार जी, मा0 गन्ना राज्यमंत्री उ0प्र0 सरकार ने सम्बोधित करते हुए कहा कि आज 10 साल के बाद जब चुनाव में ऐसा वातावरण दिख रहा है कि आपने वोट दिया और हमने 10 साल में ईमानदारी से प्रयास किए उसके परिणामस्वरूप आज देश के लोग यह कहने लगे है कि सब पार्टी और सब नेता एक जैसे नहीं होते। अन्तर होता है और अन्तर के लिए अगर उदाहरण देखे तो 2014 से पहले राशन कार्ड में गल्ला साल में 2 से 3 बार ही मिलता था बार-बार कोटेदार से पूछना पड़ता था कि राशन कब मिलेगा। अब 10 साल के बाद आपको कोटेदार को ढूंढने की जरूरत नहीं और न ही बार-बार पूछने की जरूरत पड़ती है। हम महीने आपको राशन मिल जाता है। और वह भी समय से। अब बिना अंगूठा लगाए राशन नहीं मिलता है। दस साल पहले गांव वाले कोटेदार को ढूंढते थे और आज कोटेदार घर-घर गांव वालों को ढूंढ रहा है कि अंगूठा लगा दो और राशन ले जाओ। पिछले 4 साल से निःशुल्क राशन दे रहे है और आगे भी 5 साल तक मुफ्त राशन सरकार देती रहेगी।

विकासखण्ड लखीमपुर ग्राम मनिकापुर के लक्ष्मी गेस्ट हाउस में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी के 28 खीरी लोकसभा प्रत्याशी अजय मिश्र 'टेनी' ने कहा कि भाजपा सरकार में हर क्षेत्र में सुधार हुआ है। चाहे वह प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अन्तर्गत सड़कों का निर्माण हो, रेलवे स्टेशनों का सौंदर्यीकरण, मेडिकल कालेज, ट्रामा सेंटर, 200 बेड का मातृ एवं शिशु चिकित्सालय जैसी कई महत्वपूर्ण कार्यों को कराया जा रहा है। हमने एक नई योजना बनाई जिसमें एल0आर0पी0 चौराहा से इंदिरा मनोरंजन पार्क तक सड़क चौड़ीकरण का कार्य प्रारम्भ हो गया है जल्द ही इसका लाभ जिलेवासियों को मिलेगा। ऐसी अनेक सुविधाएं हमने आप लोगों को दी है। सभी लोगों को बैंक की सुविधा गांव में ही मिल सके इसके लिए बैंक सखी रखी गई है। इसके साथ ही विधानसभा श्रीनगर के विकासखण्ड लखीमपुर एवं फूलबेहड़ के ग्राम लालपुर, मन्यौरा, सैदापुर भाऊ, अम्बूपुर, गनेशपुर, सिकटिहा, करनपुर निबहा, बरखेरवा, रामपुर गोकुल, रमुआपुर सिकटिहा, अमृतापुर, गूंगेपुर, रामनगर, अण्णरबुजुर्ग में जनसम्पर्क किया। कार्यक्रम में मंजू त्यागी विधायक श्रीनगर, वासुदेव मौर्या जिला प्रभारी, दिव्या सिंह ब्लाक प्रमुख लखीमपुर, पवन गुप्ता ब्लाक प्रमुख नकहा, रविन्द्र पाल सिंह प्रतिनिधि ब्लाक प्रमुख लखीमपुर, विश्वनाथ सिंह प्रतिनिधि ब्लाक प्रमुख फूलबेहड़, सांसद प्रतिनिधि अरविन्द सिंह संजय, जितेन्द्र त्रिपाठी जीतू एड0 सांसद प्रतिनिधि, संजय मिश्रा, मिथलेश कुमार सिंह सदस्य जिला पंचायत, प्रीती वर्मा, मनोज वर्मा, संतोष वर्मा मण्डल अध्यक्ष फरधान, भूपेन्द्र जायसवाल अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग भाजपा, प्रवीण भार्गव, कपिल वर्मा, अजय अवस्थी, धीरज शुक्ला मोनू, रामसेवक वर्मा, सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## अंतरराष्ट्रीय तस्कर गिरफ्तार, नेपाल में भी मादक पदार्थ की करते थे सप्लाई



**जन एक्सप्रेस | सुनहरा**

लखीमपुर खीरी। थाना सम्पूर्णानगर पुलिस ने गांव सिंगाही खुर्द से चीनी मिल जाने वाले मार्ग पर कार सवार दो अंतरराष्ट्रीय तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से 405 ग्राम अल्प्राजोलम व अल्प्रासेफ पाउडर बरामद किया है। दोनों आरोपी पीलीभीत के थाना हजारा क्षेत्र के रहने वाले हैं। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर दोनों आरोपियों का चालान भेजा है। एसओ निराला तिवारी ने बताया कि पुलिस टीम पीलीभीत-खीरी जिले को बांटने वाली भारत-नेपाल सीमा पर स्थित बैरियर के पास वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी बीच आई कार को रोककर तलाशी ली गई तो उसमें 405 ग्राम अल्प्राजोलम और अल्प्रासेफ नशीला पाउडर बरामद हुआ।पुलिस ने कार सवार वीरेंद्र सिंह उर्फ वीरू उर्फ करनवल पुत्र अमर सिंह निवासी टाटरगंज व हरमेश सिंह उर्फ गण्णी उर्फ मैसी उर्फ सोनू पुत्र कश्मीर सिंह निवासी कम्बोजनगर थाना हजारा पीलीभीत को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने स्विफ्ट डिजायर कार कब्जे में लेकर सीज कर दी है। एसओ ने बताया कि पकड़े गए आरोपी बड़े पैमाने पर नशे का कारोबार करते हैं। आरोपी बलवीर ने पूछताछ में बताया है कि यह लोग माल अपने घर लाकर खपत के अनुसार पलिया के नशा कारोबारी अंकित माल्या एवं विक्की को बेचते थे। इसके अलावा नेपाल में भी मादक पदार्थ बेचने का काम करते हैं।

## किशोरी के साथ दुराचार का प्रयास, युवक हिरासत में

**जन एक्सप्रेस | गोला गोकरननाथ खीरी**

शुक्रवार को गोला पुलिस ने सूचना पाकर नगर की कांशीराम कॉलोनी से एक युवक को हिरासत में लिया है। हिरासत में लिए गए युवक का नाम सौरभ पुत्र प्रहलाद निवासी ग्राम नौसर जोगी ढोंगवा थाना भीरा बताया गया है। थाना भीरा के ही एक गांव की महिला ने पुलिस को तहरीर देकर कहा है कि उसकी नाबालिक पुत्री को सौरभ पुत्र प्रहलाद बहला फुसला कर मोटरसाइकिल पर बिठाकर गोला काशीराम कॉलोनी में रहने वाले अपने एक रिश्तेदार के यहां लाया था। जहां उसके साथ अश्लील हरकतें करने लगा और दुराचार का प्रयास किया। तब किशोरी ने शोरगुल मचाया इस पर कुछ लोगों ने पुलिस को सूचना दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को हिरासत में ले लिया है। युवती को पुलिस ने हिरासत में नहीं लिया है। इस मामले में नानक चौकी प्रभारी से वार्ता करने का प्रयास किया गया तो उनका फोन नहीं उठा।

## अंतर्जनपदीय चोर गिरोह का खुलासा, चार शातिर बदमाश गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस | मोहम्मदी खीरी**

कोतवाली मोहम्मदी पुलिस को गुरुवार की रात बड़ी सफलता हासिल हुई। प्रभारी निरीक्षक चंद्रशेखर सिंह ने अंतर्जनपदीय चार शातिर बदमाशों को चोरी की योजना बनाते हुए गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने कोतवाली क्षेत्र में कुछ दिन पहले हुई लूट का खुलासा करते हुए चुराए गए 40 हजार रुपये की कीमत के एक जोड़ी कुंडल, घटना में प्रयुक्त दो बाइक, तमंचा आदि बरामद किए हैं। प्रभारी निरीक्षक चंद्रशेखर सिंह ने बताया कि कस्बा चौकी इंचार्ज बाबूराम रात गस्त पर थे। पुलिस ने टीपीआरएस चौराहा से तुर्कहटा हरहट जाने वाले मार्ग पर चोरी व लूट की योजना बनाते हुए अंतरजनपदीय शातिर बदमाश इकरार पुत्र वाजिद शाह निवासी मुल्लापुर, शिशुपाल पुत्र तुलाराम निवासी खैरताली थाना मैलानी, विनोद पुत्र गंगाराम निवासी अहमदनगर थाना हैदराबाद और साबिर अली पुत्र पुत्तू निवासी कुम्हारन टोला कस्बा व थाना गोला को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुछ दिन पहले कोतवाली क्षेत्र में हुई लूट के एक जोड़ी कुंडल बरामद किए हैं। इसके साथ ही घटना में प्रयुक्त दो बाइक, तीन तमंचा और तीन जिंदा कारतूस बरामद किए हैं।पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर चारों आरोपियों का चालान भेजा है।

## स्कार्पियों में फंसी बाइक 20 मीटर घसीटी, पिता की मौत दो बेटियां घायल

**जन एक्सप्रेस | सुनहरा**





लखीमपुर खीरी। थाना निघासन में तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से रकेहटी निवासी बाइक चला रहे जितेंद्र की मौत हो गई, जबकि उसकी दो बेटियां गंभीर रूप से घायल हो गईं। जितेंद्र बेटियों को स्कूल से लेकर घर जा रहे थे। घायल बेटियों को सीएचसी से जिला अस्पताल भेजा गया है।

रकेहटी निवासी माता प्रसाद चतुर्वेदी ने बताया कि उनके मंझले बेटे जितेंद्र चतुर्वेदी (38) की दो पुत्रियां वैष्णवी (12) कक्षा नौ और मानसी (10) कक्षा सात में कस्बे के द्वारिका प्रसाद गायत्री इंटर कॉलेज में पढ़ती हैं। छुट्टी के समय उनको बाइक से लेने के लिए बेटा जितेंद्र गया था। वह दोनों को बाइक से लेकर आ रहे थे कि तभी निघासन-ढखेरवा स्टेट हाईवे पर डिग्री कॉलेज के पास तेज रफ्तार स्कॉर्पियो चालक ने अपने दाहिने साइड जाकर बाइक को सामने से टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक का अगला पहिया टूटकर दूर जा गिरा। बाइक स्कॉर्पियो के नीचे फंसकर करीब 15 मीटर तक घिसटती रही। सड़क किनारे खड़े पेड़ से टकराकर कार रुक गई। टक्कर की आवाज सुनकर घटनास्थल पर भीड़ जमा हो गई। हादसे के बाद चालक फरार हो गया। हादसे में जितेंद्र की मौत हो गई। वैष्णवी और मानसी के दोनों पैर टूट गए। सिर में भी चोट आई है। हादसे की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। प्रभारी निरीक्षक एसके मिश्रा ने बताया कि गाड़ी को कब्जे में लेकर मामले में रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आरोपी चालक की तलाश की जा रही है।

## सपा प्रन्याशी ने संपर्क अभियान तेज किया, महिलाओं के बीच पहुंची प्रन्याशी

**जन एक्सप्रेस | हरदोई**

शाहाबाद। हरदोई सुरक्षित लोकसभा क्षेत्र में 13 मई को मतदान होना है ऐसे में प्रत्याशियों ने प्रचार अभियान भी तेज कर दिया है। समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी एवं पूर्व सांसद श्रीमती उषा वर्मा गांव गांव, डोर टू डोर जाकर लोगों से संपर्क कर रही हैं और कांग्रेस सपा गठबंधन के घोषणा पत्र के अनुरूप कार्य करने की अपील कर रही हैं। शाहाबाद विधानसभा क्षेत्र में प्रत्याशी उषा वर्मा ने संपर्क अभियान को तेज कर दिया है। सपा प्रत्याशी घर-घर जाकर महिलाओं से सीधे संपर्क कर रही हैं और उन्हें अखिलेश यादव की सरकार में किए गए विकास कार्यों की याद दिलाकर समाजवादी पार्टी के पक्ष में मतदान करने की अपील कर रही है। इस मौके पर कई स्थानों पर कार्यकर्ताओं द्वारा बैठकों का आयोजन भी किया जा रहा है। सपा प्रत्याशी उषा वर्मा ने कहा भारतीय जनता पार्टी से जनता का पूरी तरह से मोह भंग हो चुका है। जनता ने भारतीय जनता पार्टी का सफाया करने का मन बना लिया है। उन्होंने कहा भारतीय जनता पार्टी विकास के नाम पर शून्य रही है। केवल हिंदू और मुसलमान के नाम पर वोटरों को बरगला कर सत्ता हासिल करने का काम किया है। उन्होंने कहा है अब जनता जागरुक हो चुकी है। भारतीय जनता पार्टी के जुमलेबाजी के नारों में फंसने वाली नहीं है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### संडीला में आयोजित हुआ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

**जन एक्सप्रेस | हरदोई।** जिलाधिकारी महोदय के निर्देशों के क्रम में सम्पूर्ण जनपद में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अनवरत जारी हैं। इसी कड़ी में सम्पूर्ण जनपद के साथ विकास खण्ड संडीला में भी आज कम मतदान प्रतिशत वाले बूथ/महिला बूथ संख्या 348, में बूथ अवेयरनेस ग्रुप के सदस्यों के साथ मतदाता जागरूकता गोष्ठी करते हुए बीडीओ राजीव गुप्ता ने सभी प्रतिभागी मतदाताओं को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई। साथ ही सभी मतदाताओं को मतदाता जागरूकता से संबंधित पंपलेट, स्टीकर, कैलेंडर इत्यादि वितरित किए गए। इस अवसर पर ब्लॉक के विभिन्न अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सीएचसी के सामने नाले में मिला अज्ञात शव

**जन एक्सप्रेस | हरदोई।** शाहाबाद। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र दिलेर गंज स्थित सीएचसी के सामने नाले में एक 35 वर्षीय युवक का शव बरामद हुआ है। सूचना पाकर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव के शिनाख्त का प्रयास किया परंतु शिनाख्त नहीं हो सकी। सुबह के वक्त जब लोग सड़कों पर निकले तो सीएचसी के सामने नाले में एक युवक का शव देखकर दंग रह गए। मौके पर भारी भीड़ एकत्रित हो गई। तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पाकर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नाले से बाहर निकलवाया गया। शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। आसपास के दुकानदारों ने बताया बीती रात्रि तकरीबन 10-30 बजे उक्त युवक शराब के नशे में नाले के किनारे पड़ा हुआ था और पूरी तरह से बेहोशी की हालत में था। अनुमान लगाया जा रहा है कि शराब के नशे में अत्यधिक होने के कारण युवक नाले के अंदर गिर गया और उसकी मौत हो गई। पुलिस शव के पोस्टमार्टम की तैयारी कर रही है।

### खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम द्वारा की गयी कार्यवाही

**जन एक्सप्रेस | हरदोई।** सहायक आयुक्त(खाद्य) के आदेश के अनुपालन में हेल्थ ड्रिंक से सम्बन्धित खाद्य प्रतिष्ठान के यहाँ नमूना संग्रहण हेतु खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम द्वारा नमूना सम्बन्धी कार्यवाही की गयी, जिसके अन्तर्गत सलासर ऐजेन्सी पुराना निर्मला नर्सिंग होम वाली गली रेलवेगंज के परिसर से बार्न वीटा का एक नमूना संग्रहित किया गया, सेठ ऐजेन्सी, 121 आपोजिट पंजाब नेशनल बैंक रेलवेगंज हरदोई के परिसर से पीडिया श्योर का एक नमूना संग्रहित किया गया, मेसर्स श्याम ऐजेन्सी, नई बस्ती रेलवेगंज के परिसर से काम्पलेन का एक नमूना संग्रहित किया गया एवं गाँधी मेडिकल ऐजेन्सी पिहानी चुँगी, हरदोई के परिसर से हारलिक्स का एक नमूना संग्रहित किया गया। इस प्रकार कुल चार नमूनें संग्रहित किये गये। खाद्य सचल दल के सदस्य खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण अनिरूद्ध सिंह गंगवार, अजीत सिंह, राम किशोर, सुभाष चन्द्र मौर्य एवं खुशीराम कार्यवाही में उपस्थित रहें।

### जिलाधिकारी ने किया कमीशनिंग की व्यवस्थाओं का निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस | हरदोई।** जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने आज मंडी में चल रही कमीशनिंग की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिया कि विधानसभा वार सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था की जाये। प्रत्येक विधानसभा के लिए 24 घंटे गार्डों की ड्यूटी लगायी जाये। उम्मीदवारों के प्रतिनिधियों के लिए निर्धारित स्थान पर पर्याप्त संख्या में कुर्सी रखी जाएं। मंडी में सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाया जाये। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के एक ही प्रवेश निश्चित किया जाये। परिसर में पर्याप्त संख्या में वीडियोग्राफर तैनात किये जाएं जो सभी गतिविधियों की वीडियोग्राफी करें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### पिहानी पुलिस ने अवैध शस्त्र फैक्ट्री का किया खुलासा दो आरोपी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस | हरदोई।** पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामी के निर्देशन में चलाए जा रहे अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध अभियान के तहत पिहानी पुलिस ने अवैध शस्त्र फैक्ट्री का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को 6 निर्मित तमंचे व एक देसी बंदूक तथा बड़ी मात्रा में शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद करते हुए गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार पिहानी के प्रभारी निरीक्षक धर्मदास सिद्धार्थ पुलिस बल के साथ रात्रि गस्त पर थे। उसी समय मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के गांव देवमल में रेलवे लाइन के पास जंगल में कुछ व्यक्तियों द्वारा अवैध शस्त्र बनाने का कार्य किया जा रहा है। पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की गई तो दो लालाराम पुत्र कृष्णपाल व विवेक पुत्र सुरेंद्र पाल निवासी बहरिबा थाना पिहानी को अवैध शस्त्र बनाते हुए मौके से गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से निर्मित दो तमंचा 315 बोर, 4 तमंचे 312 बोर व एक देसी बंदूक 312 बोर जिंदा एवं खोखा कारतूस तथा शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद करते हुए उन्हें जेल भेज दिया।एएसपी पश्चिमी मार्तंड प्रकाश सिंह ने बताया कि गिरफ्तार दोनो आपराधिक किस्म के है। एक के खिलाफ तीन व दूसरे के खिलाफ दो मुकदमे पूर्व में पंजीकृत हैं।

## दुल्हन के भाइयों ने दूल्हे को दौड़ाया

**जन एक्सप्रेस | बरेली**

बरेली के किला थाना क्षेत्र में पत्नी बनी प्रेमिका से सामाजिक तौर पर सात फेरे लेने घोड़ी से आए दूल्हे को दुल्हन के भाइयों ने बीच रास्ते में रोक लिया। आरोपियों ने तमंचे से उस पर फायर कर दिया। इससे वह बाल-बाल बच गया। दूल्हे ने रिपोर्ट दर्ज कराई तो पुलिस ने दुल्हन के भाई समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गांव नेकपुर के दुर्वेश ने बताया कि उनके साले पवन यादव निवासी केला बाग ने पिछले साल मधु पाल से प्रेम विवाह कर लिया था। विवाह से मधु के परिजन नाराज थे। मंगलवार को पवन सामाजिक रूप से मधु के साथ सात फेरे लेने जा रहा था। पवन दूल्हा बनकर घोड़ी पर बैठ गया। अलखनाथ मंदिर की तरफ बरात चढ़ने लगी। इश्क में बदला मजहब: बिहार की शमा परवीन बनीं पूनम, शिवम संग लिए सात फेरे; ऐसे शुरू हुई थी प्रेम कहानी इसी दौरान मधु पाल के भाई राजीव और कुलदीप तमंचा लेकर आ गए। दोनों ने दूल्हा बने पवन पर फायरिंग कर दी। पवन ने घोड़ी से उतरकर भागकर जान बचाई।

## जिलाधिकारी ने घर घर बाँटा मतदाता जागरूकता कैलेंडर

**जन एक्सप्रेस | हरदोई**

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत आज रफ़ी अहमद किदवई वार्ड में घर घर जाकर मतदाता जागरूकता कैलेंडर व पम्पलेट वितरित किये तथा अक्षत व पुष्प देकर मतदान हेतु प्रेरित किया। रफ़ी अहमद किदवई इंटर कॉलेज में आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में भारी मतदान कर पिछले कम मतदान के दाग को मिटाना है। 13 मई दिन सोमवार को बूथ पर जाकर मतदान करना है। बच्चे अपने माता पिता को मतदान के लिए प्रेरित करें। उन्होंने बताया कि मतदान दिवस को बूथों पर अच्छी व्यवस्थाएं देखने को मिलेंगी।एसपी केशव चन्द्र गोस्वामी ने कहा कि सभी मतदाता निर्भीक होकर मतदान करें। मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी ने कहा कि मतदान दिवस को लोकतान्त्रिक पर्व के रूप में मनाएं। उपनिदेशक कृषि डॉ नंदकिशोर ने कहा कि 13 मई दिन सोमवार को अपने मस्तिष्क में बिठा लें और अपने बूथ को फिसड्डी की श्रेणी में न जाने दें। कॉलेज के प्रधानचार्य डॉ अमित वर्मा ने कहा कि जिलाधिकारी की ओर से मतदाताओं को जागरूक करने के काफ़ी प्रयास हुए हैं जो निश्चित ही सफल होंगे। जिलाधिकारी ने तीन महिला मतदाताओं को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। उन्होंने उपस्थित सभी मतदाताओं व विद्यार्थियों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलायी। इसके उपरांत कॉलेज परिसर से जिलाधिकारी ने मतदाता जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया रैली धर्मशाला रोड, सिनेमा चौराहा, सोल्जर बोर्ड चौराहा होते हुए कलेक्ट्रेट के गेट नंबर 1 पर समाप्त हुई। रैली मार्ग में विभिन्न स्थानों पर आम नागरिकों द्वारा पुष्प वर्षा कर रैली का स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार व अपर जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम आदि उपस्थित रहे।

## घरेलू विवाद में युवक ने अपने घर मे लगाई आग

**पड़ोसी दो लोगों की झोपड़ी जलकर राख, एक मवेशी की मौत**

**जन एक्सप्रेस | हरदोई**



**हरपालपुर।** अरवल थाना क्षेत्र के बारामऊ गांव में शुक्रवार की दोपहर घरेलू विवाद में एक युवक ने अपने घर मे आग लगा दी। जिससे दो पड़ोसियों की झोपड़ियां भी आग से जलकर राख हो गयी तथा गाय की एक बछिया की आग से जलकर मौत हो गयी।हालांकि कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीण आग बुझाने में कामयाब हो गए।आरोपी युवक को पुलिस ने हिरासत में लिया है।

जानकारी के अनुसार अरवल थाना क्षेत्र के बारामऊ गांव निवासी कल्लू दुबे के पुत्र अंकुर व मुल्लन के बीच शुक्रवार की दोपहर किसी बात को लेकर घरेलू विवाद हो गया। इसी विवाद के चलते कल्लू के पुत्र ने अपने घर मे आग लगा दी। तेज हवा व आग की लपटों की चपेट में आने से गांव निवासी रामभजन पुत्र वृंदावन व छोटेलाल पुत्र रतीराम की झोपड़ियां भी आग से जलकर राख हो गयीं।झोपड़ियों में रखा भूसा व अनाज भी आग की लपटों में जलकर राख हो गया। उधर घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से आग बुझाने में कामयाबी हासिल करते हुए रूई युवक को हिरासत में लिया है। इस अग्निकांड में गाय की एक बछिया की जलकर मौत हो गयी। थानाध्यक्ष सोमपाल गंगवार ने बताया कि शिकायत मिलने पर आरोपी युवक को हिरासत में लिया गया है तथा मृत बछिया के पोस्टमार्टम हेतु पशु चिकिसाधिकारी को सूचित कर दिया गया है।तथा मामले की जांच की जा रही है।

### आग से झुलसे मासूम की उपचार के दौरान मौत

**जन एक्सप्रेस | बहराइच।** घर में लगी आग से झुलसे पांच वर्षीय मासूम बालक की उपचार के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। रानीपुर थाना क्षेत्र के जिगनिया महपाल चौथीपुरवा गांव निवासी जयचंद्र के घर पर बीती 18 अप्रैल को आग लग गई थी। जिसमें उसका गृहस्थी का सामान के साथ ही एक मवेशी जल गया था। वहीं आग से पांच मासूम वर्षीय भी झुलस गया था। पिछले 14 दिन से उसका उपचार चल रहा था। उपचार के दौरान बृहस्पतिवार की सुबह उसने घर पर दम तोड़ दिया।

## बैंक से जुड़कर योजनाओं का उठाएं लाभ-वेद प्रकाश पांडेय

**बैंक ऑफ इंडिया ने शिविर लगाकर लोगो को दी बैंकिंग जानकारी**

**जन एक्सप्रेस | हरदोई**




**हरपालपुर।** बैंक ऑफ इंडिया के अधिकारियों द्वारा सांडी विकास खण्ड की चौंसार ग्राम पंचायत में शिविर आयोजित कर लोगों को बैंक द्वारा चलाई जा रही तमाम योजनाओं के बारे में जानकारियां दी गईं। बैंक अधिकारियों द्वारा शिविर में उपस्थित लोगों को मुख्य रूप से बीमा योजना, मुद्रा योजना एवं केसीसी जैसी लाभदायक योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए लोगो की बैंक सम्बन्धी समस्याओं का निदान किया गया। मुख्य रूप से प्रधानमंत्री बीमा योजना व आधार कार्ड को बैंक से जोड़ना एवं मोबाइल नंबर के माध्यम से अपने बैंक का बैलेंस जानना एवं बैंक से हो रहे फ्रॉड कॉल से बचाने के साथ साथ ग्राहक सेवा केंद्र से पैसे निकालने के बाद अपनी जमा या निकासी पर्ची अवश्य प्राप्त करने के लिए लोगो को जानकारी दी गयी। बैंक कर्मियों ने लोगो से कहा कि वह अपने बैंक खाते के बारे में किसी भी अन्य व्यक्ति को जानकारी न दें। हर व्यक्ति को बैंक से जोड़ने के तरीके बताए गए तथा बैंकों के कई फायदे बताते हुए लोगों को जागरूक किया गया। इस मौके पर हरदोई जनपद के जिला अग्रणी प्रबंधक एवं एफएलसी वेद प्रकाश पांडेय, बैंक ऑफ़ इंडिया अरवल के प्रबंधक, वित्तीय सलाहकार श्याम रंजन शुक्ला, एवं सहायक वित्तीय सलाहकार अभिषेक सिंह तथा सहायक सलाहकार मंजू सिंह,पूर्व ग्राम प्रधान चौंसार अमरेश दीक्षित, ग्राम प्रधान अरवल सहित प्रमुख समाजसेवी व वरिष्ठ नागरिक राम प्रकाश त्रिपाठी, ब्रजेश मिश्र, देवेंद्र मिश्र, गिरिजा शंकर त्रिपाठी, पुरुषोत्तम, संजीव त्रिपाठी, राधाकृष्ण, सहित तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

### दस मई से शुरू होगा वाहनों का अधिग्रहण

**जन एक्सप्रेस | शाहजहाँपुर।** 13 मई को होने वाले मतदान के लिए करीब 2500 हल्के व भारी वाहनों को लगाए जाने से आने वाले दिनों में सफर करना मुश्किल होगा। मतदान से पहले ही वाहनों के अधिग्रहण का कार्य शुरू हो जाएगा। वर्तमान में परिवहन निगम की 24 बसों को चुनाव के लिए भेजा गया है। लंबी दूरी के मार्ग से हटाई गईं बसों के चलते दिल्ली जाने वाले यात्रियों को परेशानी हो रही है। दस मई से सफर करना अधिक मुश्किल हो जाएगा। अधिकारियों के अनुसार, मतदान के लिए 2500 वाहनों को लगाया गया है। इनमें आठ सौ बसें, मिनी बस, ट्रक आदि लगाए हैं। 1200 छोटे वाहन लगाए गए हैं। पांच सौ अन्य वाहनों को लगाया है। इन वाहनों का अधिग्रहण दस मई से शुरू कराते हुए खड़ा करा लिया जाएगा। अनुबंधित बसों, जीप, मैजिक समेत अन्य वाहनों का अधिग्रहण होने से यात्रियों के लिए बड़ा संकट खड़ा होने वाला है। उन्हें सफर करने के लिए वाहन तक मिलना मुश्किल है। ऐसी स्थिति में चार से पांच दिन तक आमजन के लिए वाहन दौड़ना संभव नहीं होने से यात्रियों को दिक्कतें आएगी। रोडवेज की बसों को लंबी दूरी के मार्ग से हटाकर चुनाव में भेजने की वजह से यात्रियों के सामने दिक्कत आ रहीं हैं। रात में बसें नहीं होने से यात्रियों की बस स्टैंड में भारी भीड़ लग रही है। मतदान के लिए अनुबंधित बसों को लगाया जा सकता है। ऐसे हालात में यात्रियों के लिए बसें उपलब्ध कराने का खाका तैयार कर रहे हैं। आरएस पांडेय, एआरएम 2500 वाहनों को अधिग्रहण किया जाएगा। संबंधित वाहन चालकों को पुलिस के जरिये नोटिस भेज दिए गए हैं। सड़क पर मिलने वाले वाहनों को नोटिस दे भी रहे हैं।

## स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान



**विश्व बंधु शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज में छात्र-छात्राओं को किया गया जागरूकता**

**जन एक्सप्रेस | हरदोई**

**सांडी।** मतदाता जागरूकता अभियान के तहत बच्चों को मतदान के लिए जागरूक किया गया। छात्र-छात्राओं को अधिशासी अधिकारी जयप्रकाश सिंह ने सभी छात्र-छात्राओं व शिक्षकों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलायी छात्र-छात्राओं को शपथ दिलाने के बाद अधिशासी अधिकारी जयप्रकाश सिंह ने नगर पालिका टीम के साथ घरों में जाकर जनसंपर्क अभियान शुरू कर दिया है तस्वीरों में आप देख सकते हैं किस तरीके से अधिशासी अधिकारी जयप्रकाश सिंह मतदाताओं से हाथ जोड़कर 13 मई को मतदान करने के लिए अपील कर रहे हैं अधिशासी अधिकारी जयप्रकाश सिंह ने कहा 13 मई को पहले मतदान करें उसके बाद फिर जलपान करे इस प्रकार अधिशासी अधिकारी ने नगर पालिका टीम के साथ साण्डी कस्बे के मोहल्ला भटपुरी और खालसा, रायटोला आदि कई मोहल्ले में जाकर मतदान करने के लिए घर-घर जाकर मतदाताओं को जागरूक किया है। इस मौके पर अधिशासी अधिकारी जयप्रकाश सिंह, लिपिक मोतीलाल आदिल मोहम्मद सलमान आदि नगर पालिका कर्मचारी मौजूद रहे।